

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 16 मार्च 2023 ■ चैत्र कृष्ण पक्ष -9 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-344 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 17 मार्च 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# बेरोजगारी व सीएमआईई के आंकड़ों पर सदन में हंगामा, वॉकआउट

### छग में बेरोजगारी दर कम होना गर्व की बात :सीएम

**रायपुर 16 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

प्रश्नकाल में आज बेरोजगारों की संख्या और रोजगार का मुद्दा उठा। प्रश्नकाल में अजय चंद्राकर ने सवाल उठाया कि बेरोजगारों की संख्या कितनी है। बेरोजगारी का आकलन करने वाली सीएमआईई की मान्यता को लेकर आज सदन में जोरदार बहस हुई। सीएमआईई के मान्यता पर मंत्री उमेश पटेल ने कहा कि ये एक निजी संस्था है, इस संस्था के आंकड़े को सरकार मान्यता नहीं देती है। इस जवाब के बाद अजय चंद्राकर ने सवाल किया कि संस्था को क्या 2 करोड़ का विज्ञापन दिया गया? जवाब में मंत्री उमेश पटेल ने स्वीकार किया कि 2 करोड़ का विज्ञापन दिया गया, हालांकि बाद में इस जवाब पर संशोधित उत्तर भी मंत्री उमेश पटेल का आया, जिसमें उन्होंने कहा कि आंकड़े देने वाली संस्था को विज्ञापन नहीं दिया गया, बल्कि उस आंकड़ों के आधार मीडिया माध्यमों को विज्ञापन दिये गये। अजय चंद्राकर ने कहा कि एक तरफ सरकार सीएमआईई को मान्यता नहीं देने की बात कहती है, दूसरी तरफ उसे 2 करोड़ का विज्ञापन भी देती है।



इस मामले को अनियमितता से जोड़ते हुए अजय चंद्राकर ने 2 करोड़ के विज्ञापन के रिकवरी की मांग की। इस मुद्दे पर सदन में जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष बार बार उसे अनियमितता की श्रेणी में आने की बात कहता रहा। इसी सवाल पर सौरभ सिंह ने कहा कि जिस संस्था को मान्यता नहीं, उस संस्था को कैसे भुगतान होगा?

इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री जवाब देने खड़े हुए, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि किसी आंकड़ों के लिए हमें आधार तो लेना होगा ? छत्तीसगढ़ में अगर सबसे कम बेरोजगारी है, तो उसके लिए विपक्ष को बधाई देना चाहिये, लेकिन यहां ये अलग बातें कह रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने हेड काउंट क्यों कराया, आंकड़े के लिए हमलोग आधार लेते रहे हैं। इस चर्चा में विधानसभा स्पीकर डॉ. चरणदास महंत और सीएम भूपेश बघेल भी शामिल हुए. उन्होंने मंत्री उमेश पटेल को रोजगार पंजीयन कार्यालयों को वेल इक्विप्ड करने के निर्देश दिए. नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार इस गंभीर मुद्दे पर सही जवाब नहीं दे रही है। वो केंद्र सराकर और मोदी का नाम ले रही है। ऐसे जवाब विपक्ष असंतुष्ट है, इसलिए विपक्ष वाकआउट करता है।

### सत्यनारायण शर्मा के सवाल पर घिरे उमेश पटेल

**रायपुर,16 मार्च।** कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा ने महाविद्यालय को आवंटित राशि और व्यय का मामला उठाया। उन्होंने उच्च शिक्षा और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री से 1 जनवरी 2020 से महाविद्यालय को आवंटित राशि और व्यय का ब्यौरा पूछा। उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने जवाब देते हुए कहा कि वर्ष 2020 से अब तक महाविद्यालयों को 21. 93 करोड़ रुपए की राशि आंबटित की गई है। कही भी कोई गड़बड़ी की शिकायत नहीं मिली है। अगर कोई शिकायत मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपाइयों पर फेंका गया बम : साव

**रायपुर,16 मार्च**

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने वीडियो जारी कर कहा कभी ऐसा नही होता कि भीड़ में अश्रु गैस फेंका जाए. विधानसभा घेराव के दौरान हत्या के इरादे से कार्यकर्ताओं पर बम फेंका गया था. उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं पर लाठियां बरसाई गयी, बम दागे है, प्रशासन ने बर्बरता किया. सत्ता के इशारे पर बर्बरता करेंगे तो समय परिवर्तन में देर नहीं लगता. हमारी नजर हैं उन पर जो सरकार के इशारे में बर्बरता कर रही है. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने विधानसभा घेराव के दूसरे दिन मीडिया से रू-ब-रू हुए. उन्होंने कहा कि कल जिस प्रकार से बम फेंका गया जलियांवाला बाग कांड को याद दिलाने वाला है. हितग्राही आपसे मांग करने आये थे, उन हितग्राहियों के हमने चरण पखारे, लेकिन सरकार ने पानी की बौछार की, जेल में डाला. उन्होंने कहा कि 2011 की सर्वे सूची तब बनी, जब सोनिया गांधी चेयर पर्सन थीं, उस सूची को आपने नकारा. आपके ही सरकार के प्रमुख मंत्री नम्बर 2 स्थान रखने वाले ने पत्र लिखा. क्या इसे झुठला सकते हैं? उन्होंने कहा कि सरकार 2.5 करोड़ जनता पर लाठी चलाएगी, एक परिवार की सेवा करेगी. कल का आंदोलन जन आंदोलन था. इसमें सभी हितग्राही थे, अपने हक के लिए आये थे. बेरिकेडिंग, अश्रु गैस के गोले, लाठियां हमारे हौसले नहीं तोड़ेंगे. सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि आप केंद्र की योजनाओं पर काम नहीं करते हैं. सूची पर सवाल उठाते हैं. क्या आप ममता बनर्जी की राह पर चल रहे?

जनगणना कराने के सवाल पर अरुण साव ने कहा कि पूरे देश में उसी सूची पर काम हो रहा है. 2011 की सर्वे सूची के आधार पर पूरे देश और को कांग्रेस शासित राज्यों में दिया गया है. लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार बचना चाह रही. सरकार को अपने ही पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पर भरोसा नहीं करती.उन्होंने कहा कि 2016 से पीएम आवास योजना शुरू हुई. 2011 सर्वे सूची के आधार पर पूरे देश भर में चला. हमनें 7.56 लाख परिवारों को पक्का मकान बनाकर दिया. कांग्रेस की सरकार ने लटकाने भटकने का काम किया. कांग्रेस सरकार ने कहा कि प्रधानमंत्री शब्द जुड़ा है इसलिए नहीं देंगे. 16 लाख ग्रामीणों को योजना के लाभ से वंछित रखा. 4 लाख शहरों में रहने वालों को इस योजना से वंचित रखा.

### नशीली टेबलेट का मुद्दा सदन में उठा

**रायपुर 16 मार्च ।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज नशीली टेबलेट और सोलूशन बिक्री का मुद्दा उठा। अनिता योगेंद्र ने प्रश्नकाल ने इस मुद्दे को उठाया। अनिता योगेंद्र ने आरोप लगाया उनका क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र है, इसकी वजह से वहां नशे की प्रवृत्ति ज्यादा है। अधिकारियों कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है। एक दो दिन के लिए बंद किया जाता है, फिर से नशा चालू हो जाता है। इस मामले में अनिता योगेंद्र ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जवाब में स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि ऐसे प्रकरण में कार्रवाई का स्पष्ट उल्लेख नहीं है, इसलिए कार्रवाई के नाम पर एक दिन दो दिन के लिए कार्रवाई होती है। मंत्री ने आश्वस्त किया है कि अगर ऐसे मामले में संज्ञान में आते हैं तो जरूर कार्रवाई की जायेगी।

## अवैध शराब बिक्री की जांच के निर्देश

**रायपुर,16 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

विधानसभा में सत्तापक्ष के विधायकों ने शराब पर सरकार को घेरा. विधायक गुलाब कमरो ने मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले में आबकारी विभाग से पंजीकृत क्लब के विरुद्ध प्राप्त शिकायत के संबंध में जानकारी मांगी. उन्होंने पूछा कि कितने क्लब क्षेत्र में संचालित है और संचालक के विरुद्ध आई शिकायतों पर किस प्रकार से कार्रवाई हुई है. इस पर मंत्री कवासी लखमा ने कहा, अवैध शराब बिक्री वाले ढाबा, होटल पर जांच कराकर कार्रवाई करेंगे. विधायक के प्रश्न का जवाब देते हुए मंत्री कवासी लखमा ने कहा, जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर में एक क्लब संचालित है. उस क्लब के विरुद्ध 3 शिकायत प्राप्त हुई है. शिकायतों की जांच किए जाने पर 2 शिकायतों की पुष्टि नहीं हुई है. एक शिकायत सही है.

विधायक गुलाब कमरो ने क्लब संचालक पर कार्रवाई की मांग की. उन्होंने पूछा, क्या क्लब का लाइसेंस निरस्त करेंगे? लोग क्लब से मदिरा लेकर कलेक्टर कार्यालय में जाकर बैठ रहे. इस पर मंत्री कवासी लखमा ने कहा, कोई आपसी लड़ाई हुई होगी, एक माह के भीतर जांच कराई जाएगी. विधायक डॉ विनय जयसवाल ने कहा, मध्यप्रदेश के बॉर्डर से छत्तीसगढ़ में शराब लाई जा रही है. कई अवैध ढाबे और होटल में शराब की बिक्री हो रही. मध्यप्रदेश की अवैध शराब छत्तीसगढ़ में खपाई जा रही है. इस पर कार्रवाई हो. इस मामले में आसंदी ने टिप्पणी की और कहा, शराब का विषय गंभीर है. मंत्री जांच कराएं. इस पर मंत्री कवासी लखमा ने कहा, क्लब के मामले में 1 माह के भीतर कार्रवाई करके जानकारी दी जाएगी. आपके आदेश के साथ अवैध शराब बिक्री वाले ढाबा, होटल पर भी जांच कराकर कार्रवाई करेंगे।

### खाद्य मंत्री पर नाराज हुए स्पीकर

छत्तीसगढ़ विधानसभा में गुरुवार को स्पीकर डॉ. चरणदास महंत का उग्र रूप दिखा. छत्तीसगढ़ में रोजगार और बेरोजगारी दर के मुद्दे पर चर्चा के दौरान पहले आबकारी मंत्री कवासी लखमा, फिर खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने अजय चंद्राकर द्वारा बार-बार प्रश्न पूछने पर आपत्ति की. इस पर स्पीकर डॉ. महंत भड़क गए. वे आसंदी पर खड़े हो गए और कहा कि सवाल गंभीर है. एक दो तीन चार पांच जितनी जरूरत, उतने सवाल पूछने की अनुमति दूंगा. यह आप मेरे ऊपर छोड़िए. चंद्राकर जब सवाल पूछने के लिए खड़े हुए तो पहले आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने आपत्ति जताई कि मंत्री ने स्पीकर के पूछने पर सारी जानकारी उपलब्ध कराई है और कितना सवाल पूछेंगे. स्पीकर ने उन्हें बैठने के लिए इशारा किया. इसके बाद चंद्राकर फिर सवाल पूछने लगे तो खाद्य मंत्री भगत ने फिर आपत्ति जताई. भगत ने कहा कि कितना अनुपूरक प्रश्न पूछेंगे. 15-20 से ऊपर पूछ चुके हैं.

# राहुल बोले- मेरा बोलना भाजपा को पसंद नहीं

### मैं अपनी बात रखूंगा, बशर्ते वे मुझे बोलने दें

**नई दिल्ली,16 मार्च।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी गुरुवार को संसद की कार्यवाही में शामिल होने पहुंचे। राहुल ने लंदन में उनके बयान को लेकर मीडिया से बात की। उन्होंने कहा- मैंने लंदन में भारत के खिलाफ कुछ नहीं कहा था। अगर संसद में मुझे बोलने का मौका मिलेगा, तो मैं अपनी बात रखूंगा। उन्होंने आगे कहा कि मेरा बोलना भाजपा को पसंद नहीं आता है। इससे पहले, गुरुवार सुबह 11 बजे संसद की कार्यवाही शुरू होते ही दोनों सदनों को 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया था। दोपहर बाद कार्यवाही शुरू होने पर एक बार फिर हंगामा होने पर दोनों ही सदन दिनभर के लिए स्थगित कर दिए गए। इससे पहले केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा था कि अगर राहुल गांधी कुछ कहते हैं और उनकी वजह से कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती हैं तो इस मामले में हम कुछ नहीं कर सकते। लेकिन अगर वे देश का अपमान करेंगे तो एक भारतीय के तौर पर हम चुप नहीं रह सकते। उन्होंने कहा कि राहुल को इस मामले में माफी मांगनी चाहिए। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि इससे पहले कई मौकों पर मोदी विदेश जाकर देश के खिलाफ बोले हें। ऐसे में सवाल ही नहीं उठता है कि राहुल अपने बयान को लेकर माफी मांगें। कांग्रेस नेताओं ने कहा- अडाणी मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा गैरजरूरी बातें कर रही। दिग्विजय सिंह ने कहा कि राहुल जी ने लंदन में ऐसा क्या कहा था, जो उन्होंने भारत में नहीं कहा। मोदी ने खुद भी पिछली सरकारों को लेकर कहा है कि पहले उन्हें भारत में जन्म लेने को लेकर शर्म आती थी। क्या यह देश की बेइज्जती करने में नहीं गिना जाएगा? ये सारे मुद्दे और कुछ नहीं, बल्कि अडाणी मामले में संसदीय कमेटी के गठन को लेकर चर्चाओं से बचना है। पवन खेड़ा ने कहा कि जब भी कांग्रेस अडाणी मुद्दे को लेकर पार्लियामेंट्री कमेटी बनाने की मांग करती है, तो ध्यान भटकाने के लिए भाजपा सत्र स्थगित करवा देती है। भाजपा को डर है कि कहीं सदन में कोई अडाणी का नाम न ले ले।



### केंद्र ने भारी पुलिस बल लगाकर विपक्ष को ईडी जाने से रोका : संजय सिंह

**नई दिल्ली 16 मार्च।** आम आदमी पार्टी से सांसद संजय सिंह ने राज्यसभा में 267 का नोटिस दिया है। उन्होंने अडानी समूह पर चर्चा की मांग की, साथ ही विपक्षी सांसदों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को ज्ञापन देने से रोके जाने का भी मुद्दा उठाया। संजय सिंह ने कहा कि अडानी घोटाले पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच की मांग करते हुए आम आदमी पार्टी सहित करीब 16 दलों के विपक्षी सांसद जापन सौंपने प्रवर्तन निदेशालय जा रहे थे, लेकिन केंद्र सरकार द्वारा भारी पुलिस बल लगाकर ज्ञापन देने से रोक दिया गया।

# विस घेरने जा रहे भाजपा कार्यकर्ताओं पर बम फेंकने का आरोप, विस में हंगामा

### स्थगन प्रस्ताव अग्राह्य, नारेबाजी

**रायपुर,16 मार्च।** विधानसभा में बजट सत्र के दौरान गुरुवार को शून्यकाल में विधानसभा घेराव के दौरान नेता और कार्यकर्ताओं पर आंसू गैस फेंकने और लाठी चार्ज करने पर भाजपा स्थगन लेकर आई. आसंदी ने स्थगन प्रस्ताव को अग्राह्य किया, लेकिन भाजपा स्थगन पर चर्चा के लिए अड़ी रही. सदन में सत्तापक्ष और विपक्ष एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी करने लगे. शोरगुल के बीच सदन की कार्यवाही पांच मिनट के लिए स्थगित कर दी गई.

भाजपा विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि गंभीर मुद्दे पीएम आवास को लेकर घेराव कर रहे थे, लेकिन नेताओं पर लाठीचार्ज किया गया. विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि कार्यकर्ताओं पर मिर्ची बम फेंका गया, नेताओं पर बर्बरता पूर्वक कार्रवाई की गई. विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि कांग्रेस अगर चाहती है कि हम दमन करके भाजपा को दबा देंगे, तो इनसे भाजपा डरने वाली नहीं है. विधायक सौरभ सिंह ने कहा कि पुलिस द्वारा जिस प्रकार की कार्रवाई की गई, हमारे कई नेता आज भी अस्पताल में भर्ती हैं. विधायक रंजना साहू ने कहा कि गरीबों से नफरत करने वाली सरकार है, सरकार ने राजधर्म नहीं निभाया. महिलाओं पर लाठीचार्ज की कोशिश की गई. पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ के इतिहास में कभी ऐसी घटना हुई हो याद नहीं. वंचितों को पीएम आवास देने की मांग हो रही थी, पर हितग्राहियों पर भी कार्रवाई हुई. नेताप्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि 16 लाख लोगों को आवास देना था, जिसका आक्रोश फूटा और वंचित लोग राजधानी पहुंचे, लेकिन उनके साथ दमनकारी नीति अपनाई गई.



## जंगल से गांव पहुंचा वन भैंसा

**बलौदाबाजार,16 मार्च।** जंगल से भटककर वन भैंसा जिले के ग्राम दशरमा में पहुंच गया. जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ इक्ठ्ठा हो गई. हालांकि, मामले की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई. जिसे जंगल वापस भेजने की तैयारी में जुट गया है. वन भैंसा पानी और चारे की तलाश में ग्राम दशरमा पहुंचा होगा. जो बार नवापारा जंगल से भटककर गांव आ गया था. वन भैंसा को देखते ही ग्रामीणों के बीच हड़कंप मच गया. जिसके बाद मामले की जानकारी वन विभाग को दी गई. रेंजर आईपी खुटे ने बताया कि, वनभैंसा बारनवापारा से चारे की तलाश में रात में भटककर गांव आ गया है. जिसे वन विभाग की टीम जंगल की ओर वापस भेजने की तैयारी कर रही है.

### नक्सलियों से मुठभेड़, भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

**सुकमा,16 मार्च।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने बृहस्पतिवार सुबह नक्सलियों के साथ मुठभेड़ के बाद भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है. पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि सुकमा के किस्टाराम थाना क्षेत्र के सकलेर गांव के करीब सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद हुआ है. अधिकारियों के मुताबिक, डब्बामरका शिविर से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की कोबर बटालियन और एसटीएफ के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए बृहस्पतिवार सुबह छह बजे के आसपास सकलेर गांव की तरफ रवाना किया गया था. अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान सुबह सात बजे के आसपास सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें नक्सलियों को भारी नुकसान पहुंचा. अधिकारियों के अनुसार, लगभग 45 मिनट तक चली मुठभेड़ के दौरान छह नक्सली घायल होकर भागते हुए देखे गए. उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से भारी मात्रा में बैरल ग्रेनेड लॉन्चर और अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद की है.



### महिला विश्व मुक्केबाजी-2023, नई दिल्ली में 26 मार्च तक

# मुक्केबाजी में भारतीय महिलाओं के लिए सुअवसर

**जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

सदियों पहले से खेलकूद मनुष्य के जीवन का अंग रहा है। इसका स्वरूप भले ही बदलता रहा लेकिन खेल की प्रतियोगिता कभी नहीं रुकी। मुक्केबाजी बहुत पुराना खेल है। मानव सभ्यता के इतिहास में शुरुवाती तौर पर यह खेल खुले हथेलियों से दो प्रतिद्वंद्वियों के बीच खेला जाता था। ईसा से 6 हजार वर्ष पूर्व सबसे पहले वर्तमान इथियापिया में मुक्केबाजी खेल के प्रमाण पाये जाते हैं। फिर मुक्केबाजी कला का यह खेल इजिप्त (मिस्र) पहुंचा जहां से यूनान, मिसोपोटानिया होते हुए रोम पहुंचा और इस खेली को विश्वव्यापी लोकप्रियता मिली। यूनान में प्राचीन ओलंपिक खेल ईसा पूर्व 776 में आरंभ हुए जबकि ईसा पूर्व 688 में मुक्केबाजी को शामिल किया गया। अनुमान है यह खेल ईस्वी सन. 385 तक जारी रहा। फिर इस खेल की जानकारी ग्रेट ब्रिटेन में 16वीं से 18वीं शताब्दी में पाई जाती है। इस खेल की लोकप्रियता धीरे-धीरे बढ़ने लगी तब 1867 में मार्केस ऑफ क्वींसबेरी रुल्स के लागू होने से मुक्केबाजी को नई दिशा मिली। 1904 से इसे आधुनिक ओलंपिक खेलों में शामिल किया गया तथा 1912 के स्टाकहोम (स्वीडन) ओलंपिक खेलों को छोड़कर अब तक सम्पन्न सभी संस्करणों में इसे शामिल किया गया है। 2008 तक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में सिर्फ पुरुषों की ही स्पर्धा होती थी लेकिन 2012 से महिलाओं के मुकाबले भी शुरु हुए। इसी तरह इंटरनेशनल बाक्सिंग एसोसिएशन (आईबीए) जिसका गठन 29-30 नवंबर 1946 को हुआ था। उनके द्वारा मुक्केबाजी की विश्व स्पर्धा का आयोजन पुरुष वर्ग के लिए 1974 जबकि महिलाओं की चैंपियनशिप 2001 से आरंभ की गई। नई दिल्ली में 15 मार्च 2023 से महिला वर्ग की प्रतियोगिता शुरु हो रही है। इसमें 12 वजन वर्गों में




मुकाबले होंगे। सभी वजन वर्ग में इस प्रकार हैं- 45-48 (मीनिममवेट), 48-50 लाइट फ्लायवेट, 50-52(फ्लायवेट), 52-54 (बेंटमवेट), 54-57 (फीदर वेट), 57-60 (लाइट वेट), 60-63 लाइटवेल्टरवेट, 65-66 (वेल्टर वेट), 66-70 (लाइट मिडिलवेट), 70-75 (मिडिल वेट), 75-81 (लाइट हैवीवेट), 81 किलोग्राम से अधिक हैवीवेट वर्ग होता है। महिलाओं की यह विश्व स्पर्धा इसके पहले भारत में वर्ष 2006, 2018 में भी सम्पन्न हो चुकी है। 2001 से 2022 तक की प्रतियोगिता में भारत की मुक्केबाजों ने 10 स्वर्ण, 8 रजत, 21 कांस्य सहित 39 पदक हासिल किया है। आल टाइम मेडल टेबल में हमारी मुक्केबाजों ने भारत को बहुत सम्मान दिया है और दुनिया के 50 देशों में चौथा स्थान प्राप्त किया है। भारत की महान महिला मुक्केबाजी एमसी मेरीकाम ने 48, 45, 46, 51 किलोग्राम वजन वर्ग में 6 स्वर्ण, एक रजत, एक कांस्य सहित 8 पदक जीतकर अद्भुत कीर्तिमान स्थापित किया है जो कि एक विश्व रिकार्ड है। भारत की ओर से इस विश्व चैंपियनशिप में पहला पदक 2002 में 45 किग्रा वर्ग में भारत की एमसी मेरीकाम ने जीता था। उनके अलावा अब तक मीनाकुमारी, करमजीत कौर, ज्योत्सना ने कांस्य, 2005 में सरिता देवी, सी.अश्वाथिमोल, ज्योत्सना ने कांस्य, 2006 में सरिता देवी ने स्वर्ण, उषा नागिस्टी ने रजत, छोटू लवरा, अरुणा मिश्रा, रेणु गोरा ने कांस्य, 2008 में उषा नागिस्टी ने रजत, छोटू लवरा ने कांस्य पदक जीतकर भारत का नाम रौशन किया। 2010, 2012 में कविता चहल ने कांस्य, 2014 में सूरजबाला देवी तथा स्वीटी ने रजत, 2016 में सोनिया लदेर ने रजत, 2018 में सोनिया चहल ने रजत, सिमरनकौर, लवलीना बोरगेहन ने कांस्य पदक जीता। 2019 में मंजू रानी ने रजत साथ ही जमुना बोरो, लवलीना बोरगेहन ने कांस्य पदक जीता। 2022 में भारत की निखत जरीन ने स्वर्ण, मनीषा मौन ने कांस्य पदक जीता। मरीकाम ने 2002, 2005, 2006, 2008, 2010, 2018 में स्वर्ण, 2001 में रजत जबकि 2019 में कांस्य पदक जीता। इसत रह आधुनिक काल में भारत की महिलाओं के लिए इस खेल में अपार संभावना है।

## संक्षेप

### छत्तीसगढ़ में बदला मौसम का मिजाज

**रायपुर,16 मार्च।** प्रदेश में गर्मी का शीतम शुरू हो गया है। बढ़ती गर्मी के बीच आज छत्तीसगढ़ के मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। लोगों आज गर्मी से राहत मिली है। तापमान 2 से 3 डिग्री गिरने की संभावना है। अधिकतम तापमान 34 डिग्री तक होने की संभावना है। प्रदेश में आज हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना है। अंधड़ के साथ ओलावृष्टि की भी संभावना है। वहीं आज सुबह 9 बजे राजधानी रायपुर में हवाओं के बारिश शुरू हुई है।

### संसद के दोनों सदनों में जबरदस्त हंगामा

**नई दिल्ली,16 मार्च।** संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा में गुरुवार को भी जोरदार हंगामा हुआ। हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही को दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया था। बीजेपी राहुल गांधी द्वारा लंदन में दिए बयान को लेकर कांग्रेस को घेर रही है, जबकि विपक्षी दल अदाणी के मुद्दे पर जेपीसी की मांग को लेकर सरकार पर निशाना साध रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी लंदन से लौट चुके हैं। राहुल गांधी आज संसद की कार्यवाही में हिस्सा लेंगे। कहा जा रहा है कि राहुल लंदन में दिए अपने बयान को लेकर पत्रकारों से बातचीत कर सकते हैं।

### डिवाइडर से टकराकर ट्रक में लगी आग

**पिथौरा,16 मार्च।** राष्ट्रीय राजमार्ग 53 में रायपुर से ओडिशा की ओर जा रही ट्रक सड़क किनारे डिवाइडर से जा टकराने से गाड़ी में आग लग गई. चालक ने ट्रक से कूदकर जान बचाई. वहीं ट्रक जलकर राख हो गया है. यह घटना साकरा थाना क्षेत्र के लोहराकोट गांव के पास की है. मिली जानकारी के मुताबिक, रायपुर सिलतरा से कच्चा माल लोड कर ओडिशा के झारसुगड़ा जा रही ट्रक सड़क डिवाइडर से जा टकराई. टकराने से ट्रक पर भीषण आग लग गई और ट्रक पूरी तरह से जलकर राख हो गया. ट्रक में बैठे चालक परिचालक ने कूदकर अपनी जान बचाई. ट्रक में 33 टन माल था, जिसकी कीमत लगभग 4 लाख बताई जा रही. सभी सामान जलकर राख हो गया. साकरा पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### सेना का हेलीकॉप्टर क्रैश

**नई दिल्ली,16मार्च।** सेना सूत्रों के मुताबिक भारतीय सेना का चीता हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। घटना अरुणाचल प्रदेश के मंडला पहाड़ी इलाके के पास का बताया जा रहा है। फिलहाल पायलटों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि हेलिकॉप्टर का आज सुबह करीब सवा नौ बजे हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) से संपर्क टूट गया।अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

### शिकागो-दिल्ली फ्लाइट रद्द यात्रियों में भारी रोष

**नई दिल्ली 16 मार्च।** शिकागो से दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान में काफी देरी और अंततः रद्द होने से यात्री नाराज हो गए, क्योंकि उन्होंने शिकायत की कि उन्हें देरी के बारे में अंधेरे में रखा गया और एयरलाइन ने उन्हें बीती शाम तक उनके गंतव्य तक पहुंचने की वैकल्पिक व्यवस्था के बारे में सूचित नहीं किया। शिकागो से दिल्ली जाने वाली एआई 126 फ्लाइट 14 मार्च को दोपहर 1.30 बजे (स्थानीय समय) रवाना होने वाली थी और 15 मार्च को दोपहर 2.20 बजे दिल्ली हवाईअड्डे पर पहुंचे।

## एक नजर

### क्रिकेट मैच विजेता व उपविजेता की टीम को किया गया पुरस्कृत



**कवर्धा, 16 मार्च।** कृषि उपज मंडी क्षेत्र ग्राम लासाटोला में आयोजित क्रिकेट मैच पुरुस्कार समारोह कार्यक्रम में आज मुख्य अतिथि के रूप में कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहु जी, एवम् विशिष्ट अतिथि व्यापारी प्रतिनिधि सदस्य रामफल साहु जी एवम् ग्राम के प्रमुख लोगो की उपस्थिति में आयोजित की गई ।कार्यक्रम में कृषि मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहु ने संबोधन कर खिलाड़ियों का हौसला आफजाई किया साथ कृषि मंडी निधि से ग्राम पंचायत विकास के लिए 5 लाख रु की घोषणा की साथ ही मंत्री मोहम्मद अकबर द्वारा खिलाड़ियों को 10 हजार स्वेच्छानुदान दिलाने की बात कहा,साथ ही विशिष्ट अतिथि रामफल कौशिक ने खिलाड़ियों को 5000 रु सम्मान राशि प्रदान किया ।

### दुकान के ऊपरी मंजिल के शटर का ताला तोड़ नगद व अन्य सामान चोरी

**भिलाई, 16 मार्च।** सुपेला थाना अंतर्गत बीती रात अज्ञात चोर ने दुकान के ऊपरी मंजिल के शटर का ताला तोड़कर जूते, नगद व अन्य सामान चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 380 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है सुपेला पुलिस ने बताया कि फरीद नगर सुपेला निवासी मो. शोएब की दीदार फूट वियर नाम से जूते चप्पल का दुकान है 13 मार्च की रात 9.30 बजे दुकान बंद कर शटर में ताला लगाकर अपने घर चले गया था आज सुबह 10.30 बजे दुकान आकर देखा तो दुकान के ऊपर भी एक दुकान है जो खुला हुआ था दुकान अंदर जाकर देखा तो करीब 25-30 जोड़ी जूते, गल्ले में रखे 8000 रू एवं सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर को चोरी कर ले गया है रिपोर्ट पर पुलिस मामले में चोर की तलाश में जुट गई है।

### बीएसपी ने आईओसीएल पेट्रोल पंप के परिसर को सील किया

**भिलाई, 16 मार्च।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, भिलाई इस्पात संयंत्र, नगर सेवाये द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए आई ओ सी एल की फारेस्ट एवेन्यू सेक्टर-10, में स्थित पेट्रोल पंप को कार्यपालक मजिस्ट्रेट, जिला पुलिस बल की उपस्थिति में सील कर दिया । मेसर्स आईओसीएल को बीएसपी द्वारा आबंटित लीज़ समाप्त होने के बाद और उसे नवीनीकरण के कई अवसर देने का बाद जब नवीनीकरण नहीं किया गया तो सम्पदा न्यायालय के निर्णय के अनुपालन करने के लिए यह कार्यवाही की गई । मेसर्स आईओसीएल को 21.03.1980 को फॉरेस्ट एवेन्यू (भिलाई निवास के पीछे) में पेट्रोल पंप चलाने के लिए 33 साल के लिए लॉन्ग टर्म लीज पर 18000 वर्ग फीट क्षेत्र आवंटित किया गया था। यह लीज़ दिनांक 20.03.2013 को समाप्त हो चुकी है । भिलाई इस्पात संयंत्र ने मेसर्स आईओसीएल को लीज नवीनीकरण के लिए रू 1,45,80,000/- का डिमांड नोटिस जारी किया । लीज़ नवीनीकरण शुल्क का भुगतान न होने कि स्थिति में बीएसपी ने मेसर्स आईओसीएल को पत्र दिनांक 01.07.2013, 05.08.2013, 27.08.2013, 07.02.2014 और 28.03.2014 के पत्र माध्यम से नवीनीकरण शुल्क के स्मरण पत्र भेजे । दिनांक 06.06.2014 को लीज़ नवीनीकरण शुल्क का भुगतान न करने के कारण बीएसपी द्वारा लीज़ निरस्त कर दिया गया तथा दिनांक 30.08.2014 को संपदा न्यायालय में मामला दायर किया गया। संपदा न्यायालय ने दिनांक 22.09.2017 को बीएसपी के पक्ष में आदेश पारित किया। इसके पश्चात बीएसपी ने आईओसीएल को दिनांक 07.09.2019, 06.12.2019, 17.07.2020, 22.12.2022, 19.01.2021, और 16.10.2021 के पत्रों के माध्यम से भुगतान करने के कई अवसर दिये । जिला न्यायालय, दुर्ग ने भी दिनांक 31.03.2022 को सेल/ बीएसपी के पक्ष में निर्णय दिया।

### नगर निगम में प्रॉपर्टी टैक्स जमा कर कराएं नियमितीकरण:प्रेम



**भिलाई, 16 मार्च।** भिलाई नगर व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष के प्रेमनाथ ने भिलाई के समस्त व्यापारियों से अपील की है कि अपने अपने प्रॉपर्टी टैक्स नगर निगम में जमा करावें एवं नियमितीकरण के लिए सभी दुकानदार और हाउस लीज के मकान मालिकों से भी अपील की है कि वे भी अपना प्रॉपर्टी टैक्स एवं नियमितीकरण के लिए नगर निगम में संपर्क करें और अधिक से अधिक संख्या में प्रॉपर्टी टैक्स नगर निगम में पटायें क्योंकि नगर निगम को ही अधिकार है कि राज्य शासन के संपत्ति पर संपत्ति कर लगाएं और नियमितीकरण भी करवाएं। प्रेमनाथ ने यह भी कहा कि जिन जिन लोगों ने नियमितीकरण के लिए निगम द्वारा गए लगाए गए शिविर में अपना आवेदन दिया था उन्हें भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा डराया धमकाया जा रहा है जोकि काफी निंदनीय है जिसकी भिलाई नगर व्यापारी एसोसिएशन तीव्र भर्त्सना करता है। अध्यक्ष ने यह भी कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र की हठधर्मिता एवं लापरवाही की वजह से भिलाई इस्पात संयंत्र के तहत रहने वाले लीज आवास के सभी लोग काफी प्रताड़ित हैं। छोटे-छोटे कारणों से दुकानदार और लीज के मकानों के प्रोपराइटर बेदखली अधिनियम के तहत कोर्ट में केस डालकर परेशान किया जाता है और इनकी है परंपरा काफी वर्षों से चल रही है।

# बीएसपी कर्मचारी के घर में घुसकर चोरों ने की लाखों रुपयों की चोरी



भिलाई, 16 मार्च। भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र नेहरू नगर में रहने वाले रिटायर्ड बीएसपी कर्मचारी के घर पर लाखों की चोरी का मामला सामने आया है। महज दो घंटे के अंतराल में चोर ने में घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर ने घर की अलमारी में रखे सोने व चांदी के सिक्कों के साथ नगदी भी लेकर चला गया। यही नहीं घर पर अमेरिकन डॉलर भी रखे थे उसे भी चोट उड़ा ले गया।इस मामले में रिटायर्ड बीएसपी कर्मी की शिकायत पर सुपेला पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 380- के तहत अपराध दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है सुपेला पुलिस ने बताया कि नेहरू नगर वेस्ट निवासी जगदीश प्रसाद कुदरिया रिटायर्ड बीएसपी कर्मचारी है। उन्होंने थाने पहुंचकर अपने घर पर हुई चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार 14 मार्च को जगदीश प्रसाद कुदरिया अपनी पत्नी उषा कुदरिया को लेकर शाम 6ः45 बजे सियान सदन भवन में आयोजित कार्यक्रम में गया था। लगभग दो घंटे बाद रात 8ः50 बजे घर वापस आया तो देखा कि घर के सामने लगी ग्रील का ताला टूटा है और लकड़ी का दरवाजा भी टुटा मिला जब जगदीश कुदारिया अपने घर अंदर पहुंचा तो देखा कि सामान व कपडे इधर उधर बिखरे पड़े हैं। पूजा रूम मे रखी दो आलमारी व बेडरूम में रखे 3 आलमारियों के व लाकर के ताले टूटे हुये थे। जांच करने पर आलमारी मे रखे 50 हजार रुपए नगदी व चिल्हर करीबन 20,000 रुपए नहीं था। इसके अलावा 51 चांदी के सिक्के व 1 सोने का का सिक्का नहीं था। अएक अलमारी में 115 अमेरिकन डालर रखे थे वह भी गायब मिले इसके साथ ही 5 ब्रासलेट, 1 ग्राम एडी ज्वेलरी, लेडिस पर्स मे रखे करीबन 6000 रुपए, जेन्स पर्स मे रखा इक्यूटास बैक का एटीम व करीब 3000 रुपए नगदी नहीं था। सियान सदन जाने व लौटने के बीच किसी ने घर में घुसकर चोरी की। जगदीश कुदारिया की शिकायत पर सुपेला पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अत्याधुनिक हार्डवेयर एंड सॉफ्टवेयर सुविधा सहित भिलाई में तैयार होगा बीपीओ



**भिलाई, 16 मार्च।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत युवाओं के रोजगार के लिए अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर सुविधा सहित बीपीओ तैयार होगा। इसके लिए 10 करोड़ रुपए की राशि की स्वीकृति की घोषणा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा की गई है। जिस पर तत्परता से अमल किया जा रहा है। इसके साथ ही 500 सीट की गारमेंट फैक्ट्री तैयार करने पर चर्चा की गई, इसके तैयार हो जाने से भी काफी महिलाओं को रोजगार मिल पाएगा। इन सभी महत्वपूर्ण घोषणाओं पर शीघ्रता से काम करने के लिए महापौर नीरज पाल, कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने संस्कृतिक भवन वैशाली नगर, आईटीआई कैंपस, मंगल भवन खुर्सीपार का अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण कर जायजा लिया। भिलाई में वेंडिंग जोन तैयार किया जा रहा है, इस पर शीघ्रता से काम हो रहा है, जिसका जायजा संयुक्त रूप से लिया गया। वैशाली नगर क्षेत्र अंतर्गत गौरव पथ में महिला महाविद्यालय के पास वेंडिंग जोन तैयार किया जा रहा है। बेहतर प्लेटफार्म यहां पर दुकान संचालित करने वाले लोगों को मिल पाएगा। आकर्षक कलाकृति दीवारों पर उकेरी गई है इसके साथ ही फ्लोर पर पेवर ब्लॉक लगाए गए हैं, आकर्षक प्रकाश व्यवस्था के साथ ही रोप लाइट भी यहां पर लगाई जाएगी। पहले से लगने वाले अव्यवस्थित तरीके के ठेले और गुमटीओ को शीघ्र ही यहां पर व्यवस्थित तरीके से लगाया जाएगा, अच्छा माहौल और वातावरण मिलने से यहां पर दुकान संचालकों की ग्राहकी में भी बढ़ोतरी होगी। गौरतलब है कि भिलाई निगम क्षेत्र में कई स्थानों पर वेंडिंग जोन तैयार हो रहे हैं, बेतरतीब तरीके से लगने वाले ठेले और गुमटियों को व्यवस्थित एवं एक समरूपता देने के लिए वेंडिंग जोन का निर्माण किया जा रहा है। संयुक्त निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, जोन आयुक्त येशा लहरें एवं पूजा पिल्ले, अतिरिक्त तहसीलदार क्षमा यदु, कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े व कुलदीप गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा आदि मौके पर मौजूद रहे।

### मोबाइल चोरी कर फरार युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भिलाई, 16 मार्च।** भिलाई रेलवे स्टेशन से यात्रियों के मोबाइल को जेब से चोरी कर फरार होने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में जीआरपी भिलाई ने धारा 379 के तहत कार्रवाई की है जीआरपी टीआई आरके बोझ ने बताया कि कैलाश नगर वार्ड 14 निवासी योगेश कुमार उपाध्याय पावर मोबाइल पार होने की शिकायत की थी। जीआरपी को सूचना मिलने पर बैरागी मोहल्ला उड़िया बस्ती पावर हाउस निवासी आरोपी बंटी दीप 18 वर्ष को पकड़ा गया। आरोपी के पास से पुलिस ने दो मोबाइल बरामद किया। महंगे मोबाइल की कीमत 1 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपी युवक पावर हाउस रेलवे स्टेशन में सो रहे यात्रियों का मोबाइल चोरी करता था। जिसकी शिकायत लगातार जीआरपी को मिल रही थी। आरोपी को पकड़ने के लिए टीम बनाई गई और सूचना पर दबिश देकर पकड़ा गया।

# महापौर और आयुक्त के साथ संयुक्त बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर हुई चर्चा



भिलाई,16 मार्च। नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में महापौर नीरज पाल एवं निगमायुक्त रोहित व्यास तथा शहर के उद्योगपति, व्यापारी संघ और कॉलोनाइजर्स के मध्य आज सार्थक बैठक हुई। मोर शहर मोर जिम्मेदारी के तहत शहर के उद्यमी, व्यापारी तथा कॉलोनाइजर्स भी अपना फर्ज निभाएंगे। इसके तहत आधुनिक तरीके से वृक्षारोपण किया जाएगा, इसके अलावा चौक-चौराहों का चयन कर इसके सौंदर्यीकरण को लेकर भी प्रस्ताव इन सभी के द्वारा दिया जाएगा। महापौर एवं आयुक्त ने कहा कि भिलाई शहर के लिए मोर शहर मोर जिम्मेदारी के तहत आगे आए और इसके विकास में भागीदार बने। औद्योगिक क्षेत्रों में सीएसआर मद तथा अन्य सहयोग से कई सारे अच्छे कार्य किए जा सकते हैं। प्रमुख रूप से शहर के सौंदर्यीकरण, वृक्षारोपण, उद्यानों के रखरखाव एवं संधारण पर सुझाव भी लिए गए। वृक्षारोपण में अपने साथ ही इस मुहिम में लोगों को भी जोड़ने कहा गया। निगमायुक्त ने बताया कि आजकल आधुनिक तरीके से वृक्षारोपण की नई तरकीब से कार्य किया जा रहा है जिसके तहत रक्षक प्लांटेशन बेहद कारगर है, इसके तहत वृक्षों की सुरक्षा एवं कम स्थानों को देखते हुए और पानी की आवश्यकता को देखते हुए पाइप सिस्टम से वृक्षारोपण की तकनीक उपयोगी साबित होगी। इस पर सभी ने अपनी सहमति जताते हुए इस तकनीक को अपनाकर कार्य करने की बात कही है। बैठक में उद्योग क्षेत्रों में श्रम कार्ड बनाने तथा आयुष्मान कार्ड बनाने शिविर लगाने पर चर्चा की गई। इसके अलावा मार्केट क्षेत्रों में शौचालय, स्ट्रीट लाइट तथा सीसीटीवी कैमरा की जहां आवश्यकता होगी इसके लिए सूची मांगी गई है। नियमितीकरण कराने को लेकर भी विस्तार से बैठक में जानकारी दी गई जो भी संदेह थे उसका बैठक में निराकरण किया गया। आज की बैठक में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, जिला एवं व्यापार केंद्र के अधिकारी, बीएसपी के अधिकारी, भवन अनुज्ञा अधिकारी हिमांशु देशमुख, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा एवं कार्यपालन अभियंता डीके वर्मा, औद्योगिक क्षेत्र से आए हुए उद्योग संचालक, विभिन्न क्षेत्रों के व्यापारी संघ के पदाधिकारी तथा कॉलोनाइजर्स आदि मौजूद रहे।

### दिव्यांगों को आवश्यक उपकरण वितरण 22 को

भिलाई, 16 मार्च। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के रावघाट लौह अयस्क खदान क्षेत्र के विकासखण्ड अंतागढ़ एवं भानुप्रतापपुर में विगत दिनों आयोजित नि:शुल्क परीक्षण शिविर में चयनित दिव्यांगजनों को आवष्यक उपकरणों का वितरण किया जाएगा। 22 मार्च 2023 को ग्राम पंचायत भानबेड़ाए जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर में सहायक उपकरणों का वितरण किया जाएगा। 23 मार्च 2023 को जनपद पंचायत अंतागढ़ में सहायक उपकरणों का वितरण किया जाएगा। भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत भारत सरकार का एक मिनीरत्न सार्वजनिक उपक्रम भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम ;एलिम्को भारत सरकार औद्योगिक क्षेत्र रिछाई जबलपुर के सहयोग से जिले के दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को नि:शुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु विगत माह मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया था।

# इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग यूनिट बनेगी फुंडा रीपा में, कलेक्टर ने किया निरीक्षण



भिलाई, 16 मार्च। दुनिया भर में और भारत के भीतर भी बैटरी चालित गाड़ियों का बाजार तेजी से बढ़ रहा है और सरकार एवं निजी क्षेत्रों द्वारा इसे प्रोत्साहित करने इलेक्ट्रिक वेहिकल चार्जिंग यूनिट लगवाये जा रहे हैं। इस बड़े बाजार की संभावनाओं को देखते हुए रीपा में भी चार्जिंग यूनिट के उत्पादन की व्यवस्था की गई है। फुंडा में इसका यूनिट लग रहा है। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने आज फुंडा में इस यूनिट का तथा इसी तरह से अन्य उत्पादों के लिए लगने वाली यूनिटों का निरीक्षण किया। उनके साथ जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन भी मौजूद रहे। यहां गोबर पेंट बनाने की मशीन लगाने वाली यूनिट भी लगाई जा रही है। कलेक्टर ने यूनिट निर्माण करने वाले उद्यमियों से चर्चा की। रीपा में 2 हजार से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार- रीपा में अभी तक लगने वाले यूनिटों से 2 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिल पाएगा। इसके अलावा यहां परंपरागत व्यवसाय एवं ग्रामीण उद्यम आरंभ होने से बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन हो सकेगा। तर्रा में देखा बायोफ्लॉक, बिजली चली गई तो ऑक्सीजन टैबलेट से मछलियों को मिलेगा जीवन- जिले के गौठानों में मछलीपालन को बढ़ावा देने के लिए डबरियों के साथ ही बायोफ्लॉक भी आरंभ किये जा रहे हैं। आज कलेक्टर ने तर्रा में बायोफ्लॉक का निरीक्षण किया। समूह की दीदियों ने बताया कि यहां रोहू, पंकाज आदि मछली पाल रहे हैं। काफी कम क्षेत्र में बड़ी संख्या में मछलियों का उत्पादन संभव है। कलेक्टर ने बिजली की आपूर्ति बाधित होने की दशा में वैकल्पिक उपाय के बारे में पूछा। इस पर समूह की दीदियों ने बताया कि बिजली चली जाएगी तो ऑक्सीजन टैबलेट से मछलियों को ऑक्सीजन मिल सकेगा। सांकरा में स्कूली बच्चों से मिले- सांकरा में कलेक्टर स्कूली बच्चों से मिले। बच्चों ने कलेक्टर से अपने करियर के बारे में प्रश्न भी पूछे। एक छात्रा ने पूछा कि मैं आईपीएस बनना चाहती हूँ मुझे अभी से इसके लिए किस तरह की पढ़ाई करनी चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि आप अपने सिलेबस को अच्छे से पढ़ें तो आपकी तैयारी साथ साथ होती रहेगी। वे सांकरा में आजीविका केंद्र के डोम में भी पहुंचे। यहां उन्होंने आजीविका केंद्र परिसर के आसपास सघन पौधरोपण कर फलदार पेड़ लगाने के निर्देश दिये। ठकुराइन टोला में लक्ष्मण झूले का काम आरंभ- खारुन नदी के किनारे बसे ठकुराइन टोला में मंदिर खारून नदी के बीच में बना है। हर साल बरसात में यहां पहुंच बाधित हो जाता है। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यहां लक्ष्मण झूले की घोषणा की थी। इस पर कार्य आरंभ हो गया है। कलेक्टर ने निर्माण कार्य देखा। अधिकारियों ने बताया कि सितंबर तक यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

### एशियन पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम में खुशाल पटेल का चयन



**भिलाई, 16 मार्च।** एलप्पी (केरल) में दिनांक 01 से 06 मई तक पॉवर लिफ्टिंग इण्डिया द्वारा एशियन पावर लिफ्टिंग महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एशियन पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु छत्तीसगढ़ से भिलाई इस्पात संयंत्र टीम तथा दुर्ग जिले के एकमात्र पॉवर लिफ्टर राष्ट्रीय पदक विजेता खुशाल पटेल चयन भारतीय पावर लिफ्टिंग टीम किया गया है। खुशाल पटेल की यह पहली अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता होगी जिसमें भाग लेंगे । उल्लेखनीय है कि इनका चयन जम्मू में दिनांक 23 से 26 फरवरी 2023 को सम्पन्न फेडरेशन कप राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पूरे भारत से सभी राज्यों के खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए भारतीय टीम में जगह बनाई ज्ञात हो कि खुशाल पटेल कोच इनके ही पिता और राष्ट्रीय पदक विजेता पावर लिफ्टरभिलाई इस्पात संयंत्र के टी एण्ड डी विभाग में कार्यरत महेश पटेल है जो कि खुशाल पटेल को एशियन पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता की तैयारी करा रहे हैं इस प्रतियोगिता में ओमान, मंगोलिया, चाईनीज ताईपेई, कजाकिस्तान, उजबेकिस्तान, इरान, फिलिपिन्स, अफगानिस्तान, इण्डोनेशिया, हॉगकॉग ने पदक जीतकर छत्तीसगढ़ राज्य का नाम रौशन किया है जिसमें परिणाम इस प्रकार हैं :- खुशाल पटेल के भारतीय टीम में चयन किये जाने पर छत्तीसगढ़ पॉवर लिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष बीएल चांदवानी, कार्यकारी अध्यक्ष तुलसी सोनी, सचिव कृष्णा साहू, दुर्ग जिला के सचिव नश्कर टंडन, छत्तीसगढ़ पॉवर लिफ्टिंग संघ के समस्त पदाधिकारियों, पॉवर लिफ्टरों, भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा अधिकारियों, छत्तीसगढ़ ऑलम्पिक संघ के समस्त पदाधिकारियों एवं छत्तीसगढ़ शासन में खेल विभाग के समस्त अधिकारियों ने बधाई और शुभकामना दी है ।

# गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है छत्तीसगढ़ राज्य की सरकार:ताम्रध्वज साहू



**भिलाई, 16 मार्च।** लोक निर्माण, गृह, जेल, धार्मिक न्यास, धर्मस्व और पर्यटन मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू के विभागों के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए सदन में प्रस्तुत लगभग 12,915 करोड़ रूपए की अनुदान मांगे सर्वसम्मति से पारित कर दी गई है। अनुदान मांगों पर विधानसभा के 15 सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया। पारित अनुदान मांगों में लोक निर्माण कार्य विभाग अंतर्गत सड़के और पुल के लिए 3,584 करोड़ 9 लाख 4 हजार रूपए, भवन हेतु 1,549 करोड़ 93 लाख 50 हजार रूपए, विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाओं के लिए 836 करोड़ 75 लाख 88 हजार रूपए, पुलिस विभाग के लिए 6401 करोड़ 68 लाख 84 हजार रूपए, गृह विभाग से संबंधित अन्य व्यय के लिए 116 करोड़ 42 लाख 56 हजार रूपए, जेल विभाग के लिए 220 करोड़ 80 लाख 36 हजार रूपए, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के लिए 45 करोड़ 08 लाख रूपए और पर्यटन विभाग के लिए 159 करोड़ 40 लाख 50 हजार रूपए शामिल है। मंत्री श्री साहू ने अनुदान मांगों पर चर्चा में कहा कि प्रदेश के विकास में बेहतर कानून व्यवस्था का महत्वपूर्ण योगदान है। खासतौर पर माओवाद प्रभावित क्षेत्र में बिना सुरक्षा के विकास कार्य करना लगभग नामुमकिन है। इसलिए हमने अभी तक 74 कैम्पों की स्थापना नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में की है तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं बढ़ाई जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिसिंग व्यवस्था में सुधार करने तथा बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए गृह विभाग दृढ़ संकल्पित है। बेहतर कानून व्यवस्था, केन्द्र एवं राज्य पुलिस बलों द्वारा संयुक्त कार्यवाही से नक्सली गतिविधियों में कमी आई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है और यह बजट इसी मूलमंत्र पर आधारित है। पुलिस विभाग की चर्चा में श्री साहू ने कहा कि साइबर अपराधों में लगाम लगाने के लिए प्रदेश के सभी 5 रेंज मुख्यालयों में साइबर थानों की स्थापना की जाएगी। वर्तमान में डायल 112 की सुविधा 11 जिलों में हैं, जिसे बढ़ाकर अब 28 जिलों में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चिटफंड कंपनियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है और निवेशकों को राशि लौटाई जा रही है। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि अब तक 209 अनियमित चिटफंड कंपनियों पर कार्यवाही करते हुए निवेशकों को 32 करोड़ रूपए की राशि लौटाई जा चुकी है।मंत्री श्री साहू ने लोक निर्माण विभाग की अनुदान मांग पर चर्चा करते हुए बताया कि राज्य में सड़कों की कुल लम्बाई 01 लाख 5 हजार किलोमीटर है। अभी तक 1494 वृहद तथा 8394 मध्यम पुलों का संधारण किया जा चुका है। वर्ष 2022-23 में 2274 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया गया है। उन्होंने जानकारी दी की विगत 4 वर्षों में 764 किलोमीटर की नवीन सड़कें, 728 किलोमीटर सिंगल लेन सड़कों को डब्बल लेन तथा 609 किलोमीटर सड़कों को मल्टीलेन किया गया। इस दौरान रेलवे ओव्हर/अंडरब्रिज के 10 कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा 5 कार्य प्रगति पर हैं।साहू ने कहा कि विभाग द्वारा प्रदेश के हजारों बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने में भी सफलता मिली है। ई-श्रेणी पंजीयन योजना के तहत प्रदेश के 694 बेरोजगारों का पंजीयन कर 337 करोड़ 22 लाख रूपए के कार्य आबंटित किए गए है। मंत्री श्री साहू ने पर्यटन विभाग की चर्चा में कहा कि प्रदेश में पर्यटन की असीम संभावनाएं मौजूद हैं। राज्य सरकार के द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ट्राइबल-टूरिज्म की शुरूआत की गई है। पर्यटकों को और अधिक सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रदेश में पर्यटन नीति बनाई गई है तथा 12 मोटल्स को 30 वर्षों के लिए लीज पर दिया गया है।



### महिला कार्मिकों के लिए ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**भिलाई, 16 मार्च।** आज़ादी का अमृत महोत्सवश् क्रम में श्अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवसश् के उपलक्ष्य में भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग द्वाराऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सेल.भिलाई इस्पात संयंत्र की महाप्रबंधक;प्रबंधन सेवाएँ सुश्री समिधा गुप्ता उपस्थित थीं। प्रतियोगिता की निर्णायकगण थीं सुश्री अनुभा दीपक महाले महाप्रबंधक भिलाई इस्पात संयंत्र, सुश्री पारमिता महान्ति, उप महाप्रबंधक एवं सुश्री सीमा श्रीवास्तव, सहायक अधीक्षक डाक दुर्ग संभाग। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन सौमिक डे, उप महाप्रबंधक नराकास भिलाई-दुर्ग ने प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि महिलाएँ सदैव ही समाज के प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी रही हैं अंतर केवल यही रहा कि पहले उन्हें परदे के पीछे रहने को विवश किया जाता रहा। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि सुश्री समिधा गुप्ता ने कहा कि महिलाओं के लिए निषिद्ध एवं वर्जित माने जाने वाले क्षेत्रों में भी आज भारतीय महिलाएं न केवल कार्यरत हैं वरन शीर्ष पदों पर आसीन हैं।

### घर के बाहर खड़ी वाहन में अज्ञात तत्व ने लगा दी आग

**भिलाई, 16 मार्च।** स्मृति नगर चौकी पुलिस ने बताया कि टाटा लाइन कोहका निवासी शारुख ( 30 वर्ष ) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11 मार्च की रात को घर के बाहर खड़ी वाहन में अज्ञात तत्व ने आग लगा दी है। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 435 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है।



### मुख्यमंत्री ने वन एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर की माताजी की अंतिम यात्रा में हुए शामिल

**कवर्धा।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज राजधानी रायपुर के मौदहापारा में वन मंत्री मोहम्मद अकबर के निवास पहुंचकर उनकी माता की अंतिम यात्रा में शामिल हुए । उन्होंने माताजी के जनाजे को कांधा भी दिया। मुख्यमंत्री ने अकबर एवं उनके परिवारजनों से मिलकर ढाँढस बंधाया । उन्होंने ईश्वर से माताजी की आत्मा की शांति और परिवारजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की ।

**एक नजर**

### राज्यपाल हरिचंदन से शुभांगी आपटे ने की सौजन्य भेंट

**रायपुर,16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में श्रीमती शुभांगी आपटे ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर श्रीमती आपटे द्वारा राज्यपाल को प्लास्टिक मुक्ति अभियान एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उनके द्वारा किए जा रहें प्रयासों की जानकारी दी। राज्यपाल ने कहा कि प्लास्टिक के हानिकारक के प्रभाव के बारे में जागरूकता न होने की वजह से इसका बिना



सोचे समझे उपयोग किया जा रहा है। प्लास्टिक हमारे पर्यावरण के लिए गंभीर रूप से खतरा उत्पन्न करता है। पर्यावरण में इसका दुष्प्रभाव वन्य एवं जलीय जीवों पर भी पड़ता है। कई अवसरों पर प्लास्टिक को खुले में जलाया जाता है जिससे कई हानिकारण गैसों का रिसाव होता है जिसका प्रभाव श्वसन क्रिया पर पड़ता है। इसलिए राज्यपाल ने प्लास्टिक के हानिकारक प्रभाव को कम करने के लिए इसके उपयोग को सीमित करने के साथ-साथ इसके वैकल्पिक उपायों को अपनाने की बात कही। साथ ही इसके दुष्प्रभाव के बारे में व्यापक पैमाने पर लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता अनिवार्य है ऐसी बात कही।

### किराना सदस्यों को 5 प्रतिशत कैशबैक मिलेगा

**रायपुर, 16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** भारत के सबसे बड़े प्राईवेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और विशाल ऑफलाईन एवं ऑनलाईन पहुँच के साथ ऑम्नीचैनल बी2बी प्लेटफॉर्म तथा भारत में विकसित, फ्लिपकार्ट समूह ने आज उद्योग का प्रथम को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है। यह क्रेडिट कार्ड केवल फ्लिपकार्ट होलसेल सदस्यों के लिए है। यह क्रेडिट कार्ड डाईनर्स क्लब इंटरनेशनल नेटवर्क पर चलेगा, जो डिस्कवर ग्लोबल नेटवर्क का हिस्सा है। इसका उपयोग विश्व में 200 से ज्यादा देशों में किया जा सकता है, जहाँ डाईनर्स क्लब कार्ड स्वीकार किए जाते हैं। इस गठबंधन के अंतर्गत फ्लिपकार्ट होलसेल के रजिस्टर्ड सदस्यों को फ्लिपकार्ट होलसेल ऑनलाईन खर्चों पर उद्योग का प्रथम ऑफर, यानि 5 प्रतिशत का कैशबैक मिलेगा। दूसरे फायदों में 1,500 रु. मूल्य का एक्टिवेशन कैशबैक, जीरो ज्वाईनिंग शुल्क, तथा यूटिलिटी बिल्स एवं अन्य खर्चों पर अतिरिक्त कैशबैक शामिल है। को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के लॉन्च से भारत में छोटे व्यापारियों को क्रेडिट की उपलब्धता बढ़ेगी और डिजिटल भुगतान को स्वीकार करने में तेजी आएगी तथा उन्हें कई अन्य फायदे भी मिलेंगे।

### भाजपा भीड़ को उकसा कर विधानसभा में कब्जा करना चाहती थी:कांग्रेस

**रायपुर, 16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि लोकतंत्र में धरना प्रदर्शन हर राजनैतिक दल का अधिकार है लेकिन आंदोलन की मर्यादा और सीमा होती है। भाजपा भीड़ को उकसा कर विधानसभा में कब्जा करना चाहती थी। विधानसभा के घेराव का तात्पर्य यह नहीं होता है कि आप विधानसभा में कब्जा करने जा रहे है। प्रजातंत्र में विधानसभा में कब्जा की लोकतांत्रिक प्रक्रिया है। जनता राजनैतिक दल को चुनाव में मतदान करके यह अधिकार देती है। भाजपाई जिस उग्रता और उद्दंडता से विधानसभा की ओर बढ़ रहे थे पुलिस वालो से मारपीट पर उतारू थे यह व्यवहार लोकतंत्र में अस्वीकार्य है। भीड़ को उकसा कर विधानसभा में कब्जा करने की कोशिश भाजपा का फासीवादी और अतिवादी चरित्र है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि अपने आंदोलन की असफलता को छुपाने के लिये भाजपा नेताओं ने अपने कार्यकर्ताओं को उकसाने का भरपूर प्रयास किया। पुलिस द्वारा लगाये गये बेरिकेट्स को तोड़ा तथा पुलिस वालो, सुरक्षा बलों के जवानो से अभद्रता किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता अपने आंदोलन को हिंसक बनाना चाहते थे। पुलिस और सुरक्षाबलों के जवानों ने अपना धैर्य नहीं खोया और अप्रिय स्थिति बनने से रोका।

### सर्कल की क्राइम मीटिंग ली गई

**भिलाई,16 मार्च।** भिलाई दुर्ग जिले में लगातार बढ़ रहे अपराध को लेकर अब जिले की पुलिस कसावट लाने थानों के विभिन्न सर्कल की क्राइम मीटिंग ली गई जिसके अंतर्गत दुर्ग जिले के तमाम 26 थानों के टीआई विवेचना अधिकारी सभी आईपीएस और सीएसपी क्राइम मीटिंग में मौजूद रहे दुर्ग के सेक्टर 6 कंट्रोल रूम में आयोजित क्राइम मीटिंग में दुर्ग एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने 2023 के शुरुआती 3 महीनों की मीटिंग ली जिसमें उन्हें यह समझ आया कि शुरुआती 3 महीनों में क्राइम का रेशियो 20त्न से ज्यादा बढ़ा है दुर्ग पुलिस वाले की स्कीम बनाई गई थी जिसके अंतर्गत सभी अवैध हथियार चाकू छुरी तलवार और देशी कट्टा जमा कराने के लिए सभी थानों के बाहर एक बास्केट लगाई गई थी जिसमें सभी आरोपी और अपराधी तत्व के लोग आकर अपने हथियार सरेंडर कर रहे हैं एसपी ने अपना पर्सनल नंबर सोशल मीडिया पर दे रखा है जिसका प्रतिसाद यह मिल रहा है कि लोग जितने भी आसपास समाज में अपराध हो रहे हैं उसके वीडियो बनाकर रेसिपी को भेजते हैं जिसके बाद त्वरित तौर पर आरोपी गणों के खिलाफ कार्यवाही की जाती है सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया है कि जितने भी वारंट है उनकी जल्द से जल्द तामिली कराई जाए।

# भूपेश बघेल ने गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को किया 7 करोड़ 4 लाख रुपए का भुगतान

- गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को अब तक 419 करोड़ 25 लाख रुपए का भुगतान
- विगत माह तक गौठानों में 107.75 लाख क्विंटल गोबर की हुई खरीदी
- बजट में किसानों, मजदूरों, ग्रामीणों सहित सभी वर्गों के हितों का रखा गया ध्यानः- मुख्यमंत्री

**रायपुर,16 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज यहां विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में गोधन न्याय योजना के तहत पशुपालक ग्रामीणों, गौठानों से जुड़ी महिला समूहों और गौठान समितियों को 7 करोड़ 4 लाख रूपए की राशि का ऑनलाइन भुगतान किया, जिसमें 16 फरवरी से 28 फरवरी तक गौठानों में पशुपालक ग्रामीणों, किसानों, भूमिहीनों से क्रय 2.13 लाख क्विंटल गोबर के एवज में 4 करोड़ 25 लाख रूपए, गौठान समितियों को

1.65 करोड़ रूपए और महिला समूहों को 1.14 करोड़ रूपए की लाभांश राशि शामिल है।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि हर महीने की 5 से 15 तारीख किसानों के लिए खास होती है। क्योंकि इस दिन उन्हें गोधन न्याय योजना की राशि प्रदान की जाती है। यह खुशी की बात है कि बड़ी



संख्या में गौठान स्वावलंबी हो रहे हैं। स्वावलंबी गौठानों को प्रोत्साहित करने के लिए गौठानों की संचालन समिति के अध्यक्ष और सदस्य को मानदेय प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने अन्य गौठानों को भी स्वावलंबी होने का आग्रह किया। श्री बघेल ने कहा कि यह खुशी की बात है कि अब गोबर से अन्य उत्पादों के बनाने के अलावा बिजली बनाने का काम शुरू हो गया है। बस्तर के डोमरपाल में गोबर से बिजली बनाने के संयंत्र को ग्रिड से सिंक्रोनाईज किया जा चुका है। इससे बनने वाली बिजली की दर 9 रूपए प्रति यूनिट तय कर दी गई है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी में स्वावलंबी गौठान न सिर्फ अपनी सहभागिता निभा रहे हैं बल्कि निरंतर बढ़त बनाए हुए हैं। बीते कई पखवाड़ों से गोबर खरीदी के एवज में भुगतान की जा रही राशि में स्वावलंबी गौठानों की हिस्सेदारी 60 से 70 प्रतिशत तक रहने लगी है। आज की स्थिति में 50 फीसदी से अधिक गौठान स्वावलंबी हो चुके हैं, जो स्वयं की राशि से गोबर एवं गौमूत्र की खरीदी के साथ-साथ गौठान की अन्य गतिविधियों को स्वयं की राशि से पूरा कर रहे हैं। 16 फरवरी से 28 फरवरी तक गौठानों में कुल 2.13 लाख क्विंटल गोबर की खरीदी हुई है, जिसके एवज में गोबर विक्रेताओं को अंतरित की जाने वाली 4.25 करोड़ रूपए की राशि में से

1.92 करोड़ की राशि कृषि विभाग द्वारा तथा 2.33 करोड़ रूपए का भुगतान स्वावलंबी गौठानों द्वारा किया जाएगा। स्वावलंबी गौठानों द्वारा गोबर खरीदी के एवज में अब तक 45.52 करोड़ रूपए का भुगतान स्वयं की राशि से किया गया है।

# पानी चोरो पर कार्रवाई के लिए सड़क पर उतरे ग्रामीण

- मौके पर स्थानीय प्रशासन ने पहुँचकर बनाई रिपोर्ट
- ग्रामीणों ने सब इंजीनियर पर लगाया गलत रिपोर्ट बनाने का आरोप
- मामला जनपद सदस्य सहित साथियों के साथ एनिकट से पानी चोरी का
- चक्काजाम की चेतावनी के बाद पखवाड़े भर बाद जागा प्रशासन

**मोहला ,16 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

गत दिनों पहले हुई ग्राम दिघवाड़ी में हुए एनिकट से पानी चोरी का मामला सामने आया था, जहा ग्रामीणों ने पानी चोरी कर रहे लोगों को रंगे हाथ पकड़ा था, जिस पर जल संसाधन विभाग सहित स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। लेकिन माह भर बाद भी कार्यवाही नही किया गया,ग्रामीणों द्वारा आरोप लगाया गया कि शिकायत करने पर लगभग पखवाड़े भर बाद ग्राम दिघवाडी एनीकट में हुए पानी चोरी के मामले में जनपद सदस्य सहित उनके साथियों पर विभाग ग्रामीणों को गुमराह कर जांच रिपोर्ट तैयार किया गया, वही नाराज़ ग्रामीणों ने कार्रवाई नहीं होने पर गुरुवार को मोहला से खड़गांव रोड़ पर चक्काजाम किया, जिसके बाद प्रशासन मौके पर पहुंचकर चक्काजाम हटाया गया साथ ही मौके पर पहुँचकर अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों के समक्ष निरीक्षण कर पंचनामा तैयार किया, जिसमें पंचनामा तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजा गया है । ग्रामीणों ने यह भी


एनीकट से पानी चोरी करते पकड़े गए जनपद सदस्य





आरोप लगाया कि सब इंजीनियर द्वारा पूर्व में बनाया गया रिपोर्ट में शिकायतकर्ताओं को पूछा नही गया और बिना पंचनामा के रिपोर्ट भेजकर गलत जानकारी विभाग दी गई है, ऐसा ग्रामीणों द्वारा आरोप लगाया जा रहा है, राजनीतिक संरक्षण होने का दबाव बनाया गया है।

### पूर्व में भी घट चुकी है पानी चोरी की घटना

मानपुर ब्लाक के ग्राम दिघवाड़ी में बने एनीकट से पानी चोरी का मामला पूर्व में भी हो चुका है इसका

**क्या कहते हैं अधिकारी**

पंचनामा तैयार कर मेरे समक्ष प्रस्तुत किया गया है आगे की कार्रवाई विभाग द्वारा की जाएगी
**एसडीएम मानपुर-अमितनाथ योगी**

आरोपी पकड़ में नहीं आया लेकिन इस बार ग्रामीणों ने ताक कर एनिकट से पानी चोरी करने आए जनपद सदस्य सहित उनके सभी साथियों को रंगे हाथ धर दबोचा और कार्रवाई के लिए शिकायत की।

### चक्काजाम के बाद जागा प्रशासन

ग्राम दीघवाड़ी में एनीकट से पानी चोरी मामले में चक्काजाम के बाद प्रशासन की नींद खुली है, वही प्रशासन गांव पहुँचकर मामले की जांच कर साथ ही ग्रामीणों के शिकायत के आधार पर पंचनामा तैयार किया जा रहा है, दुर्भाग्य की बात है कि एक माह तक ग्रामीणों को गुमराह कर बिना पंचनामा बनाकर जल संसाधन विभाग रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों सौंप दिया था और शिकायतकर्ताओं का बयान नही लिया गया था।

### ग्रामीणों का आरोप सब-इंजीनियर ने दी गलत रिपोर्ट

मामले की शिकायत होने के बाद ग्रामीण शिकायतकर्ताओं को गुमराह कर बिना पंचनामा के जल संसाधन विभाग के सब-इंजीनियर ने रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेज दिया गया, इस बात की जानकारी ग्रामीणों को भी नही मिली क्या विभाग गलत रिपोर्ट बनाने वाले सब-इंजीनियर पर कार्यवाही करेगी या नए जिले में एक बार फिर वही रवैया अपनाया जाएगा यह एक सवाल है।

# जनसमस्याओं के त्वरित निदान के दिये निर्देश

**रायपुर ,16 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर श्री एजाज ढेबर ने सभापति श्री प्रमोद दुबे, आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी, एमआईसी सदस्य श्री सुन्दर लाल जोगी, श्री आकाश तिवारी, अपर आयुक्त श्री अभिषेक अग्रवाल सहित वार्ड पार्षदगणों, जोन कमिश्नरगणों, कार्यपालन अभियन्तागणों एवं सम्बंधित जोन अधिकारियों की उपस्थिति में नगर निगम जोन 4 सहित विभिन्न जोन कार्यालयों में आज से प्रारम्भ 15 और 16 मार्च 2023 को सुबह 10 बजे से संध्या 5 बजे तक जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से लगाये जा जनसमस्या निवारण शिविर की प्रशासनिक व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन किया. शिविर में नगर निगम से सम्बंधित जनसमस्याएं लेकर पहुंचे नागरिकों से चर्चा की एवं सम्बंधित जोन कमिश्नर एवं कार्यपालन अभियन्ता को शिविर में नागरिकों से प्राप्त सभी जनसमस्याओं का समयसीमा में त्वरित निदान करना जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से प्राथमिकता से करवाने निर्देशित किया. नगर निगम के सभी 10 जोनों में 15 एवं 16 मार्च को जोन कार्यालयों में सफाई, पेयजल, सड़क बत्ती, राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन योजना आदि से सम्बंधित नगर निगम रायपुर से सम्बंधित कार्यो की जनसमस्याओं को सुनकर उनका यथासंभव निदान किया जा रहा है. महापौर, सभापति, आयुक्त ने जोन कमिश्नरगणों, कार्यपालन अभियन्तागणों को वार्ड वासियों द्वारा बतलाई जा रही



सभी जनसमस्याओं को पूरी गंभीरता से ध्यानपूर्वक सुनकर उनका त्वरित निदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं. नगर निगम के किसी भी वार्ड के निवासी नागरिक अपने वार्ड से सम्बंधित जोन कार्यालय में 15 एवं 16 मार्च को अपनी सुविधानुसार पहुंचकर जोन अधिकारियों को वार्ड की सफाई,पेयजल, सड़क बत्ती, राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन आदि कार्यो से सम्बंधित जनसमस्याओं की जानकारी देकर उनका त्वरित निदान प्राप्त कर सकते हैं. दो दिवसीय जनसमस्या निराकरण शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर जनसमस्याओं की जानकारी देकर उनसे त्वरित निदान प्राप्त करने का एक बार पुनः विनम्र आव्हान महापौर श्री एजाज ढेबर, सभापति श्री प्रमोद दुबे, आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी ने नगर निगम के सभी सभी 10 जोनों के समस्त 70 वार्डो के रहवासी नागरिकों से नगर पालिक निगम रायपुर की ओर से किया है.

### भाजपा के आंदोलन को जनता ने नकारा : कांग्रेस

**रायपुर,16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर भाजपा के विधानसभा घेराव पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा के आंदोलन को जनता ने नकारा दिया। 1 लाख का दावा किया था बमुश्किल दस हजार भी नहीं जुटे। भाजपा का झूठ जुमलो से भरा घड़ा फूट गया विधानसभा घेराव में पीएम आवास के हितग्राही नहीं बल्कि भाजपा ग्राही ही नजर आए। प्रधानमंत्री आवास योजना के विषय में कांग्रेस सरकार का परफारमेंस भाजपा शासित राज्यों से बेहतर है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि चुनाव नजदीक आते ही भाजपा को गरीबों की आवास की चिंता होने लगी।

# पुलिस ने मेले में आई महिलाओं और छात्राओ को अभिव्यक्ति एप के बारे में दी जानकारी

**फरसगांव ,16 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

फरसगाँव पुलिस के द्वारा फरसगाँव मेले में आये हुए महिलाओं और छात्राओ को महिलाओं की सुरक्षा एवं कानून में उन्हे प्रदत्त अधिकारों पर आधारित छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा बनाये गए ऑनलाइन अभिव्यक्ति एप के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया । पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल के मार्गदर्शन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगाँव अनिल कुमार विश्वकर्मा के नेतृत्व फरसगाँव नगर के मेले में अभिव्यक्ति महिला जागरूकता अभियान के तहत जागरूकता शिविर लगाकर मेले में आये हुये महिलाओं और छात्राओं को उनके मोबाइल फोन में अभिव्यक्ति एप डाउनलोड़ करवाने के बाद महिलाओं की सुरक्षा के लिए अभिव्यक्ति एप के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई । एसडीओपी अनिल कुमार विश्वकर्मा के द्वारा छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग द्वारा तैयार किया गये अभिव्यक्ति एप के बारे में बताया गया , उन्होंने बताया कि इस एप के माध्यम से महिलाओं को तत्काल सहायता मिलेगी। यूजर की लोकेशन के हिसाब से एसओएस बटन दबाते ही यूजर के पास त्वरित पुलिस सहायता पहुंचेगी। इसके अलावा इस एप के माध्यम से महिलाएं कहीं से भी अपनी शिकायत पुलिस के पास दर्ज करा सकेंगी। निरीक्षक



प्रतिभा मरकाम ने महिलाओं को बताया कि वे महिला सुरक्षा एप से तुरंत पुलिस की सहायता कैसे प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस एप के इस्तेमाल के लिए सबसे पहले महिला-बालिकाओं को अपने मोबाइल फोन में प्ले स्टोर से अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा एप डाउनलोड करना है। इसमें उन्हें साइन इन करना है, अपना मोबाइल नंबर डालना है, ओटीपी आएगा उसे एप में डालना है, केवायसी अपडेट करना है, जिसके बाद महिलाएं कभी भी इस एप के माध्यम से अपनी शिकायत अपलोड कर तुरंत पुलिस की सहायता प्राप्त कर सकती हैं। इस दौरान फरसगाँव थाना प्रभारी निरीक्षक भापेंद्र साहू, उप निरीक्षक प्रमोद कतलाम,नरेंद्र साहू,सहायक उप निरीक्षक राजीव गोटा, राजकुमार कोमरा, पीताम्बर कठार सहित थाना स्टॉप के साथ मेले में घूमने आए महिला और छात्राएं उपस्थित रहे ।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को किया जागरूक

**मोहला,16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** अभिव्यक्ति एप्प नारी के सम्मान की का कार्यक्रम वाय अक्षय कुमार पुलिस अधीक्षक जिला मोहला मानपुर अं.चौकी व पुपलेश कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक



के नेतृत्व मे थाना मोहला के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र छुईया में अभिव्यक्ति ऐप का प्रचार प्रसार किया गया। इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं पर घटित होने वाले अपराध व महिलाओ से संबंधित मानव तस्करी जैसे अपराध तथा अभिव्यक्ति कार्यक्रम की मुख्य बिंदु महिलाओं की सुरक्षा एवं सतर्क रहने के संबंध में अवगत कराया गया तथा अभिव्यक्ति एप्प को डाउनलोड करने व चलाने के तरीके तथा साइबर क्राइम की जानकारी दी गई । इस कार्यक्रम में जनपद सदस्य दीपिका राजपूत, पूर्व महिला सरपंच अमेरिका तुलावी, विभिन्न महिला समूह, महिला प्रकोष्ठ, आईयूसीएडब्लू, सायबर सेल, आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### हत्या का प्रयास करने वाले गिरफ्तार

**छुरिया, 16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि घटना दिनांक 14/03/2023 के रात्रि 23:45 बजे प्रार्थी/पीड़ित राधेलाल बंजारे पिता मनहरण बंजारे उम्र 33 वर्ष एवं मनहरण बंजारे पिता बिसौहा बंजारे उम्र 60 साल दोनों निवासी ग्राम दिवानटोला थाना छुरिया अपने घर में सो रहे थे। उसी दौरान आरोपी कन्हाई मारकण्डे पिता स्व. बचन मारकण्डे उम्र 70 वर्ष साकिन दिवानटोला जमीन संबंधित विवाद को लेकर रंजिशवश राधेलाल बंजारे के घर आकर फावड़ा से राधेलाल बंजारे एवं मनहरण बंजारे को सोते समय जान से मारने की नियत से प्राण घातक हमला कर किया जिससे राधेलाल बंजारे एवं मनहरण बंजारे के सिर एवं हाथ-भुजा में गंभीर चोटें आयी है। प्रार्थी राधेलाल बंजारे द्वारा डॉयल-112 में फोन कर सूचना देने पर डॉयल-112 के माध्यम से दोनों को छुरिया अस्पताल लाकर भर्ती किया गया। मामले की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक रामअवतार ध्रुव के नेतृत्व में घटना की सूचना वरिष्ट अधिकारियों को देकर त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल पहूचकर घटना में प्रयुक्त फावड़ा को जप्त कर आरोपी कन्हाई मारकण्डे को विधिवत् गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 102/2021 धारा 307, 323 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी का कृत्य अजमानतीय होने से जुडिषियल रिमांड पर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### बापूटोला में चल रहा अवैध रेत डंप करने का खेल

**छुरिया , 16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।**छूरिया रेत डंप कर की जा रही मोटी कमाई, रेत माफियाओं द्वारा बिना अनुमति के रेत का भंडारण कर मोटी कमाई की जा रही है।बताया जाता है। तस्करों द्वारा बिना परमिशन के ही कई जगहों में रेत डंप कर रखा गया है। इन लोगों द्वारा डंप कर रखे रेत से मोटी कमाई की जा रही है। बावजूद इसके खनिज विभाग अवैध रुप से रेत डंप करने वालों पर कार्रवाई नहीं कर रहा है। मिली जानकारी के अनुसार छुरिया विकासखंड के ग्राम बापुटोला क्षेत्र मे रेत डंप कर रखा गया है। यहां पर 100 ट्रिप से अधिक रेत डंप है। वहीं बिसाहूटोला रोड के आस-पास भी कुछ जगहों पर अवैध रुप से रेत डंप है। इसके अलावा चिचोला रोड कई जगहों पर अवैध रुप से रेत डंप करने का खेल चल रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बापुटोला क्षेत्र मे रेत भंडारण करने का किसी ने परमिशन नहीं लिया है। ऐसे में जिन जगहों पर भी रेत का भंडारण हुआ है वह अवैध है। बावजूद खनिज विभाग द्वारा अब तक अवैध रुप से रेत भंडारण की एक भी कार्रवाई नहीं की गई है। रेत माफियाओं द्वारा बिना अनुमति के रेत भंडारण कर मोटी कमाई की जा रही है

### खुज्जी विधानसभा क्षेत्र की हर समस्या और विकास के लिए योद्धा की तरह लड़ती है छन्नी चंदू साहू

**छूरिया , 16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** आन्दोलन से जन्मी और संघर्ष से परिपूर्ण खुज्जी विधायक का हाथ से हाथ जोडो अभियान मे जो विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत इनका मकसद कांग्रेस के प्रति लगन पूरे विधानसाभ मे देख कर ऐसा महसूस होता है जिस तरीके से ये पार्टी को मजबूती प्रदान कर क्षेत्र मे कांग्रेस की अलख जगा रही है इससे पूरा विधानसाभ व प्रदेश मे सरकार के जो जन कल्याण कारी योजना है को लोगो तक संदेश दे रही है इससे टिकीट के अन्य दावेदार व विपक्ष सहमा नजर आता है ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत जो जनसमूह का आपार भरोसा अपने विधायक के प्रति लोगो मे दिखता है वो विपक्ष से लेकर पार्टी के कूछ दोमूहे लोगो को पारेशान करता है कूछ तथाकथित अवसर वादीओ मे खलबली है विगत चार वर्षो मे कूछ तथाकथित चार नेता स्थानीय विधायक के खिलाफत मे खडे किये लेकिन लोकप्रियता के सामने कोई भी डरामेबाज नही टीका राजनीतिक जानकारो के अनुसार सबसे ज्यादा विधानसाभ मे सवाल-जवाब करने वाली विधायिका के रूप मे अपनी अलग पहचान बनाये हूऐ है बताया जाता है इससे भयभित विपक्ष व विवादित नेतृत्व के नेता पारेशान दिखाई पडते है और कूछ तो सिर्फ कांग्रेस को नुकसान पहुंचकर दोस्ती निभाते भी नजर आते है इसी कड़ी मे एक परिवार कांग्रेस का खाल ओड़कर सिर्फ उद्घाटन समारोह और समापन समारोह और व प्रदेश स्तर के नेतागणो के साथ मिल कर सिर्फ फोटोग्राफी कर अपना वजूद विवादित रूप से संचालित व प्रकाशित करते वर्तमान समय मे नजर आ रहे है।

### वैदेही नारी शक्ति सम्मान समारोह में 13 महिलाओं का हुआ सम्मान

**रायपुर,, 16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** स्थानीय वृन्दावन हॉल सिविल लाइन में 14 तारिक़ को जेके फिल्म्स एवं छत्तीसगढ़ी फ़िल्म वैदेही के बैनर तले प्रदेश की अलग अलग छेत्रों के 13 महिला विभूतियों का सम्मान गरिमामय आयोजन में किया गया 7सम्मान समारोह की शोभा बढ़ाने मुम्बई से शिरकत की एक्ट्रेस, कवयित्री,




साहित्यकार, लेखक श्रीमती सायरा जीनत अहसान कुरैशी ने समानित महिलाओ का अपने अनुभव से हौसला बढ़ाया बेहतरीन हास्य कविता,गजल से मनोरंजन भी किया ,इस सुबह अवसर पर आगामी रिलीज़ होने वाली छत्तीसगढ़ी फ़िल्म वैदही के पोस्टर का विमोचन भी किया गया आयोजन में भिलाई से पत्रिकारिता के छेत्र से भावना पांडे,गायन से पुष्पलता कौशिक राजनंदगांव से गायन के छेत्र से कविता वासनिक,कुमकुम झा, शोभा ,सीमा सिंह,पिंकी दोषी, कुंती राय, संगीता निषाद, रंभा वस्त्रकार, राशि ,मधुबाला देवांगन स्वाहिला अली,को सम्मानित किया गया कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में नीतू सिंह,जय बाला तिवारी, जेके फ़िल्म ,मीनाक्षी टुटेजा, रूना शर्मा ,निशा यादव, शिल्पा जी उपस्थित रही।

## संपादकीय

# मौके का फायदा उठा रही भाजपा

राजनीति में किसी भी दल को कोई मौका मिलता है तो वह उसका फायदा जरूर उठाता है। कांग्रेस को मौका मिला अडानी का मामला उठाने का तो वह जोर शेर से उठा रही है। पीएम मोदी व अडानी के रिश्ते को लेकर कई तरह के सवाल उठा रही है, आरोप लगा रही है कि पीएम मोदी के सहयोग के कारण ही अडानी दुनियां के नंबर अमीर बने थे। उन्हें काम देने के लिए नियम बदल दिया गया। इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस व विपक्षी दलों ने संसद के बजट सत्र के पहले सत्र में खूब हंगामा किया। संसद चलन नहीं दी। उम्मीद की जा रही थी कि संसद के बजट सत्र के दूसर चरण में भी विपक्ष भाजपा पर अडानी मुद्दे को लेकर हावी होने की कोशिश करेगा लेकिन पीएम मोदी की आक्रामक नीति के जवाब और ज्यादा आक्रमक नीति के चलते विपक्ष ऐसा कर नहीं सका है। भाजपा ने संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के पहेल दिन से ही राहुल गांधी को लेकर जो आक्रमण कांग्रेस किया ,कांग्रेस को राहुल गांधी को बचाने के लिए रक्षात्मक होना पड़ा। उसे अडानी को छोड़कर राहुल गांधी के विषय में बातें कहनी पड़ी। कहना पड़ा कि राहुल गांधी के कहने का मतलब देश का अपमान करना नहीं था , वह तो सरकार की आलोचना कर रहे थे, सरकार की आलोचना करना देश का अपमान नहीं होता। आक्रामक कांग्रेस अक्सर राहुल गांधी की लापरवाही से कहीं भी कुछ भी कह देने से रक्षात्मक होना पड़ता है। वह भाजपा पर हमला करने की जकह राहुल गांधी को बचाने में लग जाती है। कांग्रेस का सबसे बड़ा नेता होने पर राहुल गांधी को कांग्रेस को मजबूत करने का काम करना चाहिए तो वह अपनी लापरवीह से कहीं भी कुछ भी बोलकर कांग्रेस को परेशानी में डाल देते हैं। वह एक बार करते तो समझ में आता कि उनके गलती हो गई। वह तो बार बार वही गलती करते हैं। वह बोलते वक्त भूल जाते हैं कि कहां बोल रहे हैं, क्यो बोल रहे है,उसका देश की राजनीति पर क्या असर पड़ेगा। इससे कांग्रेस नुकसान होचा है। वह शब्दों का चयन ठीक से नहीं कर पाते हैं, हिंदी कमजोर है तो उन्हें हिंदी का भाषण लिखा हुआ पढ़ना चाहिए। विदेश में तो वह अंग्रेजी में बोले तो भी वही गलती कि उनके कहे का हर कोई अपना अर्थ निकाल सकता है। वह बोलते वक्त कनफ्यजू रहते है, गलती के बाद उन्हें पता चलता है कि गलती हो गई है। जब तक गलती सुधारते हैं तब तक देरी हो चुकी होती है। उनके कहे पर विवाद शुरू हो जाता है। विदेश मे उन्होने एक कार्यक्रमम में कहा भारत में लोकतंत्र खतरे में और लोकतंत्र के रक्षक देश चुप हैं। दूसरे कार्यक्रम मे उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके कहने का मतलब यह नहीं था दूसरे देश भारत के लोकतंत्र को बचाने के लिए देश में दखल दें। उन्होने स्पष्ट किया कि लोकतंत्र को बचाना हमारा अंदरूनी मामला है, हम इसे निपटा लेंगे। सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब उन्हें मालूम है कि लोकतँत्र का बचाना देश का आंतरिक मामला है तो वह विदेश में बता कयों रहे हैं। वह पूरा सच कहने की जगह आधा सच कहते हैं. कभी कभी को झूठ कह जाते हैं जिसका जवाब देना कांग्रेस के लिए मुश्किल हो जाता है। संसद में बोलने नहीं दिया जाता, माइक बंद कर दिया जाता है, सिखों व मुसलमानों को पीएम मोदी दूसरे दर्जे का नागरिक मानते हैं। यह ऐसी बाते जिसे देश में कोई सच नहीं मान सकता। राहुल गांधी के विदेश में दिए गए बयाने को भाजपा अपने लिए अच्छा मौका मान रही है।इसलिए वह राहुल गांधी के खिलाफ आका्मक हो गई है, उसका कहना है कि राहुल गांधी ने देश का अपमान किया है। उन्हं संसद में आकर माफी मांगनी चाहिए। इससे पहले पीएम मोदी को लेकर दिए गए संसद के बयाने को लेकर भी भाजपा राहुल गाधी को छोड़ने वाली नहीं है। राहुल गांधी व कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा से राहुल गांधी की जो देश के लिए चिंतित नेता की छबि बनाई थी, वह देश का अपमान करने वाले बयाने से धूमिल हो गई है। उनकी छबि एक ऐसे नेता की बन गई है जो कुछ भी कहीं भी कह सकता है। बाद में उन्हें उसके लिए माफी मांगनी पड़ती है। रफाल मामले पर उन्हें कोर्ट में माफी मांगनी पड़ी थी, इस बात का जिक्र भाजपा नेता बार बार करके यही साबित करते हैं, राहुल गांधी कनफ्यूज रहने वाले नेता है, वह जब बोलते हैं तो उन्हें पता नहीं रहता सही क्या गलत क्या है। वह सोचते हैं मैं जो बोल रहा हूं, वहीं सच है तथा सभी लोग इसे सच मान लें। उनकी गलत बातों को सही बताने के लिए कांग्रेस नेताओं को बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। बार बार देश को बताना पड़ता है कि राहुल गांधी ने जो कहा उसका मतलब वह नहीं जो भाजपा कह रही है, उसका मतलब यह है जो कांग्रेस नेता कह रहे हैं। राहुल गाधी ने सही कहा या गलत कहा, उसके लिए वह माफी नहं मांगते है तो भाजापा इसे लोकसभा चुनाव तक मुद्दा बनाए रखेगी। माफी मांगेगे तो राहुल गांधी का छबि खराब होगी।

## आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**-आज आपका दिन मंगलकारी होगा। दैनिक रोजगार में प्रगति होगी। दिन अच्छा रहेगा। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। राजनेता हैं तो राजकाज में संघर्ष होगा। मन प्रसन्न होगा। कारोबार से लाभ होगा। आज धार्मिक कार्य / यात्रा सम्पन्न होगा। माता-पिता का सहयोग मिलेगा। दैनिक रोजगार नियमित रहेगा। मित्र से मिलाप होगा। सुखद समाचार मिलेंगे। स्वास्थ्य सुधार होगा।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी ,वु , वे, वो)**-आज आपका दिन शुभ रहेगा । दूर-समीप की यात्रा बनेगी। परिवार पर व्यय होगा। मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। दायित्व का निर्वाह होगा। राजकाज में सफलता मिलेगी। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में सहयोग मिलेगा। संतान द्वारा सहयोग मिलेगा। प्रतियोगिता में विजय होगी। शत्रु परास्त होंगे।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)**-परिवार में सामंजस्य बनेगा। संतान सुख मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। शिक्षा में प्रगति और निर्माण कार्य में बाधा आयेगी। अधिकारी से विवाद हो सकता है। धन में कठिनाई आयेगी। पारिवारिक समस्याएं आयेंगी। निर्माण में प्रगति होगी। भौतिक सुखों पर धन खर्च होगा।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**-शारीरिक स्वास्थ्य में कमी आएगी। मानसिक तनाव अधिक होगा। व्यय अधिक होगा। दूर-समीप की यात्रा होगी। शारीरिक स्वास्थ्य में कमी आयेगी। मानसिक तनाव अधिक होगा। व्यय अधिक होगा। दूर-समीप की यात्रा होगी। साझेदारी से लाभ होगा।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**-कुटुम्बजनों में प्रसन्नता रहेगी। धन का लाभ होगा। समस्या का समाधान होगा। मानसिक शांति मिलेगी। कार्य में विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक समस्याएं आयेंगी। पराक्रम में वृद्धि होगी। संतान का सहयोग मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। राजकाज में सफलता मिलेगी।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**-धन का लाभ होगा। नौकरी में उन्नति होगी। समस्या का समाधान होगा। व्यापार में विस्तार होगा। दाम्पत्य सुख की प्राप्ति होगी। दैनिक दिनचर्या अच्छी रहेगी। कार्यों में प्रगति होगी। धन का लाभ मिलेगा। राजकाज में सफलता मिलेगी।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**-धन का लाभ होगा। कारोबार में विस्तार और लाभ होगा। संतान का सहयोग मिलेगा। धर्म कार्य सम्पन्न होंगे। पराक्रम में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक होगा। दूर-समीप की यात्रा होगी। पराक्रम में वृद्धि होगी। घरेलू समस्या आयेगी।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**-कारोबार में सहयोग मिलेगा। कठिनाइयां दूर होगी। योजना का विस्तार होगा। शिक्षा पर धन खर्च होगा। धन का लाभ होगा। समस्या का समाधान होगा। परिवार की समस्या रहेगी। प्रतिष्ठा का लाभ होगा। शत्रु पर विजय प्राप्त होगी।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**-व्यापार में लाभ होगा। शिक्षा में लाभ मिलेगा। उदर-विकार होगा। कठिन परिश्रम करना पडेगा। धन का लाभ मिलेगा। धन का लाभ मिलेगा। पारिवारिक समस्याएं रहेंगी। राजकाज में संघर्ष होगा। मान-सम्मान का ध्यान रखें।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)**-गुप्त शत्रु से हानि हो सकती है। मानसिक परेशानी रहेगी। उदर-विकार होगा। दैनिक रोजगार सामान्य रहेंगे। पत्नी के स्वास्थ्य में कष्ट रहेगा। दैनिक कार्य में बाधाएं आयेंगी। मानसिक अशांति रहेगी। राजकाज में विलम्ब होगा। निर्माण में प्रगति होगी।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**-व्यय अधिक होगा। कारोबार से आर्थिक लाभ पहले से बढेगा। राजकाज में वृद्धि होगी। शिक्षा में लाभ मिलेगा। धन का लाभ होगा। अपव्यय रहेगा। यात्रा में कष्ट रहेगा। शत्रु पर विजय प्राप्त होगी।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**-धन का लाभ मिलेगा। व्यापार में विस्तार होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। संतान सुख मिलेगा। नई योजनाएं बनेंगी। कार्य में उत्साह रहेगा। राजनीतिक लाभ मिलेगा। धन का लाभ होगा। घरेलू समस्याएं आयेंगी।

# देश के अनेक भागों में मनाया जाता है गणगौर पर्व

**पर्व-त्यौहार**

**सुनील कुमार महला**



गणगौर राजस्थान की संस्कृति से जुड़ा प्रसिद्ध त्योहार हैं, जो भगवान शिव व देवी पार्वती को समर्पित है। गणगौर त्योहार को हिंदू कैलेंडर के अनुसार तृतीया तिथि, शुक्ल पक्ष, चैत्र माह में मनाया जाता है। गणगौर महोत्सव- 2023 08 मार्च 2023 - 24 मार्च 2023 को मनाया जा रहा है। मालवा की शान %गणगौर% वैसे तो राजस्थानियों का विशुद्ध लोकपर्व है, लेकिन राजस्थान के अलावा भी यह लोकपर्व देश के अनेक भागों में हर्षोल्लास, खुशी के साथ मनाया जाता है। यह लोकपर्व वास्तव में राजस्थान की गौरवशाली संस्कृति में रमा-बसा हुआ लोकपर्व है और खुशहाल दाम्पत्य जीवन से जुड़ा हुआ है। जानकारी देना चाहूंगा कि आज देश में राजस्थानियों के अलावा इसे उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, बुंदेलखंड और ब्रज, गुजरात, पश्चिमी बंगाल क्षेत्र में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यदि हम इस त्योहार(लोकपर्व) के मनाये जाने की बात करें तो यह होलिका दहन के दूसरे दिन यानी कि चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से यानी कि छरंडी के दिन से या यूं कहें कि रंगों से खेलने के दिन से चैत्र शुक्ल तृतीया तक इसे मनाया जाता है। बुजुर्ग बताते हैं कि यह अठ्ठारह दिनों तक चलने वाला लोकपर्व है। माना जाता है कि माता गवरजा(पार्वती मां) होली के दूसरे दिन अपने पीहर आती हैं तथा अठारह दिनों के बाद ईसर (भगवान शिव ) उन्हें फिर लेने के लिए आते हैं और चैत्र शुक्ल तृतीया यानी कि %तीज% को उनकी विदाई होती है। वैसे तो यह विवाहित महिलाओं का लोकपर्व है लेकिन कुंवारी लड़कियाँ भी इस दिन माता गौरी(पार्वती जी) और भगवान शिव(ईसर) की पूजा-अर्चना करतीं हैं।जिस लड़की की शादी हो जाती है वो शादी के प्रथम वर्ष अपने पीहर जाकर गणगौर की पूजा करती है। अक्सर यह बात कही जाती है कि चैत्र शुक्ला तृतीया को राजा हिमाचल की पुत्री गौरी का विवाह शंकर भगवान के साथ हुआ था। उसी की याद में यह त्योहार मनाया जाता है।कामदेव की पत्नी रति ने भगवान शंकर की तपस्या कर उन्हें प्रसन्न कर लिया तथा उन्हीं के तीसरे नेत्र से भष्म हुए अपने पति को पुनः जीवन देने की प्रार्थना की। रति की प्रार्थना से प्रसन्न हो भगवान शिव ने कामदेव को पुनः जीवित कर दिया तथा विष्णुलोक जाने का वरदान दिया। उसी की स्मृति में प्रतिवर्ष गणगौर का उत्सव मनाया जाता है। इस अवसर पर %नेगचार% की रस्में भी अदा की जाती हैं। कहते हैं कि छरंडी के दिन गणगौर पूजने वाली लड़कियां होलिका दहन की राख लाकर उसके आठ पिण्ड बनाती हैं एवं आठ पिण्ड गोबर के बनाती हैं। उन्हें दूब पर रखकर प्रतिदिन पूजा करती हुई दीवार पर काजल और रोली की टीका लगाती हैं और शीतलाष्टमी के त्योहार तक इन पिण्डों को पूजा जाता है। फिर मिट्टी से ईसर गणगौर की मूर्तियां बनाकर उन्हें पूजती हैं। लड़कियां प्रातः ब्रह्ममुहुर्त में गणगौर पूजते हुए गीत गाती हैं- %गौर ये गणगौर माता खोल किवाड़ी, छोरी खड़ी है तन पूजण वाली।% गणगौर पर गणगौर की कहानी सुनने की भी परंपरा है। गणगौर को भोग लगाया जाता है।लड़कियां कुंए से ताजा पानी लेकर गीत गाती हुई आती हैं-म्हारी गौर तिसाई ओ राज घाट्यारी मुकुट करो,बीरमदासजी रो ईसर ओराज, घाटी री मुकुट करो,म्हारी गौरल न थोड़ो पानी पावो जी राज घाटीरी मुकुट करो। गणगौर का बिंदौरा भी निकाला जाता है और गणगौर विसर्जन के पहले दिन गणगौर का %सिंजारा% किया जाता है। पूजा में दूब, जल कलश, रौली-मौली, सिंदूर, चूड़ियाँ, चन्दन, अक्षत, धूपबत्ती, दीप, नैवेद्य का इस्तेमाल किया जाता है। कुंवारी लड़कियाँ मनपसंद वर प्राप्ति के लिए पूजा अर्चना करतीं हैं।राजस्थान के अधिकतर क्षेत्रों में गणगौर पूजन एक आवश्यक वैवाहिक रीत के रूप में भी प्रचलित है। गणगौर पूजन में कन्याएँ और महिलाएँ अपने लिए अखण्ड सौभाग्य, अपने पीहर और ससुराल पक्ष की समृद्धि तथा गणगौर से प्रतिवर्ष फिर से आने का आग्रह करती हैं। बताता चलूँ कि जयपुर की गणगौर पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। जयपुर में, घेवर नामक एक मीठा व्यंजन गणगौर उत्सव की विशेषता है। गणगौर लोकपर्व के अवसर पर राजस्थान में जगह-जगह मेले भरते है और पूर्व राजपरिवारों की गणगौर सवारी शाही लवाजमें के साथ बड़े ही धूमधाम के साथ निकलती है। महिलाओं/कुंवारी लड़कियों द्वारा इस पावन अवसर पर गणगौरी गीत गाये जाते हैं और समूहों में फूल तोड़ने व कुंओं से पानी भरने की भी परंपरा है। महिलाएं इस अवसर पर अपने हाथों और पैरों में मेंहदी लगाती हैं, जैसा कि मेंहदी सुहाग का प्रतीक मानी जाती है। इसीलिए गणगौर को %सुहाग पर्व% भी कहा जाता है।इस अवसर पर सभी स्त्रियां गहने-कपड़ों से सजी-धजी रहती हैं। वैसे बीकानेर जिले की गणगौर को राजस्थान की अनूठी गणगौर माना जाता है। बीकानेर के बारह गुवाड़ चौक में भरने वाले दो दिवसीय बारहमासा गणगौर मेले के दौरान पूजन की जाने वाली आलूजी की चटकीले रंग व आकार वाली प्राचीन गणगौरें न केवल प्रदेशभर में अनूठी है बल्कि विशिष्ट बनावट और मिट्टी कुट्टी से बनी होने के कारण अपनी अलग पहचान रखती है। कहते हैं कि यहाँ करीब डेढ सौ साल पुरानी इन गणगौर प्रतिमाओं में ईसर और गवर के साथ-साथ भगवान कृष्ण, भगवान गणेश और सिर पर कलश धारण किए पणिहारी की प्रतिमाएं भी हैं। बुजुर्ग लोग बताते हैं कि ये प्राचीन गणगौर प्रतिमाएं चिकनी मिट्टी, कागज की लुगदी, दाना मेथी, गोंद, राल आदि सामग्रियों से तैयार की गई है। वैसे, बीकानेर के अलावा जयपुर, किशनगढ़, सूर्य नगरी जोधपुर समेत अन्य स्थानों पर गणगौर की सवारी ऐतिहासिक परम्पराओं के अनुरूप निकाली जाती है इन स्थानों पर अभी भी पूर्व राज परिवारों की गणगौर की सवारी शाही लाव-लश्कर के साथ निकाली जाती है, जिसे विदेशी पर्यटक बहुत चाव और रूचि के साथ देखते हैं और अपनी फोटो,विडियो भी करवाते हैं। जानकारी देता चलूं कि राजस्थान के मारवाड़ प्रान्त खासकर जोधपुर में मनाए जाने वाले 'धींगा गवर' फेस्टिवल में महिलाएं कुंवारे लड़कों को दौड़ा-दौड़ाकर डंडा मारती हैं। ऐसी मान्यता है कि डंडा/बेंत खाने से शादी जल्दी होती है। इसे बेंतमार गणगौर के नाम से भी जाना जाता है।मारवाड़ में सालों पुरानी यह मान्यता थी कि धींगा गवर के दर्शन पुरुष नहीं करते थे क्योंकि उस समय में ऐसा माना जाता था कि जो भी पुरुष धींगा गवर के दर्शन कर लेता था उसकी मृत्यु हो जाती थी लेकिन यह मान्यता धीरे-धीरे बदल गई। वैसे नाथद्धारा में चैत्र शुक्ल पंचमी के अवसर पर %गुलाबी गणगौर% भी मनाते हैं। गणगौर के दौरान भक्ति, श्रृंगार व वीर रस के गीत गाये जाते हैं। राजस्थान की स्वर्ण नगरी कहलाने वाले जैसलमेर जिले में बिना ईसर की गणगौर पूजी जाती है। बताता चलूं कि उदयपुर में गणगौर नाव प्रसिद्ध है। पारंपरिक परिधानों के साथ गहनों से सजी महिलाएं शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए पिछौला झील के गणगौर घाट पर देवी पार्वती की मूर्तियों की पूजा-अर्चना करती हैं। वैसे उदयपुर और जोधपुर की 'धींगा गणगौर' काफी प्रसिद्ध है। वैसे,राजस्थान की महिलाएं चाहे दुनिया के किसी भी कोने में क्यों न हों, वे गणगौर के पर्व को पूरी उत्साह के साथ मनाती हैं। राजस्थानी में गणगौर पर एक कहावत भी है जो बहुत प्रसिद्ध है- 'तीज तींवारा बावड़ी ले डूबी गणगौर' इसका मतलब यह है कि सावनी तीज से त्योहारों का आगमन शुरू हो जाता है और गणगौर के विसर्जन के साथ ही त्योहारों पर काफी समय तक(तीन-चार महीनों तक) विराम आ जाता है। आज हाइटेक युग में गणगौर लोकपर्व का स्वरूप काफी हद तक बदल चुका है। आज पूजा के लिए कुएं बचे नहीं है। सादगी से मनाये जाने वाले इस त्योहार को समय का जंग लग चुका है। बुजुर्ग महिलाओं को ही गणगौर के लोकगीत याद हैं। युवा पीढ़ी को इस त्योहार के बारे में अधिक जानकारी नहीं है। आज बढ़ती आबादी, आधुनिकता, पाश्चात्य संस्कृति, टेक्नोलॉजी के बीच अब गणगौर माता के विसर्जन के स्थान नहीं रहे हैं। आज लोकगीतों का स्थान आधुनिक गीतों ने लिया है। पाश्चात्य संस्कृति ने फूहड़पन को जन्म दिया है। आज लोकपर्व में दिखावा व लोभ,स्वार्थ की भरमार देखने को मिलती है। वह अपनत्व, स्नेह, प्यार अब मौजूद नहीं दिखता जो आज से पच्चीस तीस बरस पहले गणगौर पर्व के दौरान दिखता था। गणगौर का पर्व हमें इस बात का संदेश देता है कि हमें अपने जीवन में धन-संपदा, प्रदर्शन, दिखावा, ईर्ष्या, छल-कपट, अहम् भावना से दूर रहना चाहिए। आज लोग इस पर्व पर नशे की हालत में डीजे पर फूहड़ नृत्य करते हैं जो हमारी संस्कृति और गौरवशाली परंपरा के लिए अभिशाप बन रहा है।

आज शहरीकरण के कारण चिकनी मिट्टी नहीं है, काग़ज़ की लुगदी नहीं है। है तो भी बहुत ही कम। प्रतिमाओं को तैयार करने वाले कलाकारों का भी अभाव है। जमाना आधुनिकता की आड़ में इस त्योहार की परंपराओं को भुलाता चला जा रहा है। इस त्योहार की गौरवशाली परंपरा धीरे-धीरे विलुप्ति की कगार पर पहुंच गई है। गणगौर हमारे जीवन मूल्यों, हमारे आदर्शों, हमारे प्रतिमानों की सुरक्षा एवं वैवाहिक जीवन की सुदृढ़ता में एक सार्थक प्रेरणा बना है। लेकिन आज समय के साथ पारिवारिक मूल्यों, नैतिक मूल्यों में ह्रास हो गया है। गणगौर का पर्व हमारी सांस्कृतिक, पारिवारिक एवं धार्मिक चेतना की एक ज्योति किरण है, लेकिन समय के साथ यह ज्योति किरण संकुचित सी होती जा रही है। आज हरेक आदमी भौतिक एवं भोगवादी और भागदौड़ की दुनिया में रमा-बसा है, उसके पास ऐसे त्योहारों के लिए समय ही नहीं बचा है। पर्वो के महत्व से वह अनजान है। यह पर्व हमारे दुःखों, परेशानियों, कष्टों को दूर करने एवं सुखों का सृजन करने का प्रेरक लोकपर्व है। आज आधुनिक युग में परिवार लगातार टूट रहे हैं, संयुक्त परिवारों का नितांत अभाव हो गया है। एकल परिवार जन्म ले रहे हैं। लेकिन यह पर्व कहीं न कहीं दाम्पत्य जीवन के असली दायित्वबोध की चेतना का संदेश देता हैं। नारी सशक्तीकरण का यह माध्यम है, जो नारी को सशक्त बनाता है, समाज को एकता व अखंडता के सूत्र में बांधता है। वास्तव में, गणगौर का लोकपर्व हमारी संपूर्ण मानवीय संवेदनाओं, भावनाओं को प्रेम और एकता में बांधने का निष्ठासूत्र ही है। गणगौर लोकपर्व का मूल्य केवल और केवल नारी तक सीमित नहीं है। गणगौर पर्व में हमारे सामाजिक, सांस्कृतिक मूल्य, आदर्श, संस्कार सब निहित हैं। यह त्योहार हम सभी से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से संबद्ध है। जीवन में प्रसन्नता हो,नव-चेतना हो,आनंद और उल्लास हो, खुशी, समृद्धि और कल्याण की भावना हो, आपसी सौहार्द, भाईचारा हो जहाँ आपसी वैमनस्यता का,कटुता का, ईर्ष्या का, लालच व स्वार्थ का कोई स्थान नहीं हो, यही संकल्प और यही विचार गणगौर का पर्व बांटता है। इस पर्व के मनाने के उद्देश्य सभी दिलों के अंतरिम कोनों तक गहराई से पहुंचे, ये सम्पूर्ण मानव के मन और आत्मा तक, सभी हृदयतलों तक पहुंचे, तभी इस पर्व को मनाने की सार्थकता है।

# पेंदी और बिन पेंदी के लोटे!

**व्यंग्य**

**डॉ सूर्यकांत मिश्रा**

एक मुहावरा बहुत ही ज्यादा प्रचलित है । ÷ बिन पेंदी का लोटा ÷ प्रायः हम किसी न किसी के मुख से उक्त मुहावरे को सुनते चले आ रहे हैं । क्या कारण है कि हमारी प्यास बुझाने वाले लोटे को इस तरह की संज्ञा दी गई ? क्या इसमें लोटे का कोई दोष है? हां ! क्यों नहीं ! यदि स्थिरता का गुण नहीं है तो उसे बिन पेंदी का दर्द सहना ही होगा । आखिर लोटे को ही इसमें क्यों घसीटा गया ? थाली , गिलास , चम्मच या किसी अन्य पात्र को क्यों नहीं ? जहां तक मैंने अनुभव किया है । लोटा एक ऐसा अद्भुत पात्र है जिसे हर यात्रा करने वाले के द्वारा अपने साथ जरूर रखा जाता है । यह व्यक्ति की सबसे ज्यादा जरूरत पानी और गले को तर करते हुए अपनी उपयोगिता सिद्ध कर दिखाता है । बाजार में मिलने वाले लोटे अब पहले की तरह नहीं हुआ करते । अब तो अलग-अलग स्वरूपों में लोटे हमें आकर्षित करने लगे हैं । अब इन्हें महज प्यास बुझाने के लिए ही नहीं वरन सजावट का हिस्सा भी मान लिया गया है । अब यह उस व्यक्ति संस्था अथवा समाज पर निर्भर करता है कि वे इसका उपयोग किस तरह करते हैं । यही लोटा है जिसमें गंगाजल भरा जा सकता है और इसी लोटे के आयतन को जहर से भी लबालब किया जा सकता है ! गंगाजल से मिलने वाली पवित्रता इसी लोटे से बरसाई जा सकती है या फिर किसी की प्यास बुझाने ( सदैव के लिए ) के लिए उसमें भरा विष भी हलक में उतार कर लोटे को बदनाम किया जा सकता है ।

जहां तक मैंने पाया है लोटे कई स्वरूपों में ढले होते हैं ! गोल - मटोल लोटे , जहां हमें अधिक आकर्षित करते हैं , वहीं लंबे गले वाले लोटे भी ध्यान खींचने वाले होते हैं । कुछ ऐसे लोटे भी होते हैं जिनकी गर्दन ही दिखाई नहीं पड़ती है , किंतु भरा हुआ जल अपना प्रभाव जरूर छोड़ जाता है । कुछ शंकाकार ( संदेही ) लोटे भी होते हैं । छोटे और बड़े लोटों के साथ खरे और खोटे लोटो की भी कमी नहीं है! इन्हीं लोटों में आधार वाले लोटे और बिना आधार वाले बिन पेंदी के लोटे भी शामिल होते हैं । हमें लोटो के स्वरूपों से कोई शिकायत नहीं किंतु वह लोटा जिसमें स्थिर रहने की क्षमता ना हो अर्थात बिन पेंदी का हो उसका प्रभाव बड़ा ही डगमगाने वाला होता है ! बिन पेंदी के लोटे के स्वभाव को जहां तक मैंने समझा है वह उसी तरह होता है जिस तरह अज्ञानियों की गोष्ठी की अध्यक्षता करने वाले अल्प ज्ञानी की । यदि मैं सीधे शब्दों में कहूं तो लोटो की सभा का स्थाई अध्यक्ष बिन पेंदी का ही होता है । वह जिस ओर वजन देखता है उस ओर लुढ़ाकी मार लेता है । हमें समझ लेना चाहिए जिस ओर लोटा लुढ़का है , उसका मुंह उसी ओर होगा और वह अपना महत्व सिद्ध करने का भरसक प्रयत्न कर रहा होगा ! अब यह अलग बात है कि स्थिरता के अभाव में उसके अंदर का भराव उस स्थान को भी गीला कर जाएगा जहां जरूरत नहीं है और फिर परिणाम दलदली हो जाएगा ।

आजकल इस तरह के लोटे घरों से हटा दिए गए हैं या फिर उन्हें स्थिरता प्रदान करने धरातल पर टिके रहने की नसीहत देते हुए ठोक- पीटकर आधारित कर दिया गया है । वर्तमान में ऐसे लोगों की भीड़ देश को चलाने वाले राजनीतिक दलों में अधिक दिखाई दे रही है । इन लोटो के विषय में किसी तरह की भविष्यवाणी नहीं की जा सकती है ! यह अवसर , बे - अवसर किसी तरफ भी लुढ़क सकते हैं ! ऐसे लोटो पर विश्वास नहीं किया जा सकता है । जिन लोगों द्वारा ऐसे लोटो को संभाल कर रखा जाता है , उनके लिए तो मैं यही कह सकता हूं कि वह कालिदास से कम नहीं है! विद्वान लोग ऐसे लोटो को अपने घरों अथवा अपने संगठन में रखने की गलती नहीं करते । वे इस तरह के लोटो को अपने उस पड़ोसी को दान कर देते हैं , जिनसे अंदर ही अंदर जलन की भावना रखा करते हैं । इन्हीं लोगों की वजह से जब पड़ोसी इधर-उधर लुढ़कने लगते हैं तब लोटा दान करने वालों की आत्मा को चैन मिलने लगता है । लोटा चाहे किसी भी स्वरूप का हो उसके आचरण पर गौर फरमाते हुए उसका उपयोग समझदारी कही जा सकती है । ऐसे लोटो को ज्यादा चमकदार बनाने की भूल उसके संरक्षक के लिए ही जानलेवा हो जाती है । हमें ऐसे लोटो का आयतन समझ में नहीं आ पाता है । यही कारण है कि यह मूल्यांकन नहीं हो पाता है कि उसके आचरण में विष की मात्रा कितनी है और गंगाजल की पवित्रता कितनी । इस तरह के लोटों का अधिक विश्लेषण खुद लोटों पर भरोसा करने वालों को परिधि से बाहर कर देता है ।

मैं तो यही कह सकता हूं कि लोटे के आयतन पर सर्वे करने वालों को सावधान रहना चाहिए! यह ऐसे लोटे हैं जिनके विषय में यह समझने की कोशिश करनी चाहिए कि इनके आचरण से पंडालों का आयतन कितना बढ़ रहा है ? साथ ही बैंक के लॉकर का आयतन कहीं सिकुड़ तो नहीं रहा है ? इन लोटो पर चिंतन करें , चिंता बिल्कुल ना करें । परीक्षा में पास होने के लिए जरूरी है कि ऐसे लोटे के आयतन के सूत्र को भलीभांति समझ कर याद कर लें और परीक्षा के दौरान उसका सटीक उपयोग करें । समझदार वही कहे जाते हैं जो इस तरह के लोटे में भरे जल के सहारे हर कठिन परीक्षा पास कर जाते हैं ! लोटे में भरे जल में कोई कमी होने पर यह सुनिश्चित है कि परिणाम नकारात्मक ही होगा ! यह भी याद रखना चाहिए कि प्रत्येक इम्तिहान से पूर्व इस लोटे की परिक्रमा जरूर करें ! कारण यह कि इसी लोटे की शरण में जाकर आप हर सवाल को हल करने के सूत्र पा सकते हैं ! एक और बात याद रखें कि छोटे लोटे के अल्प जल से छोटा परिणाम प्राप्त होगा और बड़े लोटे का असीमित जल , जलजला पैदा कर दिखाएगा ! अपनी इच्छाओं के क्षेत्रफल का विस्तार करना हो तो लोटे को याद रखिए उसके भीतर भरे जल के प्रभाव को समझते हुए उसकी महिमा को याद रखिए और कल की चिंता भूल जाइए ।

# देश गया तेल लेने

'बेबी ! तुम्हें ऐसा कैसा भूत चढ़ा है। सब कुछ अच्छा तो चल रहा है। इतनी खूबसूरत हो। इतनी जवान हो। अभी अगले दस साल तक तुम्हारे पास कोई फटकने वाला भी नहीं है। फिर यह बेवजह की जिद क्यों कर रही हो? चलो यहाँ से अमेरिका चलते हैं। वहाँ भी तुम्हारी खूबसूरती के बेशुमार दीवाने हैं। मेरी बात मानो यह देशभक्ति छोड़ो अपना मेकअप किट संभालो। देश को बचाने का काम सैनिकों का है, हमारा नहीं। हम सेलिब्रिटीज हैं। हमारा काम पेज थ्री में बना रहना है। लाइमलाइट की चकाचौंध से घिरे रहना है। यह देशभक्ति का जुनून आर्मी वालों को फबता है। ऐसी पागलपंती तुम्हें सूट नहीं करेगी। अपने लिए न सही अपने फैंस का तो खयाल करो। इस गोरे और कोमल बदन पर इतनी ज्यादती तो न करो। देश को बचाने के लिए कोई न कोई सिरफिरा, जुनूनी और पागल मिल जाएगा। लेकिन तुम्हें कुछ हो गया तो तुम्हारे फैंस का क्या होगा? उन्हें तुम्हारी जैसी खुबसूरती का कहर बरपाने वाला कहाँ मिलेगा। तुम्हारी अदा और शोखियों के कितने दीवाने हैं यह भला तुम जानती भी हो। भावनाओं में बहकर तुम बचकाना हरकतें मत करो। देश का मतलब महज मिट्टी तो है। इसके लिए भला कोई सेंटी होता है। प्रैक्टिकल बनो प्रैक्टिकल। इस देश से जितना हमें कमाना था कमा लिया। अब यहाँ से निकलो। चलते हैं किसी और देश। देखना वहाँ पर भी तुम्हारे कातिल जलवे के चाहने वाले लाखों मिलेंगे।' एक प्रसिद्ध अभिनेत्री के बॉय फ्रेंड ने कहा। 'यह बात तुम कह रहे हो जिसने देशभक्ति पर इतनी सारी फिल्में की है! इन्हीं फिल्मों के लिए लोगों ने दीवानों की तरह तुम पर अपना सब कुछ लुटाया! थिएटरों के बाहर लंबी-लंबी लाइनें लगाईं! टिकट न मिलने पर मारा-मारी की! तुम्हारे डॉयलॉग बोलने की स्टाइल की नकल करते फैंस के बारे में तुम ऐसे-कैसे सोच सकते हो। वो तुम्ही को देशभक्ति का मसीहा समझते हैं। और तुम हो कि देश छोड़कर भागने की बात कर रहे हो।' अभिनेत्री ने देशभक्ति कुमार को लताड़ते हुए कहा। 'अरे बेबी तुम समझती क्यों नहीं। वे फिल्में थीं। यह लाइफ है। फिल्में लाइफ नहीं होतीं और लाइफ फिल्म नहीं। वहाँ तो हम नाटक करते हैं। जीना तो हमें रियालिटी में ही है न! और जहाँ तक बात फैंस की है तो वे भावनाओं में बहने वाले मूर्ख हैं। उनको इतना भी खयाल नहीं रहता कि पर्दे पर दिखने वाली हर चीज हक़ीकत नहीं होती। हकीकत तो पर्दे से परे होती है। यह देशभक्ति जैसी बातें सुनने में अच्छी लगती हैं। इसके लिए भला कोई अपना बना बनाया कैरियर थोड़े न चौपट करता है। मैं तो तुम्हें स्मार्ट समझता था। मुझे क्या पता तुम इतनी सेंटी हो। तुम्हारे साथ रहकर मैं यह पागलपंती नहीं कर सकता। तुम्हें आना है तो आओ। वरना मैं तो चला। हाँ, अक्ल ठिकाने पर आए तो मुझे फोन कर लेना। लेकिन तुम्हें देखकर नहीं लगता कि तुम मुझे फोन करोगी। तुम पर तो मिट्टी, देशप्रेम, देशभक्ति जैसे न जाने किन-किन शब्दों का भूत सवार है। अच्छा तो मैं चलता हूँ। बाय।' इतना कहते हुए बॉय फ्रेंड वहाँ से चला गया।

**व्यंग्य**

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**सेहत**

## सीने में जलन होने पर अपनाएं ये 5 घरेलू नुस्खे, जल्द मिलेगा आराम

सीने में जलन होना हार्ट अटैक के मुख्य लक्षणों में से एक है, इसलिए इसे नजरअंदाज करना जान को जोखिम में डालना है। हालांकि, गैस से संबंधित विकार भी इसका कारण हो सकते हैं। अगर यह समस्या गैस के कारण है तो कुछ घरेलू नुस्खे इसे दूर करने में प्रभावी हो सकते हैं। इसके साथ ही जीवनशैली में बदलाव और सही खान-पान जरूरी है। आइए आज आपको सीने की जलन को दूर करने वाले घरेलू नुस्खे बताते हैं।

**बेकिंग सोडा का करें इस्तेमाल**-बेकिंग सोडा यानी सोडियम बाइकार्बोनेट को एंटासिड के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। यह सीने की जलन को कम करने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए एक गिलास पानी में एक चम्मच बेकिंग सोडा पाउडर मिलाएं, फिर इसका सेवन करें। यदि आप एंटासिड, एस्पिरिन, विटामिन्स सप्लीमेंट्स या कोई अन्य दवा ले रहे हैं या आपको हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग या किडनी की बीमारी है तो इस उपाय को आजमाने से पहले डॉक्टरी परामर्श लें।

**मुलेठी करेगी मदद**-मुलेठी भी सीने की जलन को दूर करने में सहायक है। लाभ के लिए एक पैन में एक कप पानी गर्म करें और उसमें मुलेठी की सूखी जड़ के कुछ टुकड़े डालें। अब पानी को 5-10 मिनट तक उबालें, फिर इस मिश्रण को छानकर कप में डालें और इसका सेवन करें। हालांकि, इस मिश्रण का के लंबे समय तक सेवन न करें क्योंकि मुलेठी से हाई ब्लड प्रेशर, कमजोरी और खून के थक्के जैसे दुष्प्रभाव हो सकते हैं।

**कैमोमाइल चाय पीएं**-कैमोमाइल चाय सीने की जलन को शांत करने और पाचन तंत्र को ठीक करने में काम कर सकती है। लाभ के लिए एक कप उबलते गर्म पानी में एक कैमोमाइल टी बैग डालें, फिर चाय को गुनगुना होने पर पीएं। इस चाय को आप दिन में 2-3 बार पी सकते हैं। हालांकि, अगर आपको डेजी के पौधों से एलर्जी है तो कैमोमाइल की चाय का सेवन करने से बचें।

**लेमन बाम भी है प्रभावी**-लेमन बाम की पत्तियां भी गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल विकारों को दूर करने में मदद कर सकती हैं। लाभ के लिए उबलते हुए गर्म पानी के गिलास में 5-6 लेमन बाम की पत्तियां डालें और इसे लगभग 5 मिनट के लिए ढककर रख दें। अब इस मिश्रण को छानकर कप में डालें और इसका गर्मागर्म सेवन करें। यदि आप मधुमेह या थायराइड की दवा ले रहे हैं तो इस उपाय को आजमाने से पहले अपने डॉक्टर से पूछें।

**एलोवेरा जूस करेगा मदद**-एलोवेरा जूस का सेवन कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से निजात दिलाता है। यह रक्त वाहिकाओं को मजबूत करने, अच्छे कोलेस्ट्रॉल को नियमित करने, ट्राइग्लिसराइड के स्तर को कम करने और ब्लड प्रेशर को कम करने में भी सहायता प्रदान करता है। इसके साथ ही यह सीने की जलन से भी छुटकारा दिला सकता है। लाभ के लिए किसी भी समय एलोवेरा के जूस का सेवन करें और दिन में एक-दो बार इसका सेवन करें।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संरक्षक बने एसके दास

**गीदम, 16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा द्वारा फेडरेशन के अधिकारों का प्रयोग करते हुए दंतेवाड़ा फेडरेशन के कार्य विस्तार को ध्यान में रखते हुए जिला फेडरेशन से संबंधित कार्य सुचारू रूप से संचालन हेतु गीदम निवासी एस के दास पूर्व जिला संयोजक को दंतेवाड़ा जिले का जिला संरक्षक नियुक्त किया है। उनके जिला संरक्षक बनने पर फेडरेशन के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी है। जिसमें डॉक्टर ए एस कुशवाह, अंकित सिंह, श्रीमती रिजवी मैडम, कुमारी रुचिका देशमुख, अरविंद यादव, पीला राम सिन्हा, धर्मेश सोनी, सूरज सिंह ठाकुर, एच आर साय, दिलीप दुर्गम, एमके बछैला, निर्मला मोरला, विजय यादव, दसमन सहित अन्य पदाधिकारियों ने बधाई प्रेषित की है।



### कोण्डागांव में डाक जीवन बीमा मेले का किया गया आयोजन

**कोंडागांव।** डाक विभाग द्वारा 15 मार्च बुधवार को उपडाकघर कोंडागांव में ग्रामीण डाक जीवन बीमा मेला सह बचत खाता मेला का आयोजन किया गया। जिसमें उपसंभाग के समस्त शाखा डाकपाल एवं सहायक शाखा डाकपाल उपस्थित रहे। उपसंभागीय निरीक्षक कोंडागांव श्री आर एस मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह बीमा मेला वित्तीय वर्ष 2022-23 का अंतिम मेला है पूरे बस्तर संभाग में कोंडागांव उपसंभाग ग्रामीण डाक जीवन बीमा में सबसे आगे है आज के मेले में कोंडागांव के दोनों उपसंभाग को मिलाकर 3.65 करोड़ का बीमा किया गया एवं 100 से अधिक बचत योजनाओं के खाते प्राप्त हुए।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए सहायक प्राध्यापक सुरेश कुमार



**भिलाई ।** युवा कार्यक्रम एवम् खेल मंत्रालय और भारतीय सांख्यिकी संस्थान द्वारा डॉ आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र , दिल्ली में 2 दिवसीय 15 मार्च एवम 16 मार्च 2023 को प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ,इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु देश के प्रत्येक राज्य से राष्ट्रीय सेवा योजना के 10 श्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारियों का चयन किया जाना था जिसके लिए हेमचंद यादव विश्वविद्यालय , दुर्ग की ओर से इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वैशाली नगर , भिलाई के सहायक प्राध्यापक सुरेश कुमार ठाकुर का चयन श्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी के रूप में किया गया

# जिले के जन सेवक फिरोज नवाब को राजस्थान बीकानेर में मिला अंतर्राष्ट्रीय मानवता सम्मान






■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली, 16 मार्च।** बीकानेर राजस्थान में 11 व 12 मार्च दो दिवसीय राष्ट्रहित फाउंडेशन और कम्युनिटी वेलफेयर सोसायटी के तत्वाधान में देश भर के सामाजिक कार्यकर्ताओं का अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन व ग्लोबल ह्यूमिनिटी चेंज मेकर अवार्ड 2023 बीकानेर (राजस्थान)रविन्द्र रंगमंच में आयोजित किया गया जिसमें भारत देश के समस्त जिलों लगभग 780 जिलों से व विदेशों से भी सामाजिक कार्यकर्ता पधारें। जिसमे जिला दंतेवाड़ा से समाज सेवक जनसेवक फिरोज नवाब को भी आमंत्रित किया गया था इन्हे कारगिल योद्धा नायक एन. के. दीपचंद जी जिन्होने ने भारत पाकिस्तान कारगिल युद्ध लडा व टाइगर हिल में विजय पताका फहराया कई आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा व मातृभूमि की रक्षा करते हुवे अपने दोनो पांव व एक हाथ गवा दिये नायक दीपचंद जी द्वारा मानवता सम्मान यानि ग्लोबल ह्यूमिनिटी चेंज मेकर अवार्ड से सम्मानित किया गयादंतेवाड़ा जिला की तरफ से सम्मान प्राप्त करने पहुँचे बचेली के जनसेवक फिरोज नवाब ने यह सम्मान सभी को समर्पित करते हुए कहा की सेवा से जुड़े प्रत्येक लोग जो हमारे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से साथ दिया जिले की प्रत्येक संस्था, दंतेवाड़ा जिले के सभी रक्तवीर व रक्तवीरांगना को आभार व्यक्त किया जनसेवक हमेशा सेवा के लिए सदैव समर्पित रहते है जिन्होंने करोना से संक्रमित शव के विधिवत अंतिम संस्कार के प्रतिबद्ध और समर्पित होकर किया व कोरोना काल अन्य आपात काल में भी सदैव जीवन बचाने हेतू स्वयं रक्तदान किया और करवा कर जीवन बचाने में सफल भूमिका निभाई है। बीकानेर राजस्थान मे आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन मे भारत के सभी राज्य व भुटान,दुबई,साऊदी अरब,कुवेत,यू ए आई, नेपाल, आदी देशो से भी सामाजिक कार्यकर्ता कार्यक्रम मे सम्मिलित हुवेबीकानेर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्रांड एम्बेसडर डॉ.नीरज के.पवन आई.ए.एस. डिवीजन कमिश्नर बीकानेर राजस्थान व मरुधरा की शान गलन्ट्रि सेना मेडल कर्नल हेमसिंह जी शेखावत जी व बी. एस. एफ. डी आई जी पुष्पेंद्र राठोर व परम पूज्य गुरुदेव रतन वशिष्ठ महाराज (काशी) और पादाचार्य रुद्र प्रताप के आतिथ्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## गंगालूर के ग्रामीणों को शिक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक



**बीजापुर 16 मार्च ।** समर्थन बुनियादी शिक्षा अभियान बीजापुर के अंतर्गत ब्लॉक बीजापुर के गंगालूर में मंगलवार हाट बाजार के दिन लोगों को शिक्षा एवं स्वास्थ्य जागरूकता के बारे में बता कर रीड एलांग बाय गूगल ऐप के बारे में जानकारी दी गई ।कार्यक्रम का नेतृत्व नीति आयोग के सहयोगी पिरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो भुमिका पेंदोर, प्राची तुमसरे के द्वारा किया गयामुख्य उद्देश्य गांव के लोगों को स्वास्थ्य एवं शिक्षा के प्रति जागरूक करना बालों पालको को जागरूक करना है ताकि वह अपने बच्चों को स्कूल भेजे शिक्षा के प्रति जागरूक होने के लिए प्रोत्साहित करे तथा गांव के युवा एवं युवतियों को जागरूक करना था। पिरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो भुमिका पेंदोर, प्राची तुमसरे ने लोगों को शिक्षा के महत्व बताकर गूगल बाय रीड एलांग ऐप का लाइव डेमो के साथ कहानी का पठन तथा गेम को बच्चों के द्वारा खेल कर बताया कि आप बच्चों को कैसे आप के माध्यम से पढ़ा पाएंगे जिससे बच्चों का पढ़ने का स्तर बढ़ पाएगा बच्चों का पढ़ने का स्तर बढ़ा पायेंगा बच्चों काहानी और खेल के माध्यम से भाषा सीखेंगेआरएचओ श्री योगेश एएनएम ललिता ने गर्भवती माता के खानपान एवं स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी साथ ही कुपोषण एवं कुपोषित बच्चों को किस तरह का पोषण आहार देना चाहिए इसके बारे में लोगों को जानकारी देकर जागरूक कियाइस दौरान मितानीन, स्टाफ नर्स, फील्ड कॉर्डिनेटर सहित ग्रामीण जन मौजूद थे।

### लाइवलीहुड कॉलेज में प्रशिक्षण से शीतल को मिला रोजगार

**कांकेर 16 मार्च ।** चारामा विकासखण्ड के ग्राम किशनपुरी निवासी शीतल कुमार साहू अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार की तलाश कर रहा था। रोजगार की तलाश में जब उन्हे कोई रास्ता नजर नहीं आया, तब अपने भाई और गांव के लोगों से मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना की जानकारी मिली। उन्होंने लाइवलीहुड कॉलेज कांकेर में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन कोर्स के लिए आवेदन किया। आवेदन करने के एक सप्ताह के भीतर ही शीतल को कौशल विकास विभाग से फोन आया और उसे नि:शुल्क प्रशिक्षण की जानकारी उपलब्ध कराई गई। शीतल ने बताया कि मैं 12वीं उत्तीर्ण हूॅ, मेरे घर पर केवल मेरे पिता मोहन साहू ही कमाऊ सदस्य है, जो कि कृषक है और उनकी आमदनी पर मॉ, एक भाई और एक बहन तथा स्वयं आश्रित है। लाईवलीहुड कॉलेज कांकेर से प्रवेश के लिए फोन आया तब उन्होंने अपना सामान पकड़ कर घरवालों और गांव वालो से विदा लेते हुए कांकेर के आजीविका महाविद्यालय में अपना दाखिला कराने पहुंचा, जहॉ उसे नए-नए मित्र मिले और अपने रूचि के अनुसार बेहतर विशेषज्ञ भी मिले। वे कॉलेज में रोज नई-नई तकनीको का प्रशिक्षण प्राप्त किया। कॉलेज में उसे नि:शुल्क भोजन और रहने की व्यवस्था मिली जिससे वे अपने कार्य में रूचि लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि कॉलेज आकर मेरे आत्मविश्वास में बेहद इजाफा हुआ और प्रशिक्षण के दौरान मुझे आधुनिक तकनीकों को चलाने का हुनर भी सिखने मिला। काम सीखने के साथ ही मुझे अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिला, जिससे मैं अब शहरी जीवन शैली और बातचीत के नए तौर तरीकों के बारे में मुझे सीखने के साथ ही रहन-सहन एवं बोलचाल की शैली में भी सुधार आया है।

## संयुक्त कलेक्टर ने किया उत्कृष्ट हिन्दी मीडियम स्कूल बड़गांव का निरीक्षण



**कांकेर 16 मार्च ।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी मीडियम स्कूल बड़गांव का संयुक्त कलेक्टर श्री अंजोर सिंह पैकरा ने अवलोकन किया। उन्होंने कक्षा 11वीं के सभी विद्यार्थियों को हिन्दी विषय, व्याकरण और मात्राएं के संबंध में जानकारी लिया तथा पढ़ाई करने के साथ ही अच्छे अंको से उत्तीर्ण होकर अपने माता-पिता और जिले का नाम रौशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने शिक्षकों को विद्यालय की नियमित साफ सफाई एवं समय पर विद्यालय में उपस्थित होकर पाठ्यक्रम को समय पर पूर्ण कराने के लिए निर्देश दिये।संयुक्त कलेक्टर ने शाला प्रबंधन समिति की बैठक लेकर सदस्यों को नियमित बैठक आयोजित करने तथा बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि संकुल प्राचार्य एवं शैक्षिक समन्वयक को नियमित शालाओं का निरीक्षण कर टीप अंकित करने तथा विद्यालय से बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर शिक्षकों का जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने और मध्यान्ह भोजन योजना का संचालन की नियमित जांच करने के निर्देश दिये। बाजार दिवस दोपहर के बाद अनुपस्थित शिक्षकों की जानकारी देने के निर्देश भी उनके द्वारा दिया गया। इस अवसर पर समग्र शिक्षा के जिला मिशन समन्वयक आर पी मीरे, बीआरसी प्रवीर कृष्ण बाला और संकुल समन्वयक आरएन शर्मा उपस्थित थे।

## कार्यशाला में छात्रों का कैरियर एवं व्यक्तित्व विकास की जानकारी दी

**कांकेर 16 मार्च ।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कांकेर में राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना हैदराबाद के अधिष्ठाता डॉ. नितिन कुमार रस्तोगी के मार्गदर्शन में कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. रस्तोगी ने संबोधित करते हुए कहा कि कार्यशाला में मिले ज्ञान को अपने जिंदगी में अनुसरण करें, साथ ही जिंदगी में आगे बढ़ने हमेशा सकारात्मक दृष्टि बनाये रखने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा रायपुर से वर्चुअल माध्यम से जुड़कर अपने उद्बोधन में कहा कि छात्रों को जिंदगी में हमेशा आगे बढ़ने की आवश्यकता है, जिससे अपने सपना को साकार करने में सफलता मिलेगी। पुलिस अधीक्षक श्री शलभ कुमार सिन्हा ने अपने जिंदगी के अनुभव को



छात्रों के साथ साझा किया। उन्होंने बच्चों को सीजी पीएससी और यूपीएससी की परीक्षा की तैयारी के लिए रूपरेखा, परीक्षा के प्रति दृढ़ इच्छाशक्ति, मेहनत, समय के सदुपयोग एवं आत्मविश्वास को सफलता की कुंजी बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को पुस्तकें और सामान्य ज्ञान विषय पर विशेष रूप से तैयारी करने लिए प्रेरित किया। छात्र-छात्राओं की जिज्ञासा और उनके प्रश्नों से मुखातिब होते हुए उन्हें हमेशा सीखने और असफलता से सामना करने की सलाह भी उनके द्वारा दी गई। डिप्टी कलेक्टर श्री विश्वास कुमार ने छात्र-छात्राओं को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के माध्यम से भर्ती होने वाले परीक्षा संबंधी जानकारी देते हुए कहा कि पाठ्यक्रम के अनुसार पढ़ाई करने, लक्ष्य निर्धारण, सामूहिक चर्चा, विषय की पुर्नावृत्ति और समय-सीमा का विशेष रूप से ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अपने मोबाइल नम्बर छात्र-छात्राओं के साथ शेयर करते हुए भविष्य में किसी भी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन करने के लिए हमेशा तत्पर रहने की सलाह दी।

# कलेक्टर ने किया बास्तानार ब्लाक में संचालित विकास कार्यों का निरीक्षण

**जगदलपुर, 16 मार्च ।** कलेक्टर श्री चंदन कुमार ने बुधवार को बास्तानार विकासखंड में संचालित विकास कार्यों और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन का निरीक्षण किया। उन्होंने बास्तानार के समीप बन रहे रेस्ट हाउस, ईरपा के देवगुड़ी, मुतनपाल के स्वास्थ्य केंद्र, उचित मूल्य की दुकान में राशन की उपलब्धता, अमृत सरोवर के कार्य, बड़े किलेपाल में संचालित आईटीआई भवन व अन्य भवन के विकास कार्यों और कोड़ेनार में निर्माणधीन ग्रामीण औद्योगिक पार्क का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने देवगुड़ी के जीर्णोद्धार कार्य को समय-सीमा में पूर्ण कर परिसर में सौदर्यीकरण व वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर इसके उपरांत अति संवेदनशील क्षेत्र में स्थित मुतनपाल पहुंचे, जहाँ पर उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पहुंचे कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार के संबंध में जानकारी ली। स्वास्थ्य केंद्र में दी जा रही सेवाओं, बाह्य रोगी की पंजी, मरीजों की दी जाने वाली दवाईयों, दवाइयों की उपलब्धता, चिकित्सक और स्टाफ की जानकारी ली। उपचार के लिए पहुंचे ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुतनपाल में उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण कर चावल की बोरी में अनाज की मात्रा का तौल करवाया और सेल्समैन से राशन के भंडारण की जानकारी भी ली। उन्होंने पीडीएस दुकान के समीप स्थित पंचायत के खाली भवन को उचित मूल्य की दुकान हेतु उपयोग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मांढर नदी के समीप निर्माण किए जा रहे अमृत सरोवर के कार्य का अवलोकन किया। सरोवर के बंड में शहतूत के पौधों का रोपण और अरहर के बीजों का छिड़काव करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने बड़े किलेपाल में संचालित आईटीआई भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान संस्था में पढ़ाई कर रहे बच्चों से उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी लेते हुए इनके शीघ्र निराकरण की बात कही। कलेक्टर ने भवन में विद्युतीकरण के कार्य का अवलोकन कर परिसर को सुरक्षित करने हेतु घेराव करने, निर्माणधीन अन्य भवनों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत कोड़ेनार में तैयार की जा रही रीपा प्रोजेक्ट का अवलोकन किया। इस दौरान रीपा के लिए निर्माण की जा रही शेडों का निरीक्षण कर मशीनरी की स्थापना, कार्य करने वाली महिला समूहों का प्रशिक्षण, परिसर के अन्य विकास कार्य को 25 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। रीपा के अंतर्गत महिला समूह द्वारा कोदो का प्रसंस्करण कर रही सदस्यों से कलेक्टर ने की चर्चा। इस दौरान अनुविभागीय दंडाधिकारी तोकापाल ऋतुराज बिसेन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके चतुर्वेदी, प्रभारी तहसीलदार कैलाश पोयम, सीईओ जनपद आर के कर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### बाल विवाह रोकथाम एवं कुपोषण उन्मूलन के प्रभावी क्रियान्वयन में समाज प्रमुखों से सहयोग की अपील



**बीजापुर 16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** समाज में बाल विवाह का प्रकरण न हो कुपोषण के रोकथाम हेतु शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन में योगदान, सामाजिक रूढीवादी परांम्पराओं में बदलाव, समाज में कोई भी बालक-बालिका शिक्षा से वंचित न हो, शाला त्यागी बालक-बालिकाओं को स्कूल से जोड़ा जाना, संस्थागत प्रसव में सहयोग विधिक सहायता की जानकारी हेतु एक दिवसीय संवेदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें श्री राजेन्द्र कुमार कटारा द्वारा आयोजित किया गया, संवेदीकरण कार्यशाला में कलेक्टर द्वारा सामाज प्रमुखों से शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन एवं जिले से बाल विवाह रोकथाम, कुपोषण उन्मूलन, शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए समाज प्रमुखों से चर्चा कर अपील किया गया कि आप सभी लोगों के द्वारा यह प्रयास किया जाना है, कि समाज में कहीं पर भी बाल विवाह का प्रकरण न हो, निर्धारित आयु बालिका की 18 वर्ष एवं बालक का 21 वर्ष होने के पश्चात ही किया जावे। आप अवगत हों कि बाल विवाह केवल एक समाजिक बुराई ही नहीं आपितु कानून अपराध भी है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत वर वधु, माता पिता, सगे-संम्बधी, बराती, विवाह कराने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। बाल विवाह का ही दुष्परिणाम है कि बच्चों में कुपोषण शिशु मृत्युदर मातृ मृत्युदर के साथ घरेलू हिंसा में भी वृद्धि होती है जो कि शासन एवं समाज की सहभागिता से ही समाज में व्याप्त बुराई पूर्णतः उन्मूलन हेतु परिणाम मूलक कार्यवाही की जा सकती है। सर्व आदिवासी समाज प्रमुख श्री अशोक तलाड़ी द्वारा कलेक्टर महोदय की अध्यक्षता में हुई बैठक के लिए कलेक्टर व विभाग को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आश्वस्त किया गया कि आपके प्रयास से जिले में पहली बार समाज प्रमुखों के साथ शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में सहभागिता हेतु बैठक आयोजित किया गया है। जिसमें हमारे सभी समाज के महिला नेतृत्वकर्ताओं की उपस्थिति इस बात का परिचय देता है कि एवं हमारे समाज के द्वारा शासन के सभी महत्वपूर्ण योजनाओं के साथ मिलकर एवं उसमें अपने सहभागिता सुनिश्चित करेंगें और समाज में बाल विवाह रोकथाम कुपोषण उन्मूलन एवं शिक्षा के लिए विशेष प्रयास किया जावेगा। इससे हमारे समाज के ही विकास संभव होगा। एडीपीओ श्री प्रदीप झा के द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के संरक्षण संबधी कानूनी अधिकारों की जानकारी दिया गया। सहायक आयुक्त कल्याण सिंह मसराम एवं जिला शिक्षा अधिकारी, बलीराम बघेल द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयास एवं योजनाओं की जानकारी दिया गया । डीपीएम स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी एवं समाज प्रमुखों से विभिन्न समुदायों टीकाकरण संस्थागत प्रसव व स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सा सुविधाओं का उपयोग हेतु सहयोग के लिए जानकारी दिया गया।

### अब धरमारम के ग्रामीणों को भी मिलेगा उनके गांव में राशन



**बीजापुर 16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा के निर्देशन में खाद्य विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई सुनिश्चित कर सुगमतापूर्वक राशन ग्रामीणों को उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी क्रम में अब धरमारम के ग्रामीणों को उनके मूल पंचायत में खाद्यान्न मिलने लगा है। जिला खाद्य अधिकारी श्री गणेश कुर्रे ने बताया अभी 28 दुकानों को मूल पंचायत में शिफ्ट किया जा चुका है और लगातार ग्रामीणों को सुगमतापूर्वक राशन उनके पंचायत में उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। धरमारम के ग्रामीण 5 किलोमीटर की दूरी तय करके पामेड़ से खाद्यान्न लेने पर मजबूर थे ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए अब वहां ट्रेक्टर के माध्यम से राशन पहूँचाकर वितरण किया जा रहा है। अंदरूनी क्षेत्रों में सड़क, पुल-पुलिया और परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है ताकि ग्रामीणों को बिना किसी परेशानी के राशन मिल सके।

### सौर सुजला योजना बनी किसानों की उन्नति का सहारा

**बीजापुर 16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**



बीजापुर घने जंगल, पहाड़ियों से घिरा हुआ जिला है ऐसे में आज भी कई गांव में विद्युत विस्तार संभव नहीं हो पा रहें हैं ऐसे सुदूर क्षेत्रों में किसानों को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने कृषि उद्यानिकी एवं बागवानी फसल के लिए सौर सुजला सहारा बना है। पहले जल स्त्रोतों, बोरवेल्स, कुआॅ, नदी, नालों से सिंचाई करने में कहठिनाई आती थी। किन्तु अब सौरसुजला के माध्यम से सोलर पंप की सहायता से जल स्त्रोतों का अच्छा दोहन किसान कर पा रहे है। जिले में अब तक 2792 कृषकों के यहां सौर सिंचाई पंप स्थापित किया जा चुका है। जिसमें किसान अब धान के साथ-साथ साग-सब्जी, दलहन-तिल्हन का बागवानी करते हुए अपने आय में वृद्धि कर रहे हैं जिससे किसानो के आर्थिक स्थिति में सुधार व परिवार के बच्चों के पालन-पोषण एवं पढ़ाई, सामाजिक स्थिति में काफी सुधार हो रहा है। कृषक सोहन लाल राणा, पिता गुल्ला राणा ग्राम मुसालूर 3 एचपी सर्फेस सोलर पंप लगाकर अपने स्वयं की भूमि में धान, बैगन, बरबट्टी, आलू आदि साग-सब्जी उत्पादन कर वार्षिक आय 70 हजार रूपए अर्जित कर रहा है। किसानों के आर्थिक स्थिति में सुधार होने से जीवन शैली में सुधार हुआ है।

### आयुष्मान कार्ड बनाने ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकताओं का प्रशिक्षण

**बीजापुर 16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके ने ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ता महिला एवं पुरूष को सभी हितग्राहियों का शतप्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने 13 मार्च को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें अभियान के रूप में आयुष्मान कार्ड बनाने आवश्यक दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन दिए। इस दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



# जिले के बिहान की महिलाओं ने मानदेय बढ़ाने के लिए लगाई कलेक्टर से गुहार

## जनदर्शन में जिलाधीश को समस्याओं से कराया अवगत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम,16 मार्च।** जिले के बिहान योजना के अंतर्गत कार्यरत महिलाएं जिला कलेक्टर प्रभात मलिक के जनदर्शन में पहुंचकर उन्हें कार्य में होने वाली समस्याओं से अवगत कराते हुए मानदेय बढ़ाने की मांग किया। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान क्रेडर के कुंती साहू, शोभा सेन, दुलारी साहू, रीना साहू, प्रमिला साहू, विमला साहू, मोमिन साहू, महेश्वरी साहू, पद्मा साहू, उमेश्वरी निषाद, तेज प्रकाश ध्रुव इत्यादि सैकड़ों महिलाएं संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्रित हुए और बढ़ती महंगाई में कम पेमेंट पर काम करने में हो रही दिक्कत को बताते हुए मानदेय बढ़ाने की मांग रखी। उन्होंने मांग पत्र सौपते हुए बताया कि बैंक मित्र को मात्र महीने का 2500 ? मिलता है और मानदेय राशि भी पांच महीने बाद मिलता है। ऐसे में वह अपनी परिवार तथा खुद का खर्चा कहां से करें। रोजाना बैंक के समय सुबह 10ः00 बजे से शाम 5ः00 बजे तक पूरी जिम्मेदारी के साथ आजीविका मिशन के कार्यों में डटे रहते हैं। वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में कार्यरत बैंक मित्र के कार्यों की हर कोई सराहना करते हैं लेकिन खुद वेतन के नाम पर कम राशि में काम कर गुजारा कर रहे हैं जिससे इनकी आर्थिक स्थिति चरमरा गई है। इसी तरह से बुक कीपर को मात्र ?2200 मासिक राशि दी जाती है। एफएलसीआरपी को ?5000, सक्रिय महिला, पशु सखी, कृषि मित्र, एकेएम, को महज 1500 रुपया मानदेय मिलता है। ?1500 मासिक के आधार पर 1 दिन के हिसाब से लिया जाए तो मात्र ?50 में काम कर रही है इतनी कम राशि पर जीवन यापन करना बहुत मुश्किल जा रहा है। इन बहनों ने बताया कि एक सखी को 5 पंचायतों में कार्य करने की जिम्मेदारी दी जाती है इसके लिए वह 15 से 20 किलोमीटर तक की दूरी तय करते हैं इस दौरान आने जाने में परेशानी, परिवहन में दिक्कतें होना स्वाभाविक है इनके साथ ही कलस्टर अंतर्गत समूह निर्माण, समूह का बैठक करना, पुस्तक संधारण करना, पुस्तक संसाधन का प्रशिक्षण करवाना, ग्राम संगठन और समूह का ऑडिट करना एमसीपी फॉर्म भरना, आर एफ फॉर्म भरना, ग्राम संगठन के सभी कार्य में सक्रिय भागीदारी किसान ग्राम गौठान आजीवका गतिविधि एवं पंचायत में सर्वे का कार्य हम सभी द्वारा क्रेडरों के द्वारा किया जाता है इसके साथ ही ब्लॉक और कलक्टर द्वारा अन्य टारगेट भी दिया जाता है जिसे यह बहने भली-भांति पूरी ईमानदारी के साथ पूर्ण करते हैं। इनकी मेहनत से हर कोई वाकिफ है लेकिन मानदेय को बढ़ाने पर अभी तक किसी ने विचार नहीं किया नतीजा मजबूरन इन बहनों ने जिला कलेक्टर को आवेदन देकर गुहार लगाई है।

### जिले के पांचों ब्लॉक से पहुंचे

परिवार चलाने की चिंता इन आजीविका मिशन बिहान क्रेडर की बहने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है वैसे बता दे इनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर है जिसके चलते सारी बहनें पूरी लगन के साथ काम तो कर रही है लेकिन आशानुरूप मानदेय नहीं मिलने से अत्यंत चिंतित है। जिले के पांचों ब्लॉक फिंगेश्वर, देवभोग, गरियाबंद, छुरा, मैनपुर से पहुंचे हुए थे। कलेक्टर साहब को ज्ञापन सौंपकर आश्वस्त है कि मानदेय पर बढ़ोतरी के लिए विचार किया जाएगा। और परिवार चलाने योग्य मानदेय देकर इन्हें सम्मानित जरूर करेगी।

एक नजर

### पदोन्नति देने की मांग को लेकर संयुक्त संचालक से मिला छग प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ



**राजिम,16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** उच्च श्रेणी शिक्षक एवं मिडिल स्कूल प्रधानपाठक एवं डीपीएड बीपीएड योग्यता धारी सहायक शिक्षकों के शीघ्र से शीघ्र पदोन्नति की मांग को लेकर आज छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मडंल प्रांताध्यक्ष केदार जैन के निर्देश पर संयुक्त संचालक रायपुर के कुमार से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने संचालक से चर्चा करते हुए कहा शिक्षक संवर्ग की पदोन्नति पिछले एक वर्ष से न्यायालय में लंबित था जिस पर 9 मार्च को उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए पदोन्नति पर लगे स्टे को हटा दिया है। इसलिए शीघ्र से शीघ्र पदोन्नति जारी किया जाए । चर्चा के दौरान प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि पिछले एक वर्षों से शिक्षक सम्वर्ग पदोन्नति न मिलने के कारण आर्थिक नुकसान झेल रहा है। जिस पर अधिकारी ने सार्थक बात करते हुए कहा कि शासन स्तर पर निर्देश मिलने पर जल्द इस पर उचित कार्यवाही की जाएगी और समस्त पदों पर पदोन्नति किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में प्रान्तीय मीडिया प्रभारी अमित दुबे, संभाग अध्यक्ष रायपुर गोपेश साहू ,जिला अध्यक्ष रायपुर पवन सिंह, कार्यकारी जिला अध्यक्ष रायपुर प्रदीप साहू,ब्लॉक अध्यक्ष अभनपुर जितेंद्र सिन्हा , ब्लॉक पदाधिकारी सचिव अभनपुर भरत नेताम उपस्थित थे।

### जैविक किसान मेला एंड टेक फेस्ट महोत्सव का आयोजन 18 मार्च को

**रायगढ़, 16 मार्च।** धरमजयगढ़ विधायक श्री लालजीत सिंह राठिया के मुख्य आतिथ्य में जिला प्रशासन एवं समस्त विभागों के सहयोग से जैविक किसान मेला एंड टेक फेस्ट महोत्सव का आयोजन 18 मार्च शनिवार को धरमजयगढ़ के मंगल भवन के पास दशहरा मैदान में प्रातः10 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जायेंगे। जिसमें मिलेट्स के व्यंजन, मिलेट्स कैफे विथ हेल्थी लाइफ स्टाइल, महिला समूहों द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पाद प्रदर्शनी एवं बज क्विट प्रमुख आकर्षण रहेगा। इस दौरान जन समावेशी योजनाओं पर चर्चा एवं जानकारियां, पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप वेन्चर, शैक्षणिक इनोवेटिव स्लॉट्स-इंटरनेट ऑफ थिंग्स, रोबोटिक्स, बीआईओएस, एम्प्लॉयमेंट जनरेशन मेला, स्टार्टअप डिस्कशनस एवं प्राइवेट सेक्टर्स विथ एग्रीकल्चर के बारे में जानकारी दी जाएगी।

### रोजगार मेला का आयोजन 25 मार्च को

**रायगढ़, 16 मार्च।** निजी क्षेत्र की रिक्तियों में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए 25 मार्च 2023 को प्रातः10 बजे से तमनार में रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जिले में स्थापित विभिन्न औद्योगिक ईकाईयों तथा विभिन्न संस्थानों से तकनीकी एवं गैर तकनीकी पद हेतु लगभग 1100 की रिक्तियां प्राप्त हो चुकी है। इसमें औद्योगिक ईकाईयों की अप्रेंटिसशिप योजना की रिक्तियां भी शामिल है। रिक्तियों की संख्या में बढ़ोत्तरी की संभावना है। प्रस्तावित रोजगार मेला का आयोजन स्थल में ही विभिन्न रिक्तियों तथा अप्रेंटिसशिप योजना के लिए आवेदकों के चयन की कार्यवाही की जाएगी। योग्यताधारी आवेदक समस्त मूल प्रमाण-पत्रों के साथ उपस्थित होकर रोजगार मेला में भाग ले सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### 10 वीं बोर्ड की व्यावसायिक पाठ्यक्रम परीक्षा संपन्न

**रायगढ़, 16 मार्च।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2023 कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा के तहत 15 मार्च को व्यावसायिक पाठ्यक्रम विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 1098 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 1062 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 36 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# पीडीएस से चावल चोरी के चार आरोपियों से राशन की हुई जब्ती



■ चार आरोपी फरार आरोपियों की संख्या और भी ज्यादा हो सकती है।

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव,16 मार्च।** सरकारी राशन दुकान से राशन चोरी का मामला थमने का नाम नही ले रहा था,एक के बाद एक राशन दुकानो से चोरी पुलिस के साथ प्रशासन के लिए भी चुनौति बन गया था,विगत कुछ माह पहले ब्लाक के सुरेशपुर पी.डी.एस दुकान मे राशन की चोरी हुयी थी,जिसके बाद पुलिस कुछ आरोपियों को हिरासत मे ली,परंतु राजनीतिक दबाव के कारण आरोपियो पर होने वाली कार्यवाही हल्की हो गयी। उसके बाद एक बार फिर सरकारी राशन की चोरी करने वाला गैंग क्षेत्र मे सक्रिय हो गया था। विगत कुछ दिन पहले सूरजपुर पुलिस ने सूरजपुर क्षेत्र मे हुयी सरकारी राशन की चोरी मामले मे क्षेत्र के राशन चोर गैंग को हिरासत मे लिया था,जिनके तार कछार पी.डी.एस दुकान मे राशन चोरी से जुडे हुये थे,जिसकी सूचना पत्थलगांव पुलिस को भी लग चुकी थी। सूरजपुर पुलिस द्वारा शासकीय राशन की चोरी मे संलिप्त जिन आरोपियों की गिरफ्तारी की गयी है उनके द्वारा ही कछार की पी.डी.एस दुकान से लगभग 135 बोरा राशन की चोरी की गयी है। थाना से मिली जानकारी के अनुसार 7 मार्च दिन मंगलवार की रात्रि में कछार के राशन दुकान में 102 बोरी चावल 28 बोरी चना 8 बोरी शक्कर की चोरी हो गई थी,जिसकी रिपोर्ट कछार पी.डी.एस.दुकान संचालक ने पत्थलगांव थाने में आकर दर्ज करायी थी,जिसके बाद पुलिस लगातार मुखबीरों का जाल फैलाया था,जिसके परिणाम स्वरूप पत्थलगांव पुलिस को सूचना मिली की सूरजपुर में हुए पी.डी.एस दुकानों में चोरी के मामले को लेकर पत्थलगांव क्षेत्र के आरोपियों को पुलिस ने दबोचा है एवं चावल चोरी में लिप्त 3 पिकअप,एक वैन गाड़ी को पकड़कर आरोपियों से लंबी पूछताछ करते हुए माल की बरामदगी की गई है। पत्थलगांव पुलिस ने सूरजपुर पुलिस से संपर्क करते हुए दिन बुधवार को आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लाकर कछार में हुए पी.डी.एस दुकान से चोरी माल के संबंध में पूछताछ की गई,जिसके बाद आरोपी कैलाश चिकनीपानी,लक्ष्मी नारायण यादव पिता कुरशो यादव, लुडेग, चंद्रभान यादव पिता निरंजन यादव लुडेग,प्रफुल्ल एक्का पिता रूपेंद्र एक्का तुरूवाआमा से पूछताछ करने पर कछार राशन दुकान में चोरी का अपराध कबूल किया।।

**आरोपियों के ठिकानों से जब्त किया पूरा माल-** थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने बताया कि आरोपियों द्वारा कछार मे घटित हुयी राशन चोरी की घटना को कबूल करते हुये उनके बताये अनुसार कछार राशन दुकान से चोरी किये गये 102 बोरी चावल 28 बोरी चना एवं 8 बोरी शक्कर को पकड़ कर थाना ले आया गया है,उनका कहना था कि राशन चोरी की घटना को अंजाम देने के मामले मे चार अन्य आरोपी और मौजूद हैं,जिन्हे जल्द ही पकड लिया जायेगा। दरअसल लंबे समय से क्षेत्र मे चोरी का सामान खरीदने वाले सफेद पोश व्यवसायी अपना कारोबार संचालित कर रहे है,चोरी का माल हाथो हाथ बिक जाने के कारण चोरो के हौंसले काफी बुलंद हो रखे है,यही कारण है कि क्षेत्र की पी.डी.एस दुकाने आये दिन चोरो के निशाने मे रहती है।

**बडा गिरोह कर रहा काम-**ःसरकारी राशन दुकान से राशन चोरी करने मे एक बडा गिरोह घटना को अंजाम दे रहा है,पत्थलगांव ब्लाक के अलावा जिला के अन्य ब्लाक कांसाबेल,कुनकुरी एवं आस-पास की राशन दुकानो मे आये दिन चोरी की घटनायें सामने आ रही है। थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने बताया कि आरोपियों द्वारा एक बडा गैंग बनाकर चोरी की लगातार घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है,जिसका जल्द ही पर्दाफाश किया जायेगा।

### भेंडरा में ममतामयी मिनी माता की जयंती

**अंवरी।** ग्राम भेण्डरा में ममता मयी मिनी माता स्वह सहायता समूह के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ के प्रथम महिला सांसद महिला सशक्तिकरण की प्रतिमूर्ति ममता मयी माता मिनी के जन्मदिन पर पूजा अर्चना करके माता जी को याद किया गया और छायाचित्र मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया 7 साथ ही मिनी माता के बारे में बताते हुए कहा की मिनीमाता का व्यक्तित्व अतुलनीय था. सरल और सहज व्यक्तित्व की धनी मिनीमाता ने अपना पूरा जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित किया।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई खाद्य सुरक्षा की जिला सलाहकार समिति की बैठक

**महासमुंद ।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 विनियम 2011 के अंतर्गत राज्य शासन द्वारा कलेक्टर श्री निलेशकुमार क्षीरसागर की अध्यक्षता में आज यहाँ कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में गठित जिला सलाहकार समिति प्रथम बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला स्तर पर खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता परीक्षण के लिए की जा रही कार्रवाइयों, अभियोजन एवं जुर्माना आदि से संबंधित जानकारी दी गई। सभी खाद्य कारोबारियों के अनुज्ञप्ति एवं पंजीयन पर भी चर्चा की गई। साथ ही मध्याह्न भोजन, रेडी टू ईट, महिला स्व सहायता समूहों तथा कारोबारकर्ताओं के फास्ट ट्रैक प्रशिक्षण एवं खाद्य सुरक्षा को लेकर जन जागरूकता अभियान संबंधी विषयों पर विचार विमर्श किया गया। कलेक्टर श्री निलेशकुमार क्षीरसागर ने जिले में फोर्टिफाइड फूड के उपयोग को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। उन्होंने समिति के सदस्यों को त्योहारी सीजन में बिकने वाली अवमानक रंग बिरंगी मिठाइयों के रोकथाम एवं मिठाइयों की गुणवत्ता निर्धारित करने पर बल दिया। उन्होंने आमजनों को मानक के अनुरूप खाद्य सामग्रियां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण एवं जांच करने कहा। कलेक्टर ने खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में किये जा रहे कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने मिलावट के प्रति जनजागरूकता, कार्यक्रम चलाकर उपभोक्ताओं को जागरूक करने की बात कही। जिला सलाहकार समिति ने सभी उपभोक्ताओं से गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्रियों के उपयोग की अपील की है। जिससे अवमानक सामग्रियों के उपयोग से होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचा जा सके। बैठक में समिति के सदस्य अपर कलेक्टर श्री दुर्गेश कुमार वर्मा, सदस्य सचिव अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री उमेश साहू, समिति सदस्य ज़िला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मीता मुखर्जी, उप पुलिस अजय यादव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती ज्योति भानु आदि उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप

### कवासी लखमा मावली माता मेला में हुए शामिल



**सुकमा, 16 मार्च।** उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा आज विश्वप्रसिद्ध मावली माता मेला में शामिल हुए। यहां उन्होंने पूरी श्रद्धा के साथ मुसरईया माता और मावली माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। सुकमा जिले के छिंदगढ़ में मावली माता मेला का आयोजन 12 वर्ष में एक बार होता है। इसकी प्रसिद्धी इतनी है कि इस मेले में शामिल होने के लिए दूसरे देश के लोग भी पहुंचते हैं। मंत्री श्री कवासी लखमा मावली माता मेला में नृत्यदल में शामिल होकर ढोल बजाकर पारंपरिक नृत्य किया। इस दौरान उन्होंने छिंदगढ़ में बन रहे नए देवगुड़ी का निरीक्षण भी किया। मावली माता मेला में दूर-दूर से लोग बड़ी संख्या में शामिल होने के लिए पहुंचते हैं। मेले में शामिल होने फ्रांस से पहुंचे दंपत्ति ने बताया कि वे तीरथगढ़ आये थे पर जैसे ही मेले के बारे में हमें पता चला हम यह घुमने आ गये। यहां आने के बाद हमें बहुत ही शांति और सुकून का अहसास हो रहा है। इसके साथ ही हमें यहां की संस्कृति को देखने का मौका मिला, जो हमारे लिए हमेशा अविस्मरणीय रहेगा।इस अवसर पर चित्रकोट विधायक श्री राजमन बेंजाम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हरीश कवासी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### भामाशाह साहू सद्भाव समिति का होली मिलन आयोजित



**राजिम,16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भामाशाह साहू सद्भाव समिति स्वयंसेवी पंजीकृत संस्था गोबरा नवापारा ने भारतीय संस्कृति होली पर्व के शुभ अवसर पर होली मिलन समारोह का कार्यक्रम गायत्री मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फिंगेश्वर जनपद पंचायत की पूर्व पंचायत इंस्पेक्टर एवं सामाजिक कार्यकर्ता नूतन साहू थे एवं अध्यक्षता मोहनलाल मानिकपन ने किया कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर रमेश कुमार सोनसायटी ने किया। कार्यक्रम में संरक्षक मकसूदन साहू बरीवाला ने कहा कि यह त्यौहार हमें बुराई पर अच्छाई की जीत कुविचार पर सुविचार की जीत है इसलिए मन क्रम वचन से किसी का अहित करने का नहीं सोचना चाहिए संरक्षक एस आर सोन ने कहा कि यह त्यौहार प्रेम और उल्लास लेकर आता है इसलिए सद्भाव बनाए रखना चाहिए मोहनलाल मानिकपन ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि यह पर्व हमें एकता के सूत्र में बांधने आपस में संगठित करने सहयोग की भावना को प्रेरित करने वाला होता है बताया अतिथि उद्बोधन में नूतन साहू ने कहा कि भामाशाह साहू सद्भाव समिति द्वारा किए जाने वाला जन सहयोग का कार्य सराहनीय है इसी प्रकार से सभी वर्ग के लोगों को किया जाना चाहिए जिससे समाज का उत्थान हो एवं जागरूकता आए साथ ही होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए आपस में प्रेम भाव सहयोग सद्भाव बनाए रखने पर जोर दिया तत्पश्चात अतिथि नूतन साहू का समिति द्वारा साल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में एसआर सोन मकसूदनराम साहू बरीवाला मोहनलाल मानिकपन रोमन लाल साहू दिनेश साहू डॉ रमेश कुमार सोनसायटी डेरहू राम साहू संपत साहू डॉक्टर नारायण साहू खियाराम साहू भागवत साहू की उपस्थिति रही।

### जल, संपति कर के बड़े बकायदारों की पालिका करेगी संपत्ति कुर्क

**महासमुंद।** नगर पालिका सभाकक्ष में पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग की अध्यक्षता में सभी विभाग प्रभारियों की बैठक लेकर कार्यो की समीक्षा की। बैठक में राजस्व और पेयजल टैक्स के बकायादारों से वसूली के लिए शख्त कदम उठाए जाने का निर्माण लिया गया है। अब ऐसे लोगों के विरुद्ध नगर पालिका संपत्ति की कुर्की करने की तैयारी में है। इसके लिए बाकायदा बड़े बकायदारों के नाम की सूची भी तैयार किया गया है।नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने बुधवार को सभाकक्ष में राजस्व, जल, विद्युत, लोक निर्माण, स्वास्थ्य, वाहन, मिशन क्लीन सिटी, प्रधानमंत्री आवास के प्रभारियों की बैठक लेकर उनके कार्यो की समीक्षा की। इस समीक्षा बैठक में विशेष रूप से जल और राजस्व विभाग की वसूली पर चर्चा हुई। जिसमें नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने कहा शख्ती के साथ राजस्व और जल विभाग को कड़ाई के साथ वसूली करने के निर्देश दिए। इस दौरान जल प्रभारी ने बताया कि, बहुत से ऐसे नल कनेक्शन धारी हैं जिनका नल कनेक्शन सालों पहले बिच्छेद हो चुका है ।

# वेद ने सुनाया पहाड़ा, कलेक्टर ने खुश होकर गिफ्ट किया अपना पेन



**रायगढ़, 16 मार्च।** कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा घरघोड़ा विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों के दौरे पर रहे। जिसके तहत आज वे घरघोड़ा के यूथ सेंटर का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थिंयों से चर्चा की। कलेक्टर श्री सिन्हा ने यूथ सेंटर को बेहतर रूप से डेवलप करने एवं 15 जून तक अवकाश के दरम्यिान स्पेशल क्लास संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने वोकेशनल कोर्स के साथ व्यापम, स्पोकन, जेईई, नीट जैसे प्रतियोगिता परीक्षाओं के तैयारी हेतु शिक्षक व्यवस्था के निर्देश दिए। जिससे विद्यार्थी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इस दौरान वे प्राथमिक स्कूल पहुंचे, यहां उन्होंने डिजिटल बोर्ड के माध्यम से पढ़ रहे बच्चों से चर्चा की। उन्होंने पांचवी क्लास के छात्र वेद कुमार यादव से 14 का पहाड़ा पढ़ने को कहा, जिस पर वेद ने पहाड़ा सुनाया, कलेक्टर श्री सिन्हा खुश होकर छात्र देव को अपना पेन गिफ्ट किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री सिन्हा घरघोड़ा स्थित आदिवासी बालक एवं बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया। वहां उपस्थित वार्डन ने बताया कि नवनिर्मित बालिका छात्रावास पोस्ट मैट्रिक छात्रावास है, जो आगामी जून से प्रारंभ हो जायेगी। वर्तमान में हॉस्टल प्री-मैट्रिक बालिका छात्रावास में संचालित हो रही है। जिसके पश्चात कलेक्टर श्री सिन्हा बालक छात्रावास पहुंचे एवं बच्चों से चर्चा की। उन्होंने वर्तमान में बच्चों के संख्या की जानकारी ली, हॉस्टल वार्डन द्वारा बताया गया कि उक्त बालक छात्रावास में कुल 145 बच्चे हैं। इस दौरान कलेक्टर श्री सिन्हा ने नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष में बच्चों को शिफ्ट करने के निर्देश दिए। साथ ही छात्रावास के कक्ष में पर्याप्त लाइट की व्यवस्था एवं आवश्यकतानुसार कमरों के मरम्मत व रंगरोगन के कार्य करने के निर्देश दिए, जिससे छात्रावास बेहतर व आकर्षक हो सके। इसी क्रम में उन्होंने घरघोड़ा स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आकर्षक लाईब्रेरी, क्लासरूम एवं लैब की उचित व्यवस्था देखकर सराहना की। कलेक्टर श्री सिन्हा आंगनबाड़ी केन्द्र एवं प्राथमिक शाला चुहकीमार भी पहुंचे। जहां छोटे बच्चों ने कलेक्टर श्री सिन्हा का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी में दिए जा रहे भोजन का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि भोजन की गुणवत्ता बेहतर हैं। जिसके पश्चात वे प्राथमिक शाला पहुंचे तथा शिक्षकों की उपस्थिति की जानकारी ली।

### लाईवलीहुड कालेज में बेहतर कोर्स के साथ संचालन हेतु बनाये कार्ययोजना

कलेक्टर श्री सिन्हा ने आज पूंजीपथरा स्थित ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज का विजिट किया, यहां उन्होंने दिए जा रहे रीटेल ट्रेनी, ब्यूटी थेरिस्ट जैसे वोकेशनल ट्रेनिंग विजिट कर मैकेनिकल वर्कशॉप का अवलोकन किया। उन्होंने मैनेजमेंट, आवश्यक उपकरण एवं संसाधन की जानकारी ली। उन्होंने लाइवलीहुड कॉलेज को बेहतर बनाने जिला पंचायत सीईओ एवं रोजगार अधिकारी को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। जिससे लाइवलीवुड कॉलेज में बेहतर संसाधनों के साथ मार्केट अनुरूप स्किल डेवलपमेंट के कोर्स संचालित किया जा सके।

# परशुराम मूर्ति का अनावरण 19 को, मंत्री, संसदीय सचिव एवं विधायकगण करेंगे शिरकत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**खरसिया,19 मार्च।** नगर के हृदय स्थल भगवान परशुराम चौक में नगर पालिका परिषद खरसिया की अध्यक्ष राधा सुनील शर्मा के मद से निर्मित स्थल एवं गार्डन तथा सर्व ब्राह्मण समाज के सहयोग से स्थापित भगवान परशुराम जी की मूर्ति का अनावरण छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से आए सभी विप्रजनों की उपस्थिति में 19 मार्च रविवार को शाम 4:00 बजे होगा।विप्र समाज के वरिष्ठ सुनील शर्मा ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष राधा सुनील शर्मा ने बैठक कर उक्त स्थल को भगवान परशुराम जी की मूर्ति स्थापना के लिए स्मारक एवं गार्डन के रूप में नगर पालिका परिषद में पास करा कर अपनी अध्यक्ष निधि से उक्त स्मारक स्थल एवं गार्डन का निर्माण करवाया तथा सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा उक्त स्थल पर अपने सहयोग से मूर्ति स्थापना की गई है। नगर पालिका परिषद द्वारा इस स्थल का नामकरण भगवान परशुराम चौक के रूप में किया गया है समाज के लिए गौरवशाली उक्त स्थल में स्थापित भगवान परशुराम जी की मूर्ति का अनावरण खरसिया क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक एवं उच्च शिक्षा मंत्री माननीय उमेश पटेल के मुख्य आतिथ्य में एवं वरिष्ठ विधायक रायपुर ग्रामीण के सत्यनारायण शर्मा, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, विधायक शिवरतन शर्मा, विधायक प्रमोद शर्मा, विधायक शैलेश पांडे एवं परम पूज्य महाराज श्री अग्निशिखा जी के विशिष्ट आतिथ्य में एवं नगर पालिका अध्यक्ष राधा सुनील शर्मा की अध्यक्षता में 19 मार्च रविवार को शाम 4ः00 बजे संपन्न होगा। कार्यक्रम में विशेष रूप से विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा, रायपुर ब्राह्मण समाज के पंडित चरण शर्मा, बिलासपुर ब्राह्मण समाज के पंडित हरिदत्त शर्मा, किरोड़ीमल नगर के मनीष शर्मा, ब्राह्मण समाज की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष सोनाली शर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष ममता पुजारी अपनी पूरी टीम के साथ विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।कार्यक्रम अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि परशुराम चौक पर ब्राह्मण समाज के इंजीनियर अनूप शर्मा द्वारा भव्य और सुंदर ढंग से स्मारक स्थल एवं गार्डन तैयार किया गया है। समाज के युवाओं द्वारा बड़े बुजुर्गों के आशीर्वाद से कार्यक्रम को यादगार बनाने अपने-अपने स्तर पर तैयारी में जुटे हुए हैं। प्रस्तावित परशुराम भगवान स्थल से 19 मार्च दोपहर 3ः00 बजे शोभा यात्रा प्रारंभ होगी। जिसमें छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से आए विप्र समाज के लोगों के साथ खरसिया के आसपास के क्षेत्रों के विप्रजन, महिलाएं एवं पुरुष भारी संख्या में शामिल रहेंगे। शोभायात्रा आकर्षक करमा-नृत्य, धुमाल एवं ढोल-ताशे के साथ परशुराम स्मारक स्थल पहुंचेगी। जहां मुख्य अतिथि तथा सभी ब्राह्मण समाज के लोगों की उपस्थिति में भगवान परशुराम जी की मूर्ति का अनावरण होगा। रात्रि में ब्राह्मण समाज खरसिया द्वारा भंडारा का आयोजन स्थानीय कन्या विवाह भवन में किया गया है। कार्यक्रम को यादगार एवं आकर्षक बनाने समाज के युवा जुटे हुए हैं। प्रस्तावित परशुराम भवन से स्मारक स्थल तक बैनर पोस्टर एवं बैलून से मार्ग को सजाया जाएगा। ब्राह्मण समाज के वरिष्ठजनों के मार्गदर्शक एवं आशीर्वाद से युवा टीम के आशुतोष शर्मा, हरिओम शर्मा, संदेश शर्मा, रजत शर्मा, राधेश्याम शर्मा, हरीश शर्मा, संजय शर्मा, निखिल शर्मा गुड्डु, किट्टू शर्मा, लोकेश शर्मा, अभय शर्मा, बीजू शर्मा, शिवम शर्मा काशी, बंटी शर्मा, शिवम शर्मा केसी तथा समाज के अन्य साथी अपने अपने स्तर पर कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। नगर पालिका अध्यक्ष राधा सुनील शर्मा ने सभी विप्रजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## एक नजर

### ग्राम सड्डू में बिहान प्रथम अधिवेशन सह ग्राम सभा आयोजित



तिल्दा-नेवरा, 16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बलौदाबाजार विधानसभा के ग्राम पंचायत सड्डू में आयोजित छ.ग राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान'' प्रथम अधिवेशन सह आमसभा कार्यक्रम में अतिथि राज्यसभा के पूर्व सांसद छाया वर्मा, पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, रायपुर जिला ग्रामीण काँग्रेस उपाध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, शिक्षाविद संदीप पांडेय, जनपद सदस्य रतनचंद निषाद, धर्मेंद्र वर्मा, शत्रुहन यदु, ललिता यदु, सरपंच नरेंद्र यादव युवा कांग्रेस विस उपाध्यक्ष प्रमोद वर्मा, प्रेमनारायण साहू, सहित भारी संख्या में बिहान समूह के पदाधिकारियो एवम सदस्य उपस्थित हुऐ।

### ग्राम पंचायत भूमिया में विवेकानंद सेवा आश्रम का भूमिपूजन



तिल्दा-नेवरा, 16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ग्राम पंचायत भूमिया में विवेकानंद सेवा आश्रम समिति भूमिया के भूमि पूजन का कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी शामिल हुए इस कार्यक्रम में रायपुर ग्रामीण के उपाध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष बलदाऊ साहू अशोक कश्यप, हेमू राम वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, चंडी रामपाल, रवि बांधे एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधि-विधान से पूजा अर्चना कर संपन्न हुआ।



तिल्दा-नेवरा, 16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। समीपस्थ ग्राम हिरमी में गो सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत राम सुंदर दास के बालाजी बड़ा हिरमी आगमन पर साथियों सहित ग्रामीण ने स्वागत जोरदार स्वागत किया



तिल्दा-नेवरा, 16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बलौदाबाजार विधानसभा के ग्राम पंचायत परसवानी में रामबाई वर्मा के आकस्मिक निधन पर भावभीनी श्रद्धांजलि श्रद्धा शुमन अर्पित करने पहुंची राज्यसभा के पूर्व सांसद छाया वर्मा।



तिल्दा-नेवरा, 16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। तिल्दा नेवरा रेस्ट हाउस में छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी के साथ तिल्दा नेवरा के वरिष्ठ कांग्रेसी नेतागणों ने अनौपचारिक मुलाकात एवं आत्मीय चर्चा किया। जिसमे हरि मारकंडे, अजितेश शर्मा, जगतू राम मांडले, सौरभ सिरमोर, अनुप रवानी, संतोष सक्सेना, दुर्गेश साहू,, आदि समर्थकों ने मुलाकात किया।

### जिला पुलिस ने ग्राम गिधपुरी में आयोजित किया आग्रह अभियान

# सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं नियम पालन कर सुरक्षित परिवहन के लिए चलाया अभियान

- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए दी गई आवश्यक समझाइस
- जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 16 मार्च।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं के तकनीकी विश्लेषण से यह ज्ञात हुआ है कि विभिन्न स्थानों पर सड़क परिवहन नियमों का उल्लंघन कर लापरवाही पूर्वक वाहन परिचालन करने के परिणाम स्वरूप सड़क दुर्घटना होने से कई लोगों की जान चली गई है। उक्त दुर्घटनाओं का पुनरावृति ना हो इस हेतु 6 मार्च से जिले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन एवं रविंद्र चौबे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में परिवहन नियमों का पालन हेतु वृहद स्तर पर आग्रह अभियान प्रारंभ किया गया है। उपरोक्त जागरूकता अभियान के तहत प्रत्येक नागरिकों तक सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम करने हेतु, सड़क सुरक्षा को गंभीरता से लेकर नियमों का पालन करने के लिए जिले के प्रत्येक गांव एवं शहर में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जावेगा।

इसी तारतम्य में 15 मार्च को ग्राम गिधपुरी से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में आग्रह अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषकर महिलाओं में अति उत्साह देखा गया उन्होंने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। दीपक कुमार झा द्वारा कार्यक्रम में सुरक्षित एवं सुगम परिवहन के लिए यातायात नियमों का पालन कितना आवश्यक है इस बारे में विस्तार पूर्वक समझाया गया। उन्होंने कहा कि गांव, सड़क, वार्ड कहीं पर भी यदि आपको, कोई यातायात नियमों का उल्लंघन करते दिखे, तो उनसे ऐसा न करने का आग्रह करें। ग्रामों में अधिकतर लोग मालवाहक वाहन में सवारी करते हैं, जो कि बहुत ही खतरनाक है। ऐसे लोगों को आग्रह पूर्वक मालवाहक वाहन में सवारी नहीं करने हेतु मनाही करें। साथ ही मोटरसाइकिल में तीन सवारी नहीं बैठने एवं हेलमेट धारण करने हेतु आग्रह करें।

सचिंद्र चौबे ने कहा कि यातायात दुर्घटनाओं की रोकथाम में आप सभी का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। सड़क मार्ग में किसी प्रकार की सड़क दुर्घटना की स्थिति में तुरंत आकर घायलों की मदद कर, मानवता का परिचय दें। माहौल बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्व को समझाईस देकर कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की मदद करें। साथ ही ऐसी स्थिति में शांति व्यवस्था बनाए रखने में उपस्थित लोगों से सहयोग हेतु आग्रह करें। आग्रह अभियान के तहत पुलिस बल द्वारा जिले के सभी ग्राम, नगर, वार्ड आदि में लोगों के बीच जाकर यातायात नियमों पालन करने हेतु लोगों को जागरुक करने का कार्य लगातार किया जायेगा।

गिधपुरी में आयोजित आग्रह अभियान कार्यक्रम में मुख्य रूप से अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक यातायात, निरीक्षक नरेश कांगे प्रभारी यातायात बलौदाबाजार, निरीक्षक आशीष राजपूत थाना प्रभारी गिधपुरी, ग्राम सरपंच नोहर गोस्वामी, भूपेश दीवान, क्षेत्र के सभी पत्रकार बंधु एवं ग्राम गिधपूरी से बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिलाएं उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### सत्र आरंभ से पूर्व दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में किया हवन



**भाटापारा, 16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** खमरिया, भाटापारा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में 14 मार्च मंगलवार सत्रारंभ से पूर्व माँ सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर भव्य हवन-पूजन किया गया। ज्ञात हो कि दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल की परंपरा रही है कि नया सत् शुरू होने से पूर्व विद्यालय में विधिवत हवन-पूजन का भव्य आयोजन किया जाता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या ऋतु रजनीश का मानना है कि कोई भी नया या शुभ कार्य शुरू करने से पूर्व यदि संबंधित आराध्य की आराधना कर ली जाए तो वह कार्य बड़ी सहजता से पूर्ण या सफल हो जाता है। आपको बता दें कि 2023-24 15 मार्च को शुरू हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या ऋतु रजनीश द्वारा विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों की उपस्थिति में माँ सरस्वती की आरती उतारी गई। तथा पंडित द्वारा विधिवत हवन भी कराया गया, जिसमें सभी लोगों ने आहुति डालकर ज्ञान की देवी वीणा वादिनी, हंसवाहिनी माँ सरस्वती से बुद्धि, विवेक, ज्ञान प्राप्ति की कामना के साथ -साथ नया सत् - 2023-24 निर्बाध व सुचार रुप से चले ऐसी कामना ज्ञानदायिनी से की गई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकगण तथा वरिष्ठ कक्षा के विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

### चाकू से जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपी भेजे गए जेल



**डोंगरगढ़, 16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 12 मार्च को ग्राम केसली से चंडी बराती आया था बराती एवं गांव वालों के मध्य किसी बात को लेकर विवाद हो गया था जिसमें आरोपी सागर सेन भी शामिल था दोनों पक्षों को समझाने में प्रार्थी मुत्तजरर डोमार यदु का योगदान था जिस बात से प्रार्थी पर आरोपी सागर सेन रंजीश बनाए हुए था घटना 13 मार्च को शाम करीब 7 :30 बजे गांव के तालाब के मंदिर पास आरोपी सागर सेन का दोस्त मुकेश वर्मा द्वारा मोबाइल फोन से प्रार्थी को जरूरी बात करने के नाम पर बुलाया और उससे गाली-गलौज करने लगा उसी बीच आरोपी सागर सेन द्वारा चाकू से जानलेवा हमला कर डोमार यदु के पेट में चोट पहुंचाया घायल डोमार यदु को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहाँ पर घायल के रिपोर्ट पर धारा 294 307 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना दौरान आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर मेमोरेंडम के मुताबिक घटना मे प्रयुक्त एक बटन दार स्प्रिंग वाला चाकू आरोपी सागर सेन से जप्त किया गया एवं प्रकरण में धारा 25. 27 आर्म्स एक्ट जोड़ी गई अपराध सबूत पाए जाने से दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर 15 मार्च को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया।

### घुमंतू बच्चों के चिन्हांकन के लिए रेस्क्यू अभियान 31 तक

**बलौदाबाजार, 16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन के निर्देश एवं कलेक्टर रजत बंसल के मार्गदर्शन में जिले में स्ट्रीट चिल्ड्रन, बाल श्रमिक, अपशिष्ट संग्राहक, भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों के रेस्क्यू एवं पुर्नवास हेतु अभियान चलाया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी एल.आर. कच्छप ने अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के तहत ऐसे बच्चे जो बिना किसी सहारे सड़को पर रहते है और रात में निकट के झुग्गी झोपड़ी बस्तियो में रहने वाले अपने परिवारो के पास वापस आ जाते है। ऐसे श्रेणी के बच्चे अपनी उत्तर जीविका भोजन, वस्त्र, आश्रय एवं संरक्षण हेतु प्रतिदिन विभिन्न प्रकार संघर्षो एवं चुनौतियो का सामना करते है। उन बच्चों का चिन्हांकन कर उनका संरक्षण प्रदान करने शिक्षा एवं अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने उनके परिवारो को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाते हुए उनके प्रशिक्षण एवं उनके रोजगार की व्यवस्था हेतु विभिन्न विभाग के समन्वय से कार्य योजना अनुसार 1 मार्च से 31 मार्च 2023 तक अभियान चलाया जा रहा है।

## आवास में नौटंकी छोड़ शौचालय के करोड़ों रुपए हेराफेरी की जांच कराए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व सांसद : कांग्रेस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 16 मार्च।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग के महामंत्री एवं कांग्रेस प्रवक्ता रुपेश दुबे ने प्रधानमंत्री आवास के नाम पर भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली जनहितैषी सरकार पर मिथ्या आरोप लगाते विधानसभा घेराव के प्रदर्शन को भाजपाइयों की नौटंकी करार देते हुए कहा कि यदि भाजपा मैं थोड़ी भी नैतिकता है तो वे स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को मिलने वाली 12 हजार जो भाजपा शासनकाल में नहीं दिए गए थे उसकी केंद्रीय जांच करा कर हितग्राहियों को राशि उपलब्ध कराएं और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करने मांग रूपी मयदस्तावेजी पत्र भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव व राजनांदगांव सांसद को प्रेषित किया है।

महामंत्री प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन योजना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में प्रचार प्रसार किया जाता है लेकिन उनकी इस ड्रीम प्रोजेक्ट को ही भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डा रमन सिंह और वर्तमान में प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता तत्कालीन पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अजय चंद्राकर के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने ही हितग्राहियों के करोड़ों की राशि को गबन कराने का साजिश कर योजना के लाभ से ग्रामीण जनता को वंचित किए है वे आज पी एम आवास के नाम पर फिर से हितग्राहियों के पांव पखारने रूपी दिखावे की नौटंकी कर रहे हैं।

दुबे ने बताया कि 2 अक्टूबर 2014 से स्वच्छ भारत मिशन योजना लागू कर 2 अक्टूबर 2019 तक खुले में शौच मुक्त और प्रत्येक घर में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण योजना प्रारंभ की थी और इस योजना के अंतर्गत एससी, एसटी, लघु एवं सीमांत कृषक, भूमिहीन मजदूर, रूप से सक्षम व्यक्ति एवं महिला मुखिया वाले परिवार को व्यक्तिगत शौचालय हेतु 12 हजार की प्रोत्साहन राशि का प्रावधान कर राशि का भुगतान जब हितग्राही स्वयं शौचालय का निर्माण पूर्ण करते थे उन्हें 50त्न राशि और 3 माह तक उपयोग सुनिश्चित होने पर शेष 50त्न की राशि उनके खाते में सीधा हस्तांतरण करने का नियम बताते बकायदा उन्होंने समाचार पत्रों में फोटोयुक्त बड़े-बड़े विज्ञापन होर्डिंग भी लगाए यहां तक छ ग भाजपा सरकार ने तो ग्राम उदय से भारत उदय अभियान 14 अप्रैल से 24 अप्रैल 2016 एवं लोक सुराज अभियान 25 अप्रैल से 24 मई 2016 तक हेतु पुस्तक प्रकाशन करा कर कवर पेज पृष्ठ पर अपील भी उनके 13/4/2016 हस्ताक्षर युक्त पत्र भी प्रकाशित किया गया है लेकिन सबसे दुर्भाग्य जनक पहलू यह है कि मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के निर्वाचन अविभाजित राजनांदगांव जिला के किसी भी हितग्राहियों को 12 हजार की राशि का भुगतान ना कर करोड़ों रुपए का योजना में हेराफेरी साजिश करते हुए शौचालय निर्माण की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत और सरपंचों को प्रदान कर दिया गया और अधिकतर सरपंचों को शौचालय की राशि में गड़बड़ी के आरोप में न्यायालय के चक्कर काटने पड़े और आज भी वे कलंकित जीवन जीने पर विवश हैं।

### 31 लीटर से महुआ शराब व 300 किलो महुआ के साथ आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार गश्त एवं कार्रवाई की जा रही है। आबकारी विभाग की टीम के द्वारा 14 मार्च को गस्त के दौरान कसडोल क्षेत्र के ग्राम मोहतरा में अवैध मदिरा की सूचना पर देवप्रसाद पिता शंकर उम्र 61 वर्ष ग्राम मोहतरा के मकान की तलाशी लेने पर 10 ली महुआ शराब एवं 200 कि.ग्रा. महुआ लाहन (शराब बनाने का कच्चा माल) जप्त कर आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क, च), 34(2), 59(क) का प्रकरण कायम जेल दाखिल किया गया। इसी तरह ग्राम टेमरी में भोलाराम साय पिता विश्रामसाय उम्र 38 वर्ष के मकान की तलाशी लिये जाने पर 17.92 ली मदिरा जप्त कर आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2), 59(क) का प्रकरण कायम कर जेल दाखिल किया गया। इसी प्रकार ग्राम चांटीपाली में कमल ओगरे पिता विष्णु ओगरे उम्र 37 वर्ष के मकान की तलाशी लिये जाने पर 4 ली महुआ शराब एवं 100 कि.ग्रा. महुआ लाहन (शराब बनाने का कच्चा माल) जप्त कर आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क, च) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। उक्त कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी डॉ समीर मिश्रा, आबकारी उपनिरीक्षक जलेश सिंह, सुकांत पाण्डेय, विपिन पाठक, आबकारी मुख्य आरक्षक सूर्यकांत वर्मा, लेखराम देशमुख, नगर सैनिक विश्वनाथ जयसवाल एवं निकेश्वर वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## रिपा के कामों में आएगी तेजी, सीईओ ने किया गौठानों का निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 16 मार्च।** कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर प्रभारी जिला पंचायत सीईओ हरिशंकर चौहान ने सिमगा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम रोहरा, बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पनगांव, लटुवा एवं भाटापारा के गुडेलिया में बन रहे ग्रामीण औद्योगिक पार्क का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन कार्यो की धीमी गति पर ग्रामीण स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ एवं पंचायतों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही निरीक्षण के दौरान गौठान में हो रहे गतिविधियों एवं गावों में चल रहे फ्लैगशिप योजनाओं के संबंध में भी जानकारी हासिल की। गौरतलब है कि पहले चरण में प्रत्येक विकासखण्ड के 02-02 गौठान ग्रामों को ग्रामीण औद्योगिक पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत प्रत्येक गौठानों के लिए 02-02 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। पहले चरण में विकासखण्ड बलौदाबाजार के गौठान ग्राम लटुवा, पनगांव, भाटापारा में गुडेलिया, कडार सिमगा में रोहरा, केसली, कसडोल में देवरीकला, मटिया, पलारी में हरिनभट्ठा एवं गिर्रा के गौठान में ग्रामीण औद्योगिक पार्क का निर्माण किया जा रहा है। जहां पर अलग अलग चयनित गतिविधियों को बड़े स्वरुप में प्रारंभ किया गया है।

# फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर डोंगरगढ़ के 1000 से अधिक कर्मचारी-अधिकारी रायपुर करेंगे कूच

- छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के बैनर तले कलम बंद मशाल उठा आंदोलन 18 मार्च को रायपुर में, प्रांत स्तरीय धरना प्रदर्शन होगा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़, 16 मार्च।** मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफरे ने बताया कि सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम बजट में भी कर्मचारियों की वाजीब मांगों के लिए कुछ भी नहीं किया अतः सरकार अनुपुरक बजट के माध्यम से कर्मचारियों के साथ न्याय करे। जिन चार मुद्दों को लेकर आंदोलन किया जाना है उनमें से प्रथम मुद्दा पिंगवा कमेटी की रिपोर्ट सौंपी जाए जो कि समस्त विभागों की वेतन विसंगति को दूर करने के लिए बनाई गई थी। द्वितीय मुद्दा सातवें वेतनमान के अनुरूप गृहभाड़ा भत्ता व 5 लंबित डीए तत्काल दिया जाए। तृतीय मुद्दा कांग्रेस ने अपने जन घोषणा पत्र में चार स्तरीय पदोन्नत वेतनमान का वादा किया था, पदोन्नत वेतनमान पर भी सरकार तत्काल निर्णय लें। चौथा मुद्दा सभी विभागों के संविदा कर्मियों को नियमित किया जाए यह भी कांग्रेस के जन घोषणा पत्र में शामिल था।

कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की मांग है कि केंद्र के समान राज्य के कर्मचारी-अधिकारियों को भी महंगाई भत्ता दिया जाए, व गृहभाड़ा भत्ता समेत 14 सूत्रीय मांगों को पूरा किया जाये तथा शासकीय सेवकों को उनके अधिकार देने के मामलों में सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैया के विरोध में धरना प्रदर्शन होगा व हम अपना हक संवैधानिक तरीके से लेकर रहेंगे।

महासचिव योगेश चौरे ने बताया कि राज्य के कर्मचारी केन्द्रीय कर्मचारियों से डीए व गृहभाड़ा भत्ता में लगातार कई प्रतिशत पीछे हो गए है. इस कारण प्रतिमाह के वेतन में 4 हजार से लेकर 10 -12 हजार रुपये की आर्थिक क्षति हो रही है।

इस बैठक में भेलसिंह वर्मा ब्लाक संयोजक, योगेश चौरे महासचिव, डां मुन्ना लाल नंदेश्वर महामंत्री, भीषम ठाकुर कोषाध्यक्ष, अमिताभ दुफरे मीडिया प्रभारी, रामनाथ भैसारे शिक्षक संघ, छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन संघ से चंद्रशेखर विजयवार ब्लाक संयोजक, हीरा लाल मौर्य अध्यक्ष, अमित वैष्णव, लक्ष्मी देवांगन महिला मोर्चा अध्यक्ष, मीनाक्षी हेमने, धनलक्ष्मी महोबिया, धन्नू लाल महोबिया, धनेश्री बारिक, एवं अन्य संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे।


**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट निपनिया (छत्तीसगढ़)**

रा.प्र.क्र. 202303211900002
ब /121 वर्ष 2022-23
ग्राम- धौराभाठा तह.भाटापारा

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को ईश्तहार के द्वारा सुचित किया जाता है कि आवेदक रमेश सिंह ध्रुव पिता खम्हन सिंह ध्रुव जाति गोड़ निवासी ग्राम धौराभाठा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के द्वारा अपने पत्नी श्रीमती गायत्री ध्रुव (मृतक के पति का नाम रमेश सिंह ध्रुव माता का नाम भगवंतीन ध्रुव) की मृत्यु दिनांक 15/06/2004 को (स्थान) ग्राम धौराभाठा का मृत्यु पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु ग्राम पंचायत सचिव धौराभाठा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है, तथा दिनांक 20/03/23 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 20/03/23 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 03/03/23 को न्यायालय के पद मुहर सहित जारी किया गया।

मुहर

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
निपनिया (छत्तीसगढ़)



## छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग

### दक्षिण कोंडागांव वनमंडल के काष्ठागार के नीलाम का संक्षिप्त विवरण

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि दक्षिण कोंडागांव वनमंडल के अंतर्गत कोंडागांव काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ/जलाऊ काष्ठ का घोष विक्रय द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि घोष विक्रय में भाग लेवें। घोष विक्रय की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमंडल से प्राप्त की जा सकती है।

| वन मंडल का नाम | काष्ठागार का नाम | नीलाम दिनांक व समय |
|---|---|---|
| दक्षिण कोंडागांव | कोंडागांव काष्ठागार | 18/03/2023, प्रातः 9:00 बजे से |

| प्रजाति | अविक्रित वनोपज | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | ई काष्ठ (घ.मी.) | बल्ली/डेंगरी (नग में) | | ई.काष्ठ (घ.मी.) | बल्ली/डेंगरी (नग में) | |
| सागौन | 7.552 | 32 | 09 | 7.552 | 32 | 09 |
| साल | 4369.360 | 5563 | 3258 | 4369.360 | 5563 | 3258 |
| बीजा | 124.263 | 44 | 137 | 124.263 | 44 | 137 |
| साजा | 48.030 | 72 | 48 | 48.030 | 72 | 48 |
| हल्दू | 19.961 | 15 | 10 | 19.961 | 15 | 10 |
| अन्य | 214.374 | 241 | 157 | 214.374 | 241 | 157 |
| जलाऊ | Fuel Stack Nilgiri 4 | | | Fuel Stack Nilgiri 4 | | |
| **योगः-** | **4783.540** | **5967** | **3619** | **4783.540** | **5967** | **3619** |
| जलाऊ | Fuel Stack Nilgiri 4 | | | Fuel Stack Nilgiri 4 | | |

**दूरभाष क्रमांक-दक्षिण कोंडागांव वनमंडल (07786-242303)**

(1) प्रत्येक क्रेता को नीलामी में बोली लगाने के पूर्व प्रत्येक लॉट के संबंध में जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता है, उसके 10 प्रतिशत के बराबर राशि या 1,000/- रूपये इसमें जो भी अधिक हो, जमा करना अनिवार्य है।
(2) क्रेता द्वारा नीलाम में बोली लगाने के पूर्व वर्ष 2023 का पंजीयन प्रमाण पत्र, GST प्रमाण पत्र एवं आयकर पेनकार्ड की छायाप्रति ई.एम.डी. कक्ष में जमा करना अनिवार्य है।
(3) विनिर्माता/उपभोक्ता/व्यापारी लायसेंस, GST कर एवं आयकर पेननंबर की छाया प्रति अनिवार्य रूप से जमा करने पर ही वर्क आर्डर जारी किया जावेगा।
(4) नीलाम में क्रय किये गये लॉटों का विक्रय मूल्य सहित विवरण ई.एम.डी. जमा पर्ची के पीछे अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा।
(5) GST की राशि का भुगतान पृथक से **''दक्षिण कोण्डागांव वन मंडल कोण्डागांव''** के नाम से बैंक ड्राफ्ट जो **कोंडागांव** में देय तो, तैयार कर प्रस्तुत करना होगा।

**वनमंडलाधिकारी**
**दक्षिण कोंडागांव वनमंडल**
**कोंडागांव**

जी-99301/6

एक नजर

## राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक 17 को

**रायपुर, 16 मार्च।** राज्य में तंबाकू उत्पादों का सेवन करने वालों विशेषकर गैर धूम्रपान यानी चबाने वाले तंबाकू के उपयोगकर्ताओं की संख्या सर्वाधिक है। इनमें युवा भी शामिल हैं। इस विषय पर गंभीरता दर्शाते हुए राज्य सरकार ने बीते दिनों तंबाकू युक्त उत्पादों पर नियंत्रण के लिए महत्वपूर्ण निर्णय भी लिया है, ताकि छत्तीसगढ़ तंबाकू मुक्त राज्य बन सके। इसी क्रम मे तंबाकू नियंत्रण की दिशा में ठोस कदम उठाने के लिए 17 मार्च शुक्रवार को राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आहुत की गई है। आयोजित होने वाली इस बैठक में एक ओर जहां राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की राज्य में प्रगति की समीक्षा की जाएगी। साथ ही तंबाकू मुक्त राज्य निर्माण की दिशा में रणनीति भी तैयार होगी। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्णाय विभाग के अवर सचिव रोमन कुमार गंगाकचूर ने पत्र जारी कर सभी सदस्यों को उपस्थित होने को कहा है। बताते चलें स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम और सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के संचालन के लिए राज्य स्तरीय समन्वय समिति का गठन हुआ और हर तीन माह में मूल्यांकन एवं पर्यवेक्षण किया जाना तय हुआ।

## उद्योग मंत्री लखमा मावली माता मेला में हुए शामिल

**रायपुर, 16 मार्च।** उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा आज विश्वप्रसिद्ध मावली माता मेला में शामिल हुए। यहां उन्होंने पूरी श्रद्धा के साथ मुसरईया माता और मावली माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। सुकमा जिले के छिंदगढ़ में मावली माता मेला का आयोजन 12 वर्ष में एक बार होता है। इसकी प्रसिद्धी इतनी है कि इस मेले में शामिल होने के लिए दूसरे देश के लोग भी पहुंचते हैं। मंत्री श्री कवासी लखमा मावली माता मेला में नृत्यदल में शामिल होकर ढोल बजाकर पारंपरिक नृत्य किया। इस दौरान उन्होंने छिंदगढ़ में बन रहे नए देवगुड़ी का निरीक्षण भी किया। मावली माता मेला में दूर-दूर से लोग बड़ी संख्या में शामिल होने के लिए पहुंचते हैं। मेले में शामिल होने फ्रांस से पहुंचे दंपत्ति ने बताया कि वे तीरथगढ़ आये थे पर जैसे ही मेले के बारे में हमें पता चला हम यह घुमने आ गये। यहां आने के बाद हमें बहुत ही शांति और सुकून का अहसास हो रहा है।

# उमेश पटेल को विस अध्यक्ष ने दी तैयारी करके आने की नसीहत

## राजीव मितान क्लब के मामले को लेकर विपक्ष का वाकआउट

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

**रायपुर, 16 मार्च।** भाजपा के रजनीश कुमार सिंह ने राजीव मितान क्लबों के गठन और उन पर व्यय की गई राशि को लेकर सरकार को घेरा। उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल प्रश्न का संतोषपूर्वक उत्तर नहीं दे पाएं। विपक्ष ने सदन में नारेबाजी करते हुए सदन से वाकआउट कर दिया।

विधानसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान राजीव मितान क्लबों के गठन तथा इसके पंजीयन एवं नियमानुसार इसकी राशि व्यय के संबंध में कोई नियम नहीं होने से अनियमितता की शिकायत आने और दोषी लोगों पर कार्रवाई नहीं होने का मामला उठाते हुए इस पर जानकारी मांगी गई। उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने बताया कि 13203 क्लबों का गठन किया गया





है। नियमावाली के अनुसार क्लबों का पंजीयन नहीं किया जाता है। खेल, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को सम्पन्न कराने के लिए इस राशि का व्यय किया जाता है। सभी मापदण्ड के आधार पर राशि व्यय की गई है। भाजपा के रजनीश सिंह ने पूरक प्रश्न के माध्यम से जानना चाहा कि जब इसका पंजीयन ही नहीं होता है तो राशि किस आधार पर दी जाती है। भाजपा के धरमलाल कौशिक ने कहा कि राजीव मितान क्लबों का काम सत्तारूढ़ दल के सदस्यों को दिया गया है। सैंया भये कोतवाल तो डर काहे का इसलिए इसमें राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब इसका ऑडिट ही नहीं होगा तब सरकारी राशि के अनियमितता का पता कैसे चलेगा।

विधानसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल इस प्रश्न का संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाए। अध्यक्ष चरणदास महंत ने उन्हें पूरी तैयारी करके आने का निर्देश दिया। अध्यक्ष ने कहा कि मैं आपको निर्देश दे सकता हूं उत्तर देने के लिए बाध्य नहीं कर सकता हूं इसलिए आपकी जिम्मेदारी है कि आप पूरी तैयारी करके आएं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अधीन आने वाले सामान्य प्रशासन, वित्त, ऊर्जा, खनिज, जनसंपर्क, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा विमानन विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा शुरू हो गई है।

श्रद्धांजलि



**रायपुर।** गांधी चौक स्थित महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय परिसर में आज स्वतंत्रता संग्राम सेनानी समाजसेवी शिक्षाविद दिवंगत महंत लक्ष्मीनारायण दास को उनके 36 वें निर्वाण दिवस पर नमन कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विधायक ग्रामीण सत्यनारायण शर्मा राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास ट्रस्टी अजय तिवारी महेंद्र अग्रवाल अनिल तिवारी आरके गुप्ता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ देवाशीष मुखर्जी सहित वरिष्ठ रामअवतार तिवारी व अन्य विशिष्टजन उपस्थित थे।

# पुलिस के स्मोक बम से एक घायल

**रायपुर,16 मार्च।** भाजपा के विरोध प्रदर्शन में भीड़ को तितर-बितर करने पुलिस ने स्मोक बम फेंके। इनमें धुआं था तेज आवाज थी। इनके झटकों से भाजपा कार्यकर्ता घायल हुए हैं। विधानसभा की ओर बड़ी भीड़ बढ़ रही थी। ये भीड़ तीन बैरिकेड तोड़ चुकी थी। इन्हें खदेड़ने पुलिस जवान ने स्मोक बम फेंका। इससे घायल दो भाजपा कार्यकर्ताओं को अस्पताल भेजा गया। दूसरी तरफ आंदोलन के बीच भाजपा नेताओं से झड़प में प्रशासन ने 15 पुलिसकर्मियों के घायल होने का दावा किया है। इस भाजपा नेता की कमर के पास स्मोक बम फटा। अस्पताल में चल रहा इलाज। इस भाजपा नेता की कमर के पास स्मोक बम फटा। अस्पताल में चल रहा इलाज।

भाजपा ने इसे कांग्रेस की बर्बरता करार दिया। प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव घायल कार्यकर्ताओं से मिलने अस्पताल पहुंचे। पुलिस का फेंका बम बेमेतरा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष परमेश्वर वर्मा और केशव साहू नाम के नेताओं पर फटा। इनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। साव ने कहा कि हमारे आंदोलन से डरकर हम पर इस तरह बम से हमले किए गए हैं। मगर बीजेपी कार्यकर्ता ऐसे हमलों से डरने और रुकने वाले नहीं हैं। इन दो कार्यकर्ताओं के अलावा पुलिस से झूमाझटकी और बैरिकेड तोड़ते हुए धारदार टीन की शीट्स की वजह से 5 से अधिक भाजपा कार्यकर्ता घायल हुए।अस्पताल में भर्ती घायल कार्यकर्ता से मिलकर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने उनका हाल जाना। भाजपा का ये विरोध प्रदर्शन पिरदा मैदान में किया गया। यहां से दो किलोमीटर दूर विधानसभा के बेहद करीब भाजपा के लोग पहुंच चुके थे। ओवरब्रिज के पास जमा करीब 5 हजार से अधिक नेताओं और कार्यकर्ताओं की भीड़ संभल नहीं रही थी। इसी जगह पर पुलिस ने कार्यकर्ताओं पर वॉटर कैनन चलाई, और यहीं सड़क पर प्रदर्शनकारियों पर बम फेंके गए। प्रशासन का दावा है कि बीजेपी के प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मी भी घायल हुए उनकी तस्वीर जारी की गई। रायपुर कलेक्टर ने विधानसभा के करीब धारा 144 लागू कर दी थी। पुलिस का कहना है कि लगातार प्रदर्शनकारियों को समझाइश दी जा रही थी। उन्हें रुकने और बैरिकेडिंग में तोड़फोड़ ना करने की सलाह दी जा रही थी। प्रदर्शनकारियों द्वारा पुलिस के साथ धक्का मुक्की हुज्जतबाज़ी भी की गई। एडिशनल एसपी विवेक शुक्ला, राहुल देव शर्मा, सीएसपी कोतवाली योगेश साहू, डीएसपी ट्रैफिक गुरजीत सिंह, थाना प्रभारी आज़ाद चौक नीतेश ठाकुर समेत लगभग 15 से 20 पुलिसकर्मियों को चोटें आईं। पुलिस का दावा है कि प्रदर्शनकारियों ने सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है।

## प्रदर्शनकारियों पर विस्फोटक पदार्थ फेंकना अमानवीय कृत्य : अशोक बजाज



**रायपुर, 16 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी के पीएम आवास को लेकर विधानसभा घेराव कार्यक्रम में प्रदर्शनकारियों पर पुलिस द्वारा कार्यकर्ताओं को लक्षित कर विस्फोटक पदार्थ फेंकने की कार्यवाही की कड़ी निंदा करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक बजाज ने कहा कि पुलिस का यह कृत्य अमानवीय है. उन्होंने कहा कि प्रदेश भर से लाखों की संख्या में पहुंचे प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ शांतिपूर्ण आंदोलन किया लेकिन प्रशासन ने उन्हें उकसाने का काम किया। श्री बजाज ने कहा कि आंदोलन की सफलता इस बात का घोतक है कि प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार की वादाखिलाफी से त्रस्त है तथा वह आगामी चुनाव में बदला लेने के आतुर है।

## विधवा महिलाएं 17 मार्च को करेंगी विधानसभा का घेराव

**रायपुर, 16 मार्च।** पिछले 150 दिनों से लगातार चल रहे दिवंगत पंचायत शिक्षक अनुकंपा संघ का प्रदर्शन जारी है. विधवा महिलाओं ने 17 मार्च को विधानसभा का घेराव भी करने की बात भी कही है. सीएम बघेल के अनुकंपा नियुक्ति वाले बयान पर उनका कहना है कि अनुकंपा नियुक्ति का प्रावधान है. 2016 में रमन शासन काल में शिथिलीकरण किया गया था और लोगों को पंचायत सचिव में नियुक्ति दी गई थी। वीडियो में प्रदेश अध्यक्ष माधुरी मृगे ने कहा कि फ्रविधानसभा में जो बात हुई है अनुकंपा नियुक्ति को लेकर, जिसमें मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति का कोई प्रावधान नहीं है. अब मैं यह बताना चाहूंगी कि अनुकंपा नियुक्ति का प्रावधान है. 2016 में रमन शासन काल में शिथिलीकरण किया गया था और लोगों को पंचायत सचिव में नियुक्ति दी गई थी. 2013, 2015 इन वर्षों में भी नियुक्ति की गई है. इस बात का मेरे पास पूरा सबूत है।

# शारीरिक कमी तरक्की में बाधक नहीं : तिवारी



**रायपुर, 16 मार्च।** अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में बुधवार को स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम में एमआईसी मेंबर आकाश तिवारी ने कहा कि बच्चों की मनोवृति को समझने की जरुरत है, दिव्यांग बच्चे सामान्य बच्चों से विशिष्ट स्थान रखते हैं क्योंकि ईश्वर जरूर उनमें शारीरिक कमियां किन्ही कारणों से देता तो जरूर है लेकिन हौसला उससे दुगना देकर इन बच्चों को विशिष्ट बनाता है और ऐसे बच्चे निश्चित रूप से अपने ईमानदारी एवं कर्तव्य से समाज के लिए उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।

पुरातत्वीय प्लास्टर कास्ट प्रतिकृति 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के तीसरे दिन दिव्यांग बच्चों का हौसलाआफजाई के लिए पहुंचे आकाश तिवारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के अलावा कुछ सामाजिक संस्थाएं दिव्यांग बच्चों के लिए आगे आकर श्रवण कुमार की भांति सेवा कार्य में जुटे हैं। इसी का परिणाम है कि आज इन बच्चों का भविष्य सामान्य बच्चों से ज्यादा उज्जवल नजर आता है।

कार्यक्रम में नगर निगम के अध्यक्ष प्रमोद दुबे ने बताया कि आकाश तिवारी का परिवार इन बच्चों के प्रति शुरू से संवेदनशील रहा है तथा समय-समय पर पूरा परिवार इन बच्चों की मुक्त हस्त से मदद करती आई है इसी का परिणाम है कि आज इन बच्चों को शिक्षा दीक्षा देने में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहती। संस्था के डायरेक्टर डॉ राकेश पांडे ने बताया कि जो बच्चे 4 वर्ष से कम आयु के होते हैं उनके माता-पिता अगर बच्चे सुन ना पाए तो तत्काल उनसे संपर्क कर सकते हैं ताकि उन्हें प्रॉपर गाइडेंस प्राप्त हो। जिससे उनके इलाज समय सीमा में किए जा सके ,तब उन्हें आगे सुनने एवं बोलने में दिक्कतें नहीं आती। कार्यक्रम में जोन आयुक्त विनोद पांडेय, शाला के प्राचार्य कमलेश शुक्ला, सीमा छाबड़ा, मोनिका गुप्ता एवं अन्य विशिष्ट जन उपस्थित थे।

## मंत्री ताम्रध्वज साहू के विभागों की अनुदान मांगें पारित

**रायपुर, 16 मार्च।** लोक निर्माण, गृह, जेल, धार्मिक न्यास, धर्मस्व और पर्यटन मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू के विभागों के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए सदन में प्रस्तुत लगभग 12,915 करोड़ रूपए की अनुदान मांगे सर्वसम्मति से पारित कर दी गई है। अनुदान मांगों पर विधानसभा के 15 सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया। पारित अनुदान मांगों में लोक निर्माण कार्य विभाग अंतर्गत सड़के और पुल के लिए 3,584 करोड़ 9 लाख 4 हजार रूपए, भवन हेतु 1,549 करोड़ 93 लाख 50 हजार रूपए, विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाओं के लिए 836 करोड़ 75 लाख 88 हजार रूपए, पुलिस विभाग के लिए 6401 करोड़ 68 लाख 84 हजार रूपए, गृह विभाग से संबंधित अन्य व्यय के लिए 116 करोड़ 42 लाख 56 हजार रूपए, जेल विभाग के लिए 220 करोड़ 80 लाख 36 हजार रूपए, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के लिए 45 करोड़ 08 लाख रूपए और पर्यटन विभाग के लिए 159 करोड़ 40 लाख 50 हजार रूपए शामिल है।

## कैबिनेट मंत्री के ओएसडी के साथ ऑनलाइन ठगी

**रायपुर, 16 मार्च।** राजधानी में ऑनलाइन फ्रॉड की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। अब इस ऑनलाइन धोखेबाजी के शिकार छत्तीसगढ़ के खाद्य मंत्री अमरजीत भगत के हस्ष्ठ अतुल शेटे हो गए। उन्होंने तेलीबांधा थाने में मामला दर्ज कराया है। अतुल शेटे ने पुलिस से शिकायत में कहा है कि उनके पास आरोपी ने ब्लू डॉट कस्टमर सर्विस के नाम से फोन किया। सामान डिलीवरी को लेकर उसने 2 रुपये सर्विस चार्ज लगने की बात कही। फिर मोबाइल पर लिंक भेजा, जैसे ही पीड़ित ने लिंक क्लिक किया, वैसे ही उसके खाते से 4 किस्तों में 99,995 रुपये कट गए। अतुल शेटे ने पुलिस को दी गई जानकारी में बताया कि उन्होंने ब्लू डार्ट कस्टमर सर्विस से कुछ सामान ऑर्डर किया था, जिसकी डिलीवरी 13 मार्च को होनी थी, लेकिन घर पर किसी के नहीं होने के कारण पार्सल वापस चला गया। जिसके बाद उन्होंने गूगल में सर्च कर ब्लू डॉट कंपनी के कस्टमर सर्विस का नंबर निकाल लिया। सामने वाले व्यक्ति ने ब्लू डॉट कस्टमर सर्विस की डिलीवरी आईडी पूछी। डिलीवरी आईडी बताने के बाद उसने कहा कि सामान कल शाम 4 बजे तक पहुंच जाएगा। फिर ठग ने 2 रुपये पेमेंट जमा करने के लिए कहा और लिंक भेजा। लिंक को ओपन करके 2 रुपये यूपीआई के माध्यम से ट्रांसफर किया, जिसके बाद खाते से पैसे कट गए। पीड़ित के कोतरा रोड रायगढ़ स्थित भारतीय स्टेट बैंक के खाते से 4 किस्तों में रुपए कट गये। जिसमें पहला ट्रांजैक्शन 39,999 और दूसरा 19,999 रुपए का हुआ। इसके बाद और 2 बार पैसे अकाउंट से कट गए। इस तरह से कुल 99,995 रुपये अकाउंट से पार कर लिए गए।







कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23